आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
* विश्व जल दिवस"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 65 | उज्जैन, रविवार 22 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

सीएम यादव ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक, एतिहासिक और सामाजिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्य भाई-भाई

## सीएम यादव ने निवेश नीतियां और औद्योगिक संभावनाएं प्रस्तुत की

एजेंसी ▸▸ जयपुर

जयपुर में मध्यप्रदेश के निवेश रोड शो में सीएम मोहन यादव ने निवेश नीतियां और औद्योगिक संभावनाएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने राजस्थान-मध्यप्रदेश के संबंधों पर जोर दिया और कृषि, लॉजिस्टिक्स व उद्योग क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को रेखांकित किया।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से एक बड़ा इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट रोड शो आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आरटीसी राजपूताना में हुआ, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के सामने राज्य की निवेश नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक



संभावनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में मोहन यादव ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के गहरे सांस्कृतिक, एतिहासिक और सामाजिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्य भाई-भाई हैं। उन्होंने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना को दोनों राज्यों के साझा विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बताया, जिससे जल प्रबंधन, कृषि और उद्योग क्षेत्रों को लाभ मिलने की बात कही।

### निवेश को विकास का माध्यम बताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश केवल पूंजी का प्रवाह नहीं है, बल्कि यह रोजगार सृजन, कौशल विकास, तकनीकी साझेदारी और क्षेत्रीय विकास का माध्यम भी है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश अब स्पष्ट नीतियों, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत प्रशासन के कारण एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

### कृषि वर्ष और औद्योगिक संभावनाएं

मोहन यादव ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य खेती को उद्योग से जोड़ना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन और एग्री-लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया।

### उद्योगपतियों के साथ किया संवाद

इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी आयोजित की गईं, जिनमें निवेशकों ने नई औद्योगिक नीति, प्रोत्साहन पैकेज, भूमि उपलब्धता, लॉजिस्टिक नेटवर्क और क्लस्टर आधारित विकास मॉडल से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कई उद्योग समूहों ने संभावित परियोजनाओं पर सरकार के साथ प्रारंभिक स्तर पर चर्चा भी की।

**सीएम भजनलाल की कार्यशैली की सराहना की**

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भजनलाल शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि दोनों राज्य मिलकर विकास के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार के साथ-साथ संस्कृति और वन संपदा के आदान-प्रदान से दीर्घकालिक लाभ संभव है।

# देश विदेश

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो देशों को कायर बताया


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध में साथ न देने पर नाटो सहयोगी देशों पर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा है कि नाटो देश कायर हैं और अमेरिका के बिना यह गठबंधन सिर्फ कागजी शेर है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, वे न्यूक्लियर ताकत वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। अब जब यह लड़ाई सैन्य रूप से जीत ली गई है, तो वे तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत कर रहे हैं। ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे खुला रखने के लिए सैन्य मदद देना आसान है, लेकिन सहयोगी देश इसमें भी पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत आसान सैन्य कदम है, जिसमें बहुत कम जोखिम है, लेकिन वे मदद नहीं करना चाहते, कायर हैं और हम इसे याद रखेंगे।

## मथुरा में साधु की मौत पर हंगामा पथराव, पुलिस की गाड़ियां तोड़ीं

**मथुरा।** मथुरा में साधु चंद्रशेखर सिंह (45) की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। वह फरसा वाले बाबा के नाम से मशहूर थे। घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए लोगों ने बाबा का शव रखकर हाईवे जाम कर दिया। बाबा के एक साथी ने दावा किया- शनिवार तड़के बाबा 2 साथियों के साथ ट्रक का पीछा कर रहे थे। ट्रक में गोवंश होने की सूचना थी। ट्रक को ओवरटेक कर बाबा ने सामने बाइक खड़ी कर दी। तभी अचानक ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी और बाबा को कुचलते हुए भाग गया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि शक के आधार पर बाबा एक ट्रक को रोककर चेकिंग कर रहे थे। सुबह कोहरा होने की वजह से पीछे से आ रहे ट्रक ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। बाबा इसकी चपेट में आ गए।

एसएस राजामौली ने

## फिल्म 'धुरंधर 2' की सराहना की




**रणवीर की एक्टिंग को मास्टरक्लास बताया, आदित्य धर की कहानी व साहस की प्रशंसा की**

**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित स्पाय थ्रिलर धुरंधर 2 को रिलीज हुए कुछ ही दिनों में फिल्म उद्योग के शीर्ष हस्तियों से शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अब तक की सबसे बड़ी प्रतिक्रियाओं में से एक आई है दक्षिण के सुपरहिट डायरेक्टर एस.एस. राजामौली से। राजामौली ने ट्वीट कर कहा, मैंने धुरंधर-1 को पसंद किया था, लेकिन द रिवेंज ने उसे बड़ी बुलंदियों पर पहुंचाया है। लिखावट, कास्टिंग, तकनीकी काम, म्यूजिक और निर्देशन बेहतरीन है। चार घंटे का फिल्म बनाना और भी खतरनाक फैसले लेते हुए, यह फिल्म दर्शकों को आखिरी फ्रेम तक बांधे रखती है। उन्होंने निर्देशक आदित्य धर की कहानी और साहस की भी तारीफ की। राजामौली ने खासकर रणवीर सिंह की एक्टिंग को हाईलाइट किया और कहा कि शेड में बहन के साथ वाला सीक्वेंस एक मास्टरक्लास था। उन्होंने यह भी कहा कि रणवीर ने फिल्म में भावनात्मक गहराई को बखूबी पेश किया है। इसके अलावा राजामौली ने आर माधवन के अभिनय को भी सराहा, कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय भावना और भावनात्मक तनाव को बहुत प्रभावशाली तरीके से दशार्या है। बताते चलें कि विजय देवरकोंडा, महेश बाबू, अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर ने भी धुरंधर 2 की खूब तारीफ की है। धुरंधर 2 19 मार्च को रिलीज हुई है। फिल्म ने पेड प्रीव्यू और दूसरे दिन तक की कमाई मिलाकर 200 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

## 60 साल में पहली बार अल-अक्सा मस्जिद ईद में बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** दुनियाभर में आज ईद मनाई जा रही है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच पिछले 22 दिनों से जंग चल रही है। ऐसे में 60 साल में पहली बार इजराइल के यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को ईद की नमाज के लिए बंद कर दिया गया है। 1967 के अरब-इजराइल युद्ध के बाद पहली बार है, जब अल-अक्सा को पूरी तरह बंद किया गया है। यह मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना के बाद तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। ईरान में शुक्रवार को ईद मनाई गई। इस मौके पर बाजार वीरान नजर आए। वहीं कतर, यूएई और कुवैत जैसे खाड़ी देशों में ईद मनाई। जंग की वजह से इन देशों में खुले मैदानों में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई थी।

## ईरान से मोहब्बत तो वहीं चले जाओ : आसीर मुनीर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने गुरुवार को शिया धर्मगुरुओं से कहा कि जो लोग ईरान से इतना प्यार करते हैं, वे वहां चले जाएं। उनके इस बयान को शिया समुदाय के नेताओं ने अपमानजनक और भड़काऊ बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर ने रावलपिंडी में शिया समुदाय की एक इफ्तार पार्टी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे किसी को भी, किसी दूसरे देश के लिए अपनी वफादारी की वजह से, पाकिस्तान में अफरा-तफरी फैलाने की इजाजत नहीं देंगे। इससे पहले उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि किसी दूसरे देश की घटनाओं के आधार पर पाकिस्तान में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बयान के बाद शिया समुदाय का कहना है कि यह उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाने जैसा है।

आम आदमी पार्टी का आरोप प्रदेश में पेंशनरों का हो रहा आर्थिक शोषण

## महंगाई राहत पेंशनरों को महीनों विलंब से मिल रही

**मप्र पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) की गलत व्याख्या, पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/नीमच

प्रदेश में हाल ही में महंगाई राहत की घोषणा की गई है। इसमें पेंशनरों को भी 58 प्रतिशत महंगाई राहत की घोषणा तो कर दी गई है लेकिन आज दिनांक तक सरकार द्वारा आदेश जारी नहीं किए गए। हर बार की तरह इस बार भी म.प्र. पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) की आड़ में आपसी सहमति का सहारा लेकर प्रदेश के पेंशनरों की मंहगाई राहत देने में हानि पहुंचाई जा रही है। इस पर आम आदमी पार्टी ने खुलासा किया है और सरकार को पत्र प्रेषित किया है।

आम आदमी पार्टी के पेंशनर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बालचंद वर्मा ने सरकार को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि आपकी सरकार द्वारा बार बार म.प्र. पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) की आड़ में आपसी



सहमति का सहारा लेकर प्रदेश के पेंशनरों की महंगाई राहत के आदेश केन्द्रीय तिथि से कभी आठ माह तो कभी छः माह विलम्ब से जारी किए जाते हैं। जिसके कारण आपकी सरकार प्रदेश के पेंशनरों का आर्थिक शोषण करती आ रही है तथा वर्तमान में भी आपके द्वारा छः माह विलम्ब से 58 प्रतिशत महंगाई राहत की घोषणा तो कर दी गई, किन्तु आज दिनांक तक आपकी सरकार द्वारा आदेश जारी नहीं किए गए, जो खेद का विषय है।

### पुर्नगठन आयोग में कहीं नहीं सहमति का उल्लेख

वर्मा ने पत्र में कहा कि मेरे द्वारा म.प्र. पुर्नगठन आयोग 2000 की धारा 49 की छठी अनुसूची का अध्ययन किया, जिसमें आपसी सहमति का कहीं भी उल्लेख नहीं है। क्या धारा 49 (6) में यह भी उल्लेख किया गया है कि केन्द्रीय तिथि से आठ या छः माह बाद प्रदेश के पेंशनरों को मंहगाई राहत स्वीकृति आदेश जारी किए जावें। आपकी सरकार के नौकरशाहों द्वारा म.प्र. पुर्नगठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) की गलत व्याख्या कर पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही है। एक बार सभी पंजीकृत पेंशनर संघों के प्रमुखों के साथ म.प्र. पुर्नगठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) पर परिसंवाद कर अंतिम निर्णय लेने का कष्ट करें। ताकि प्रदेशों के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों का आर्थिक शोषण बन्द हो सके। प्रदेश के पेंशनरों ने अपने जीवन का अमूल्य समय प्रदेश के सुनहरे भविष्य निर्माण के लिए दिया था। प्रदेश की मिट्टी में प्रदेश के पेंशनरों का खून पसीना भी मिला हुआ है। आज प्रदेश के पेंशनर जीवन के अंतिम पड़ाव पर कुछ बीमारियों से जुझ रहे तथा कुछ आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हैं। वर्मा ने कहा कि आपकी सरकार के नौकरशाह प्रदेश के पेंशनरों द्वारा प्रेषित पत्रों की भी अनदेखी करते आ रहे हैं।

### एक सप्ताह में आदेश जारी करने की मांग

वर्मा ने पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर मंहगाई राहत के आदेश केंद्र से जारी करवाने का कष्ट करें। वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने के साथ ही विवश होकर सरकार के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में प्रकरण दायर करना पड़ेगा। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के जोन मीडिया प्रभारी प्रकाश दोसावत द्वारा दी गई।

## ईद पर शाजापुर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया

**डीजे का विरोध करने वाले नए शहर काजी के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के कसेरा बाजार में शनिवार सुबह करीब 11 बजे नवनियुक्त शहर काजी के सम्मान समारोह के दौरान समाज के एक गुट ने विरोध किया। बड़ी संख्या में लोग शहर काजी के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। इस दौरान कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर



स्थिति को नियंत्रण में लिया।

पुलिस ने भीड़ को वहां से हटाया और समाज के वरिष्ठ लोगों ने भी समझाइश देकर मामले को शांत कराया। यह विरोध नवनियुक्त शहर काजी रहमतुल्लाह के सम्मान समारोह के दौरान हुआ था। शहर काजी मोहसिन उल्ला ने ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद नायब काजी रहमतुल्लाह को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर शहर काजी नियुक्त किया था।

## ईरान के नतांज न्यूक्लियर प्लांट पर हमला



एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 22वां दिन है। ईरान के तसनीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आज सुबह अमेरिका और इजराइल ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर सेंटर पर हवाई हमला किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले में अभी तक किसी भी तरह का रेडियोएक्टिव (खतरनाक परमाणु) रिसाव नहीं हुआ है। इस इलाके के आसपास रहने वाले लोगों को कोई खतरा नहीं है। इजराइल और अमेरिका ने इससे पहले 2 मार्च को भी इस प्लांट पर हमला किया था। यह ईरान का सबसे बड़ा न्यूक्लियर सेंटर है, यहां यूरेनियम इनरिचमेंट किया जाता है। इसकी एक खास बात यह है कि इसका बड़ा हिस्सा जमीन के नीचे बना हुआ है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि किसी हमले से इसे बचाया जा सके।

## रियल एस्टेट कारोबारी को लॉरेंस गैंग की धमकी

**वॉइस नोट भेजकर 15 करोड़ मांगे कहा-पैसा नहीं दिया तो मार डालेंगे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के साउथ तुकोगंज इलाके में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी मिली है। संजय ने मामले में क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर तुकोगंज पुलिस को जांच सौंप दी गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, गुरुवार को संजय को धमकी भरा कॉल आया, जिसे उन्होंने तुरंत डिस्कनेक्ट कर दिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर वॉइस मैसेज आया, जिसमें मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का साथी और हेरी बॉक्सर बताया और 15 करोड़ रुपए की मांग की। वॉइस मैसेज में कहा गया कि रकम नहीं देने पर हत्या कर दी जाएगी। टीआई जितेंद्र यादव ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर संबंधित नंबर की जानकारी निकाली जा रही है। संजय ने पुलिस बताया कि 16 मार्च की सुबह करीब साढ़े आठ बजे मुझे एक इंटरनेशनल नंबर से वॉइस कॉल आया। कॉल करने वाले ने पूछा-क्या तू संजय जैन बोल रहा है, तू बिल्डर है ना? मैंने इससे इनकार किया तो उसने कहा-झूठ मत बोल, मुझे सब पता है। उसने अपना नाम हेरी बॉक्सर बताया और कहा कि वह लॉरेंस गैंग का मेंबर है, इंटरनेट पर उसकी जानकारी देख सकता हूं। इसके बाद मैंने फोन काट दिया और उस नंबर को ब्लॉक कर दिया।

केंद्र सरकार की सट्टा खिलाने वालों पर सबसे बड़ी स्ट्राइक

## 8400 वेबसाइट्स और ऐप्स बंद किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ऑनलाइन जुएबाजी और सट्टेबाजी के काले कारोबार पर अब तक का सबसे बड़ा प्रहार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सख्ती दिखाते हुए 300 और ऐसी अवैध जुआ व सट्टेबाजी वेबसाइट्स को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया है जो आम लोगों को रातों-रात अमीर बनने का लालच दे रही थीं। इस ताजा कार्रवाई के बाद सरकार द्वारा अब तक बैन की गई ऐसी अवैध वेबसाइट्स और मोबाइल ऐप्स का कुल आंकड़ा 8400 तक पहुंच गया है। सरकार की इस बड़ी कार्रवाई से ऑनलाइन सट्टेबाजी का गोरखधंधा चलाने वालों में भारी हड़कंप मच गया है।

### इन प्लेटफॉर्म्स का हुआ सफाया

गौरतलब है कि सरकार ने 22 अगस्त 2025 को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट पास किया था, जिसे 1 अक्टूबर 2025 से पूरे देश में सख्ती से लागू कर दिया गया। इस नए कानून के लागू होने के बाद से ही इस तरह की डिजिटल स्ट्राइक तेज कर दी गई है। कुल बैन हुए 8400 प्लेटफॉर्म्स में से 4900 वेबसाइट्स और ऐप्स को तो सिर्फ इस एक्ट के पास होने के बाद ही ब्लॉक किया गया है। इससे पहले जनवरी महीने में भी 242 वेबसाइट्स पर ताला जड़ा गया था। सरकार ने उन सभी ई-स्पोर्ट्स और प्लेटफार्म्स का सफाया किया है जो ऑनलाइन सट्टेबाजी वाले गेम्स, कैसीनो स्लॉट, रूलेट, लाइव डीलर टेबल, सट्टा या मटका नेटवर्क, रियल-मनी कार्ड गेम्स और पी-2-पी सट्टेबाजी एक्सचेंज की तरह काम कर रहे थे।






## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### तकरीबन फ्री में मिलने वाली खाद्य गैस को लेकर उपयोगकर्ता नहीं के बराबर

# दस वर्षों में लगे 700 में से 346 गोबर गैस प्लांट बंद

### जनजागरूकता के अभाव में पिछले 10 वर्षों में जिले में मात्र 700 प्लांट ही लग सके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। एलपीजी गैस की किल्लत के दौर में तकरीबन फ्री मिलने वाली खाद्य गैस को लेकर जिले में उपयोगकर्ता नहीं के बराबर हैं। यहां तक की जिले की बडी गौशालाओं के आसपास भी इस प्रकार के संयंत्र नहीं हैं। खास तो यह सामने आ रहा है कि पिछले 10 वर्षों में जिले में गौबर गैस के 700 संयंत्र लगाए गए और सबसिडी दी गई लेकिन रख रखाव एवं उपयोग नहीं होने से उसमें से 346 संयंत्र बंद हो गए। इसकी पुष्टि के लिए एमपी स्टेट एग्रो के क्षेत्रीय प्रबंध पवन परमार के मोबाईल पर संपर्क का प्रयास नोरिप्लाय के कारण सार्थक नहीं हो सका।

देसी को प्राथमिकता पर लेने वाली सरकार के लिए यह बेक फूट पर आने जैसा मामला है जहां भरपूर गोबर होता है उसके बावजूद उसके उपयोग से खाद्य गैस को लेकर उपयोगकर्ता ही खडे नहीं हो पा रहे हैं। जिले में भी इसकी स्थिति दयनीय ही सामने आ रही है। भरपूर गोबर मिलने वाले क्षेत्र में ही गोबर गैस को लेकर जागरूकता की स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं के बराबर ही सामने आ रही है।



#### रोज गोबर डालने के झंझट ही परेशानी

इधर अधिकृत सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर संयंत्र रोज गोबर घोल बनाकर डालने के झंझट के चलते ही बंद हो जाते हैं। प्लांट से गैस प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन इसमें गोबर में पानी मिलाकर तरल रूप में डालना होता है। अतिरिक्त कोई नया कार्य इसके संचालन के लिए करने की जरूरत नहीं पड़ती है। उपयोगकर्ता धीरे-धीरे गोबर मिलाना बंद कर देते हैं, जिससे प्लांट भी बंद हो जाता है।

गोबर गैस संयंत्र यूं तो वर्षों उपयोगी होते हैं। मात्र रखरखाव के अभाव में ही ये बंद होते हैं। इसे बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। यूं तो ये शत प्रतिशत लाभदायक ही है। स्थापना के बाद इस पर किसी प्रकार कोई खर्च नहीं करना पड़ता है।

#### संयंत्र लगाने पर सबसिडी

गोबर गैस संयंत्र लगाने पर सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाता है। जिले के शंकरपुर, खजूरिया, घट्टिया, सेमलिया नसर, नलवा सहित कई गांव ऐसे हैं, जहां लोगों ने गोबर गैस का प्लांट स्थापित किया।

#### दस सालों में 700 प्लांट आधे से अधिक बंद

अधिकारिक स्तर पर सामने आ रही जानकारी के अनुसार जिले में वर्ष 2016 से 2026 तक 700 गोबर गैस प्लांट लगाए गए। इसमें 354 वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। जिले के 350 से अधिक परिवार गोबर गैस का उपयोग कर तकरीबन फ्री में ही खाद्य गैस का उपयोग कर रहे हैं। 346 गैस संयंत्र रखरखाव के अभाव में बंद हो गए हैं।

#### आम के आम गुटली के दाम वाला काम

अधिकृत सूत्रों के अनुसार गोबरप्लांट लगाने के बाद इस पर किसी भी प्रकार का संधारण खर्च नहीं आता है। इसमें प्रतिदिन पानी में गोबर मिलाकर प्लांट में डालना पड़ता है। अंदर गैस बनती है, जिससे घरों तक पाइप के माध्यम से खाद्य गैस जलती है। प्लांट की दूसरी और खाद निकल जाती है, जो खेतों के लिए उपयोगी होती है। यानी गोबर गैस प्लांट लगाने से उपयोगकर्ता को लाभ ही लाभ है।

#### घनमीटर के अनुसार लगता है गोवर

राष्ट्रीय बायो एनर्जी कार्यक्रम के तहत नवीन एवं नक्करणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार व एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कारपोरेशन लि. द्वारा गोबर गैस प्लांट लगाया जाता है। इसमें सरकार द्वारा घन मीटर क्षमता के अनुसार अनुदान 1, 2, 4, 6 घनमीटर के अनुसार सामान्य वर्ग और अजा, अजजा वर्ग को अलग-अलग दिया जाता है। 1 घनमीटर में 25 किलो, 2 घ.मी. में 50 कि., 3 घ.मी. में 75 किलो, 4 घ.मी. में 100 कि. व 6 घ.मी. में 150 किलो गोबर की आवश्यकता होती है। इससे 3-4 से लेकर 15-20 लोगों तक के लिए भोजन तैयार हो जाता है। इसमें सामान्य को 9800 से लेकर 22750 रु. व अजा-अजजा को 17 हजार से 29हजार 250 रुपये तक अनुदान दिया जाता है।

## बहुत ही शर्मनाक...आपसे ऐसी उम्मीद न थी...




अक्सर आधुनिकता में रचे बसे कतिपय कांवेंट पद्धति के ज्ञानदान केंद्रों में बच्चों के साथ मारपीट के विडियो सामने आते रहे हैं। उनमें बेरहमी से मारपीट एवं पाश्विकता की हदें पार करते शिक्षकों को बताया जाता रहा है। समाज में इससे भारतीय शिक्षा पद्धति एवं उसके शिक्षकों को लेकर अच्छे विचार बने हुए रहे लेकिन शनिवार को वायरल विडियो देखने के बाद ये विचार भाप की तरह से उडने की स्थिति बन गई है। कभी प्रदेश के मुखिया रहे दाऊ साहब की मंशा थी की सनातन ज्ञान को बढावा दिया जाए। इसके लिए उन्होंने जिस संस्थान की स्थापना का काम किया था आज वे भी इसकी यह हालत देखते तो शायद शर्मिंदा हो उठते। जो भी इस विडियो को देख रहा है उसके मुंह से बरबस यही निकल रहा है कि बहुत ही शर्मनाक‌आपसे ऐसी उम्मीद न थी‌। मात्र कपडों से सनातनी होने का ढोंग न करें। इसे मन में साकार करें। भेड की खाल में भेडिया न बने। लहसून प्याज खाने से परहेज करें और इंसानी जीव के साथ बेरहमी से ऐसी मारपीट जो कि संभवतः मारने वाले के साथ की जाए तो उसे भी वह सार्वजनिक स्थल नजरों के सामने घूम सकता है जहां से अमोनिया गैस की बदबू से कुछ देर में ही जी मचला जाता है। संभवतः गरीब बच्चा तो 10 बेंत तिलमिलाते हुए सह गया । सबसे शर्मनाक तो यह रहा कि महाभारत का पाठ पढाने वाले अन्य शिक्षक वहां धृतराष्ट्र की भांति बैठे रहे और पूरे मामले को 6 दिनों तक पापियों ने छुपाया।

खुसूर-फुसूर है कि विडियो बनाकर वायरल करने वाले की मंशा भी इसमें पवित्र नहीं कही जा सकती है। अगर उसकी भावना पवित्र होती तो वह उसे दुसरे ही दिन वायरल करते हुए अपने उद्देश्य को स्पष्ट कर देता। निश्चित तौर पर विडियो बनाने वाले एवं घटनाक्रम को अंजाम देने वाले के साथ वहां मौजूद देखने वाले सभी दोषियों में शामिल हैं। आधुनिक काल की छाया सनातन के शिक्षादान स्थल पर छा गई है। भगवान की शिक्षा स्थली और महिर्षि की नगरी में उनके नाम पर ऐसा काम बहुत ही शर्मनाक‌आपसे ऐसी उम्मीद न थी‌ इसीलिए संभवतः विदेशों में आपको जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है संभवतः वह सही हैं ‌ इस कृत्य को करने के पहले दो बार विचार किया जाना था। पूर्व में भी कई मामले यहां से बाहर आए लेकिन उसमें कहीं न कहीं स्वार्थ रहा। भ्रष्टाचार, राजनिती सहित अन्यानेक बातें सामने रही लेकिन इस मामले ने हृदय के अंतरतम को कचोटा है।

# कचरे का कमाल.. फेंकी पॉलीथिन से तैयार चेंजिंग रूम और डस्टबिन, रामघाट पर कचरे से खड़ी हुई सुविधा

### 3आर तकनीक का इस्तेमाल—पॉलीथिन कतरन से तैयार 'प्लाईवुड शीट'







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता और नवाचार को जोड़ते हुए उज्जैन नगर निगम ने 3आर (Reduce, Reuse, Recycle)मॉडल के तहत एक अनोखी पहल की है। रामघाट पर सॉलिड प्लास्टिक वेस्ट मटेरियल से निर्मित चेंजिंग रूम और लिटरबिन स्थापित किए गए हैं, जो न केवल सुविधा बढ़ाते हैं बल्कि कचरा प्रबंधन का प्रभावी उदाहरण भी पेश करते हैं।

#### सुविधा के साथ सिस्टम सुधार

नगर निगम द्वारा स्थापित इन चेंजिंग रूम का उद्देश्य रामघाट पर आने वाले श्रद्धालुओं—विशेषकर महिलाओं—को सुरक्षित और स्वच्छ सुविधा देना है। इसके साथ ही गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए अलग-अलग लिटरबिन भी लगाए गए हैं, जिससे स्रोत स्तर पर कचरा प्रबंधन को बढ़ावा मिल सके।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के मानकों के अनुरूप सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में कदम है। तीसरा, धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के नवाचार से नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने की संभावना है।

#### कैसे बन रही है कचरे से सुविधा

इस परियोजना की खास बात इसकी तकनीकी प्रक्रिया है। अनुपयोगी और प्रतिबंधित पॉलीथिन की कतरनों को पहले क्रश किया जाता है, फिर उसमें विशेष रसायन मिलाकर उच्च दबाव में दबाया जाता है। इससे प्लाईवुड जैसी मजबूत शीट तैयार होती है। इन शीट्स को फ्रेमिंग और कटिंग के बाद चेंजिंग रूम के रूप में ढाला गया है। यह मटेरियल पानी और मौसम के प्रभाव को सहन करने में भी सक्षम माना जा रहा है, जो घाट जैसे स्थानों के लिए उपयुक्त है।

#### आगे की योजना..

नगर निगम के अनुसार, इस मॉडल को केवल रामघाट तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे शहर के अन्य सार्वजनिक, व्यावसायिक और धार्मिक स्थलों पर भी लागू करने की योजना है।

इस तरह, कचरे को संसाधन में बदलने की यह पहल उज्जैन को स्वच्छता और नवाचार दोनों में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

## यूपी के डिप्टी सीएम पाठक ने किए सपत्निक किए महाकाल दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक परिवार के साथ शनिवार को ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन करने महाकाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर पूजन अभिषेक कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पाठक पत्नी नम्रता पाठक के साथ महाकाल मंदिर में भगवान महाकाल का जाप किया। दोनों ने करीब 15 मिनट तक नंदी हाल में पूजन कर नंदी जी का पूजन कर चांदी द्वार से भगवान महाकाल को जल अर्पित किया।

**प्रदेश वासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की:** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने परिसर के अन्य मंदिरों का भी पूजन कर आशीर्वाद लिया। पुजारी संजय शर्मा ने पूजन संपन्न कराया। दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर ब्रजेश पाठक का पुजारी संजय शर्मा और रमन त्रिवेदी ने स्वागत एवं सत्कार किया।

दर्शन के बाद ब्रजेश पाठक ने कहा कि बाबा की कृपा से उनकी नगरी में आने का सौभाग्य मिला है।

## वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ ने मनाया होली मिलन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे आज दिनांक 20.03.2026.को वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन के पदाधिकारियों द्वारा उज्जैन संभाग कार्यालय पर हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, जीतेन्द्र भाटी उज्जैन संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रवि सीहोते जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे होली मिलन समारोह के आयोजन को भव्य रूप से मनाया गया एक दुसरे को केसरिया गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी गई साथ ही मुख्य अतिथि दशरथ सीहोते, हेमराज घावरी, जीतेन्द्र भाटी,रवि सीहोते, के द्वारा आराध्य देव गोगा जी महाराज की शील्ड देकर एवं दुपट्टा डालकर सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया

इस आयोजन मे मुख्य अतिथि श्री दशरथ सीहोते प्रदेश संगठन सचिव, विष्णु प्रसाद गोसर प्रदेश संगठन प्रचार सचिव,जीतेन्द्र कुमार गोसर संभाग उपाध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, कमल फातरोड़ जिला सचिव, दिनेश तंवर जिला कोषाध्यक्ष, मोहनलाल करोसिया जिला वरिष्ठ सलाहकार, संतोष टोपे जिला मंत्री, घनश्याम छपरी दक्षिण तहसील अध्यक्ष, कमल गोयल दक्षिण तहसील वरिष्ठ सलाहकार, आदि उपस्थित रहे यह जानकारी संभाग मिडिया प्रभारी रामु हंस ने दी।

## केंद्रीय मंत्री आशीष सूद ने किए भगवान बाबा महाकाल दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिल्ली सरकार में गृह, शिक्षा, विद्युत, शहरी विकास, उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एस. एन.सोनी द्वारा श्री सूद का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

## आर्य समाज मंदिर स्थापना दिवस पर भाटी सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आर्य समाज मंदिर के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदानंद त्रिपाठी थे। अध्यक्षता राजेन्द्र व्यास ने की। आर्य समाज के प्रधान ललित नागर, सुखदेव व्यास, माली समाज के वरिष्ठ समाज सेवी , स्वामी दयानंद वाचनालय के संस्थापक सचिव, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किशोर कुमार भाटी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र बत्रा, शैलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कराके, खेल शिक्षक अनिल निकम, ओमप्रकाश यादव, विजय शर्मा, नन्दकिशोर टांडा, परमानंद शर्मा, भूपेंद्र भूतडा आदि उपस्थित थे। जानकारी आर्य समाज मंदिर के मंत्री भरत आर्य ने दी।

## फाइनेंस बैंक ने महाकाल मंदिर को भेंट की ई-कार्ट




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फाइनेंस बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (उरफ) के तहत श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति को एक 14-सीटर इलेक्ट्रिक ई-कार्ट दान की।

फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि ने बताया कि आगामी सिंहस्थ मेले और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह ई-कार्ट दान की गई है। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एस एन सोनी एवं सहायक प्रशासक श्री प्रतीक द्विवेदी द्वारा आभार व्यक्त किया है।

### विनीत गिरी बोले-सिर्फ पेशकश की थी, सचिव ने कहा- कुंभ तक बने रहेंगे महंत

# महाकाल मंदिर के अखाड़े के महंत का इस्तीफे से यू-टर्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर स्थित महानिवार्णी अखाड़े के महंत गादीपति विनीत गिरी महाराज के इस्तीफे के मामले में नया मोड़ आ गया है। विनीत गिरी ने अपने इस्तीफे से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने इस्तीफा देने से मना कर दिया और सिर्फ इस्तीफे की पेशकश की बात कही है।

इधर, पिछले तीन दिन से चल रही उठापटक के बीच उज्जैन पहुंचे महानिवार्णी अखाड़े के सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने महंत के इस्तीफे को अस्वीकार करते हुए साफ कर दिया है कि आगामी कुंभ तक विनीत गिरी महंत पद पर बने रहेंगे।

अपने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर महाकाल मंदिर में महंत की पदवी से इस्तीफे की खबर के बाद चचाओं में आए विनीत गिरी महाराज, अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज सहित अन्य संतों के साथ शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने अखाड़े में संतों के साथ बैठक की। इसके बाद कलेक्टर रोशन सिंह से मुलाकात कर वे बड़नगर रोड स्थित नए बनने वाले अखाड़े के निर्माण को देखने के लिए गए।

#### कुंभ तक महंत बने रहेंगे विनीत गिरी

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए रविंद्र पुरी महाराज ने बताया कि महंत जी के स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने महानिवार्णी के पंच परमेश्वर से इस्तीफे की प्रार्थना की थी। हमने इसे संज्ञान में लिया। धार्मिक यात्रा और यज्ञ के चलते हमारा उज्जैन आना-जाना हुआ। यहां की स्थिति का अवलोकन करने के बाद निर्णय लिया गया है कि आगे भी विनीत गिरी महंत बने रहेंगे। आगामी कुंभ भी उनके सानिध्य में होगा। अखाड़े की तरफ से कोई समस्या नहीं है।



#### विनीत गिरी बोले- सिर्फ पेशकश की थी, इस्तीफा नहीं दिया

इधर, पहले विनीत गिरी ने इस्तीफे की खबर की पुष्टि करते हुए बताया था कि अस्वस्थ होने के चलते उन्होंने अखाड़े को इस्तीफा भेजा है। लेकिन अब तक अखाड़े ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया था। वहीं, शनिवार को उन्होंने इस्तीफा देने से ही इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने सिर्फ पेशकश की थी, इस्तीफा दिया नहीं था।

## ट्रैंडिंग



नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




## न्यूज ब्रीफ

### जनप्रतिनिधि और मशहूर हस्तियां भी शामिल हुई चल समारोह में

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चेटीचंड का पर्व अखंड भारत की याद दिलाता है और भारतीयों के हृदय में अखंड भारत का सपना जागृत रखता है। सामाजिक उत्सवों से एक दूसरे के प्रति प्रेम और आत्मीयता बढ़ती है। सिंहस्थ 2028 के लिए सरकार नवीन विकास के कार्य कर रही है। सभी गणमान्य नागरिक भी विकास कार्यों में अपना योगदान दे रहे है। आगामी सिंहस्थ के दिव्य आयोजन से प्रदेश और उज्जैन की वैश्विक पटल पर नवीन पहचान स्थापित होगी। रैली में विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद और एक्ट्रेस सुश्री जयाप्रदा, मशहूर एक्टर आफताब शिवदासानी, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गोली उपस्थित रहे।

### राज्य के निवेश समर्थक दृष्टिकोण का होगा प्रस्तुतीकरण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' में उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इस सेशन में राज्य की नीतिगत स्पष्टता, प्रशासनिक तत्परता और निवेश समर्थक दृष्टिकोण को देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जयपुर में होने वाले सेशन में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति, क्षेत्रवार प्रोत्साहन, विकसित औद्योगिक क्षेत्रों की उपलब्धता, अधोसंरचना विस्तार, लॉजिस्टिक नेटवर्क, कौशल विकास तंत्र और त्वरित स्वीकृति प्रणाली का समग्र प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

### घरेलू सिलेंडर की हो रही पर्याप्त आपूर्ति

**इंदौर।** इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा विगत 10 दिनों में घरेलू सिलेंडर आपूर्ति एवं प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु रेसिडेंसी कोठी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के सेल्स अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी तथा गैस एजेंसियों के डीलर उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछले 10 दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3 लाख 63 हजार गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में एक रिकॉर्ड है। सामान्यतः इसी अवधि में लगभग 2 लाख 60 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को, जिन्हें कमर्शियल सिलेंडर हेतु विशेष छूट प्रदान की गई है, उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

### सम्राट विक्रमादित्य की दानशीलता आज भी प्रेरणा का स्रोत

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन को परमात्मा ने भाग्य विशेष रूप से लिखा है। जो भी व्यक्ति एक बार उज्जैन आता है, उसका जीवन संवर जाता है। मां शिप्रा के पावन तट पर बसी यह नगरी अनादि काल से अस्तित्व में है और हर युग में इसकी महिमा अक्षुण्ण रही है। उज्जैन, जिसे प्राचीन काल में अवंतिका और उज्जयिनी के नाम से जाना जाता था, 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री महाकालेश्वर का धाम है। वर्षप्रतिपदा के इस विशेष दिन विक्रम संवत 2083 के आगमन का उल्लास पूरे शहर में देखा गया। यह उद्बोधन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत राम घाट पर आयोजित सृष्टि आरम्भ उत्सव में दिया।

### पी.एन.गाडगीळ ज्वेलर्स ने हासिल किया महत्वपूर्ण पड़ाव

**इंदौर।** पी.एन.गाडगीळ ज्वेलर्स ने आर्थिक वर्ष 2025-26 में 10,000 कोटी रुपए के रेव्हेन्यू का पड़ाव हासिल किया है। यह उपलब्धि व्यवसाय में गति की मजबूत दर्शाती है। साथ ही गुढी पाड़वा के शुभ अवसर पर कंपनी ने 170.7 करोड़ रुपये की बिक्री की है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। सोने का विभाग रेव्हेन्यू वृद्धि के लिए मुख्य चालक रहा है, जिसके रेव्हेन्यू में वर्षागणिक 35 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही हीरे और चांदी के विभाग में क्रमशः 61 प्रतिशत और 118 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। पी.एन.गाडगीळ ज्वेलर्स के अध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डॉ.सौरभ गाडगीळ ने कहा की, 10,000 करोड़ रुपये के रेव्हेन्यू का आंकड़ा पार करना हमारे सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है और यह पड़ाव पार करना हमारी लंबे समय से रही आकांक्षा थी। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों के निरंतर समर्पण का प्रमाण है.सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह सफलता संभव हो पाई है। गुढी पाडवा हमारे लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण त्योहार रहा है। इस वर्ष सोने की बढ़ती कीमतों के बावजूद सभी बाजारों में ग्राहकों का जोरदार प्रतिसाद मिला है, जिससे 170.7 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। यह हमारे ब्रांड की मजबूती और विभिन्न श्रेणियों व बाजारों में हमारी निरंतर सफलता को दशार्ता है।

## हिरासत में आई पत्नी, फरार पति की तलाश कर रही पुलिस

# आबकारी की दबिश में मिला विदेशी शराब का जखीरा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**





धार्मिक नगरी में शराब प्रतिबंध होने के बावजूद पति-पत्नी घर से अवैध कारोबार कर रहे थे। आबकारी विभाग की टीम ने दबिश मारी तो सात तरह की विदेशी शराब की 100 बोतले बरामद हो गई। पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। फरार पति की तलाश जारी है।

आबकारी विभाग नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंधा ने बताया कि दो दिनों से मक्सी रोड गोपालपुरा क्षेत्र में एक मकान से शराब बेची जाने की जानकारी सामने आ रही थी। सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक हिमांशु अग्रवाल, रानी सिंह, शुभांगी सरयाम, आरक्षक, सुनील अमृत्या, तुषार वर्मा, निशा, शिवानी की टीम गठित की गई। शुक्रवार- शनिवार रात गोपालपुरा में सर्चिंग शुरू की गई, इस दौरान पुख्ता जानकारी मिली कि अवैध शराब का कारोबार पवन बोरसी के घर से किया जा रहा है। टीम ने मकान पर दबिश मारी, पवन फरार होना सामने आया मकान में उसकी पत्नी भारती मिली। जिसे हिरासत में लिया गया और तलाशी शुरू की गई।

इस दौरान रसोईघर, बेडरूम और एक कमरे से विदेशी शराब की 100 के लगभग बोतल बरामद हो गई। विदेशी शराब में ऑल सीजन, मैजिक मोमेंट, 8-पीएम, पिंक वोदका, मेंगो चिली, सिग्नेचर और बोल्ट बियर शामिल है। बरामद अवैध शराब की कीमत 1.10 लाख रुपये पाई गई है। भारती बोरासी को गिरफ्तार कर मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियो के पति को भी आरोपी बनाया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। शनिवार को महिला आरोपिया को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पति की गिरफ्तारी के बाद मामले में और अधिक जानकारी सामने आ पाएगी।

### इंदौर देवास के रास्ते लाते थे शराब

बताया जा रहा है कि बोरासी दंपति इंदौर देवास के रास्ते शराब उज्जैन लेकर आते थे। मोबाइल से संपर्क कर शराब पीने वालों को बोतल की डिलीवरी दी जाती थी। रात के समय घर से भी शराब उपलब्ध कराई जाती थी। अवैध कारोबार में पति के साथ पत्नी की भी पूरी मिली भगत थी। दोनों कई दिनों से अवैध शराब बेचने का काम कर रहे थे, लेकिन पूछताछ में आरोपिया द्वारा दो-चार दिन से ही अवैध शराब मामले में शामिल होना बताया गया है।

### पुलिस को नहीं अवैध कारोबार की सूचना

गोपालपुरा मक्सी रोड क्षेत्र माधवनगर थाने की सीमा में आता है। पुलिस द्वारा दिन रात क्षेत्र में भ्रमण किया जाता है और रात में गश्त लगाई जाती है, लेकिन कई दिनों से चल रहे अवैध शराब बेचने की जानकारी थाना पुलिस को नहीं मिल पाई। आबकारी विभाग ने सूचना मिलने पर सीधे कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का जखीरा बरामद कर लिया। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी के अनुसार अवैध शराब के भंडारण और परिवहन के साथ बेचने की सूचना दूरभाष नंबर 0734-2551159 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं और करवा दिया लोकार्पण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कृषि अध्ययनशाला की जिस नई बिल्डिंग का विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों ई-लोकार्पण तो करवा लिया, लेकिन हकीकत यह है कि उस बिल्डिंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन यह दावा कर रहा है कि बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है।विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला परिसर में सांख्यिकी डिपार्टमेंट से आगे 17 करोड़ रुपए की लागत से कृषि अध्ययनशाला की नई बिल्डिंग बन रही है। पिछले ढाई साल से इस बिल्डिंग को बनाने का काम चल रहा है, जो अब तक जारी है। हाल ही में 17 मार्च को हुए विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए थे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों कृषि अध्ययनशाला की इस नई बिल्डिंग का ई-लोकार्पण करवा दिया। लोकार्पण के तीन दिन बाद पता चला कि कृषि अध्ययनशाला की बिल्डिंग का काम तो अभी भी जारी है। बिल्डिंग के अंदर बने मैदान में मंच बनाया है।

# मप्र भाजपा को जल्द मिल सकता है संगठन महामंत्री

## आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद चर्चा तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आने वाले समय में सत्ता, संगठन और संघ में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। भाजपा विधायकों और नेताओं को मंत्रिमंडल विस्तार, संगठन विस्तार, निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार है, वहीं आरएसएस के लोगों को भी संगठन में भागीदारी का इंतजार है।

इस बीच भाजपा में संगठन महामंत्री की नियुक्ति की चर्चा भी तेज हो गई है। संभावना जताई जा रही है कि मप्र भाजपा को जल्द ही नया प्रदेश संगठन महामंत्री मिल सकता है। गौरतलब है कि मप्र, राजस्थान सहित कई राज्यों में जहां भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री के पद खाली पड़े हुए है, तो वहीं छत्तीसगढ़ में पिछले 12 वर्षों से इस पद पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की हरियाणा के समालखा में सम्पन्न हुई, जिसमें संघ के मौजूदा स्वरूप में परिवर्तन सहित दूसरे निर्णय हुए।

जानकारों की मानें तो संघ की इसी बैठक में भाजपा में विभिन्न दायित्वों के लिए 50 से अधिक स्वयं सेवकों (प्रचारकों) को मुक्त किया गया है। इन्हीं प्रचारकों को से अलग-अलग ऐसा माना जा रहा भाजपा अपने हिसाब दायित्त्व सौंप सकती है। संघ के जो प्रचारक भाजपा में आए हैं, उन्हें इन राज्यों में दायित्व दिए जा सकते हैं। इनमें से कुछ ऐसे प्रचारक भी हैं, जो वर्तमान में संघ के विभिन्न अनुषांगिक संगठन का दायित्व संभाले हुए थे।

इन्हीं में से मध्यप्रदेश सहित दूसरे प्रांतों में भाजपा अपनी संगठनात्मक नियुक्तियों की आश्यकताओं को पूरा करेगी। भाजपा सूत्रों की माने तो प्रदेश भाजपा अपने संभागीय प्रभारियों के तौर पर उन नेताओं की नियुक्ति कर सकती है, जो संभागीय संगठन महामंत्री की व्यवस्था के दौरान कुछ जिलों और संभागों में यह दायित्व संभाल चुके है। हालांकि इनमें से कई नेता अब निगम मंडल की दौड़ में है। इस बार के संभागीय संगठन महामंत्रियों के पहले से ज्यादा अधिकार संपन्न बनाया जाएगा।

बताया जा रहा है कि भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के पद को और अधिकार संपन्न बनाएगी। इस पद पर बैठने वाले पदाधिकारी की नजर सरकार और संगठन के समन्वय के अलावा पार्टी के सभी छोटे-बड़े निर्णयों में सीधा हस्तक्षेप रहेगा।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अपने प्रभार के प्रदेशों में ज्यादा से ज्यादा समय देंगे और संगठन को और कैसे मजबूत बनाया जाए, इसकी रणनीति पर काम करेंगे।

### संघ की पृष्ठभूमि के कार्यकर्ताओं को निज स्टाफ में पदस्थ कराएगी

जानकारों की माने तो पार्टी संगठन अपनी नई व्यवस्था में सरकार के मंत्रियों पर भी नजर बनाने के लिए संघ की पृष्ठभूमि के कार्यकर्ताओं को उनके निज स्टाफ में पदस्थ कराएगी। हालांकि अभी भी ये व्यवस्था है, लेकिन कई मंत्रियों के यहां तैनात ऐसे स्टाफ को लेकर शिकायतें भी सामने आई है। पार्टी चाहती है कि अब मंत्रियों के यहां ऐसे कार्यकर्ताओं को बैठाया जाए, जो कम से कम संघ प्रशिक्षित हो और उसके द्वारा पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जाता रहा हो। ऐसे कार्यकर्ताओं की पार्टी द्वारा जल्द ही सूची तैयार कराई जाएगी। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में प्रदेश संगठन द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

## परिवहन नगर क्षेत्र में पड़ोसियों का कब्जे को लेकर विवाद गरमाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

परिवहन नगर क्षेत्र में पड़ोसी विवाद अब पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक पहुंच गया है। क्षेत्र निवासी विष्णु गजकेश्वर ने अपने पड़ोसी जसवन्त माखिजा पर परेशान करने, निजी जगह पर कब्जे की कोशिश करने और दबाव बनाने के आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार विष्णु गजकेश्वर, निवासी 144 परिवहन नगर, हवा बंगला, ने बताया कि उनके पड़ोसी जसवन्त माखिजा द्वारा लंबे समय से उन्हें परेशान किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि मकान के पीछे स्थित लगभग 2 फीट की निजी बैक लाइन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी नगर निगम, कलेक्टर जनसुनवाई, जोनल कार्यालय तथा पुलिस अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है।

पीड़ित के मुताबिक 16 मार्च 2026 को जसवन्त माखिजा ने मकान के पीछे बनी ड्रेनेज लाइन और प्लास्टिक शीट को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, जिसकी शिकायत थाना द्वारकापुरी थाना में की गई। शिकायत के बाद आरोपी को थाने बुलाया गया, लेकिन उसके बाद भी कथित रूप से पीड़ित के पुत्र को मोबाइल पर जमीन बेचने का दबाव बनाया गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि बातचीत की रिकॉर्डिंग मोबाइल में सुरक्षित है।

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि थाने जाने पर धमकी दी जा रही है। फिलहाल मामले में पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आवेदन दिया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीवरेज खुदाई से गैस लाइन टूटी, रहवासी परेशान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच पीएनजी उपभोक्ता भी खासे परेशान हुए। सीवरेज लाइन खुदाई करते हुए क्षतिग्रस्त हुई गैस पाइप लाइन के कारण एक हजार से ज्यादा परिवार में दिनभर चूल्हा नहीं जला। लाइन मरम्मत के बाद रात 9.30 बजे इन घरों की सप्लाई शुरू हो सकी। तब कहीं जाकर इन एक हजार परिवारों के घर गैस चूल्हे जले।

आमजन को आए दिन झेलना पड़ रही इन परेशानियों को लेकर पड़ताल की तो चौकाने वाली बात सामने आई। अति आवश्यक सेवाओं में शामिल पेयजल और गैस लाइन कहां से निकली यह संबंधित विभागों को ही पता नहीं है।

घटनाक्रम तिरूपति रेसीडेंसी क्षेत्र में शाम को सामने आया। गैस लाइन नहीं चलने पर लोगों ने गैस कंपनी के कस्टमर केयर पर संपर्क कर परेशानी बताई। इधर, लगातार आ रही शिकायतों को लेकर गैस लाइन कंपनी की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन इसी बीच आंधी व बारिश का दौर शुरू हो गया और सुधार कार्य रोकना पड़ा। बाद में एक लीकेज मिला। जिसे ठीक करने के बाद भी गैस सप्लाई बहाल नहीं हो सकी और टीम को फिर से चैक करना पड़ा।

## क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत के परिवार के साथ मारपीट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एक राजनीति घटनाक्रम में हिंदुवर्ग के परिवार का आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि मामला पुलिस तक पहुंच गया। फरियादी के अनुसार संत ने बताया कि मेरा एक निवास और ज्योतिष कार्यालय नवलखा चौराहा इंदौर पर स्थित हैं। कल खंडवा मे हिन्दू सम्मेलन संगोष्ठी थी। में धर्म सभा करके रात्री को इंदौर लौटा। मेरी कार मेरे निवास के पास पार्क करके कार में से मेरा बेटा अक्षय शर्मा सोफ्टवेयर इंजीनियर है। वह और मेरा एक ड्रायवर और एक अन्य बालक कार से कुछ सामान निकाल रहे थे, वहां अपना.. भी है। वही चौराहे पर कार भी उधर ही रखते है। उसी दौरान जिसके घर के सामने सरकारी जगह पर कुछ देर के लिए कार खड़ी हुई थी।

## उज्जैन-भोपाल रेलवे ट्रेक पर गर्डर बदलने के दौरान क्रेन पलटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



शुक्रवार को उज्जैन -भोपाल रेलवे लाईन के अप सेक्शन में तराना रोड स्टेशन के आगे टिल्लर नदी के ब्रिज पर गर्डर बदलने के दौरान क्रेन पलटने से हादसा हुआ है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन कुछ समय के लिए रेलवे विद्युत लाईन प्रभावित रही है। सुरक्षात्मक बतौर डाउन लाईन की ट्रेनों को सुरक्षित रूप से निकाला गया है।

उज्जैन से भोपाल रूट पर शहर से करीब 30 किमी दूर तराना स्टेशन के पास टिल्लर नदी पर अप एवं डाउन ट्रेक का ब्रिज बना हुआ है। इस पर से अप-डाउन ट्रेनों की आवाजाही होती है। इनमें से उज्जैन से भोपाल की और जाने वाली रेलवे लाईन की गर्डर खराब होने की स्थिति में यहां पर गर्डन की तब्दीली को लेकर गुरूवार से ब्लाक लिया गया था। इस दौरान एक ट्रेक से ट्रेनों की आवाजाही जारी थी। शुक्रवार दोपहर में गर्डर की तब्दीली के दौरान गार्डर को उतारने के समय में क्रेन असंतुलित हो गई और एक दम से नदी की और पलटी खा गई। सूचना मिलते ही उज्जैन रेलवे स्टेशन से राहत दल मौके पर भेजा गया।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ब्रिज इंजीनियरिंग विभाग ब्लाक के तहत यह काम कर रहा था। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ देर के लिए आवाजाही रोकी गई थी। जिस ट्रेक पर काम चल रहा था उसका विद्युत लाईन पहले से ही बंद थी। इससे कुछ देर के लिए रेलवे विद्युत लाईन प्रभावित रही और जिसे कुछ समय में ही दुरूस्त कर लिया गया। भोपाल - उज्जैन - भोपाल की ट्रेनों को ब्रिज के दुसरे ट्रेक से सुरक्षित रूप से निकाला गया है,एक ट्रेक पर यहां ब्लाक लिया गया था दुसरा ट्रेक चालू था।




## न्यूज-कॉलम



## 12 सदस्यीय दल को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आलीराजपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह 2025-26 हेतु जिले से 12 सदस्यीय दल को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। प्रतिवर्षानुसार सत्र 2025-26 में राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को ग्वालियर में किया जा रहा है। जिसमें जिले से चयनित कक्षा 2 से 5 के चार छात्र-छात्राओं, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में 16 एवं 17 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंग्रेजी विषय में इन छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद अब राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड प्रतियोगिता हेतु ग्वालियर में सम्मिलित होंगे। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुस्लिम समाज ने ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया



**सनावद।** पवित्र रमजान कहां की 30 रोजे रखने के बाद ईद उल फितर का चांद शुक्रवार की शाम को नजर आया शनिवार सुबह अंजुमन इस्लाम कमेटी के तत्वावधान में ईद की नमाज के लिए जरदार चोक से शहर काजी हाफिज अजमल अशरफी साहब की कयादत में जुलुस नारा ए तकबीर की बुलंद आवाज के साथ सैकड़ों मुस्लिम समाजजन ईदगाह पहुंचे। मौलाना अबुनशर साहब ने ईद का बयान किया पश्चात शहर काजी हाफिज अजमल अशरफी साहब ने ईद उल फितर की नमाज अदा कर देश में अमन शांति खुशहाली तरक्की के लिए दुआ की। अंजुमन सदर शेख साकेरीन ने पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग नगर पालिका सभी को धन्यवाद देकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशी अमन और शांति के साथ ईद मनाने की अपील की। इस दौरान शहर आलीम हाफिज मुजम्मिल शेख जर्रार पेंटर आकिब खान गुफरान आजम सहीत हजारो लोगों ने ईदगाह पर नमाज अदा की।

## ईद की नमाज के बाद आपसी विवाद में चाकूबाजी, एक घायल



**नीमच-** शहर के अंबेडकर कॉलोनी क्षेत्र में ईद की नमाज के बाद शनिवार को बच्चों के झगड़े और पुराने विवाद ने बड़ा रूप ले लियाद्य जिसमें चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू व लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे युवक शाहरुख उम्र 26 वर्ष निवासी अंबेडकर कॉलोनी घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती किया गयाद्य जहां पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर प्रकरण दर्ज कियाद्य घायल युवक के अनुसार वाहिद व अन्यचार यू कौन है सुबह बच्चों के हुए झगड़े को लेकर विवाद किया और उसके साथ चाकू हुआ अन्य लाठी डंडों से मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया।

## राजेन्द्र अग्रवाल भारतीय खाद्य निगम में परामर्शदात्री समिति मे शामिल हुए

**खंडवा।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के लिये भारतीय खाद्य निगम परामर्शदात्री समिति मे खंडवा से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (नयन एग्रो)को नामित किया गया है, भारत सरकार उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा परामर्शदात्री समिति मे नामित किये जाने के जारी नियुक्ति आदेश पत्र के साथ अधिकार सूचि भी जारी किये गये हैं, नियुक्ति मे खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील का विशेष सहयोग रहा।राजेन्द्र अग्रवाल के नामित होने पर खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे का आभार मानते हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, खंडवा अग्रवाल समाज, चेंबर्स आफ कामर्स,सीड एसोसिएशन,खाद बीज एसोसिएशन,एवं शुभचिंतकों सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने बधाईयां दी!

## नमो ग्रुप फाउंडेशन ने मनाया हिंदू नववर्ष, तिलक से हुआ शुभारंभ

**रतलाम।** भारतीय संस्कृति और परंपराओं के गौरवपूर्ण प्रतीक चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर नमो ग्रुप फाउंडेशन द्वारा स्थानीय राम मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने तिलक लगाकर नववर्ष का मंगलमय शुभारंभ किया, जिससे वातावरण पूर्णतः श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम ने भारतीय संस्कारों की जीवंत झलक प्रस्तुत करते हुए सामाजिक एकता और समरसता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में नमो ग्रुप फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री अशोक गुर्जर, महामंत्री अनीता कटारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन ज्योति, प्रदेश मंत्री भावना गुर्जर, जिला अध्यक्ष रवि प्रजापत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजुला महेश्वरी, नगर अध्यक्ष मधु बाहेती, साथ में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारियों भाई बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नमो ग्रुप फाउंडेशन ने इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

### निमाड़ की लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व

## गणगौर माता के जयकारों से नगर हुआ गुंजायमान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

निमाड़ की लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व को लेकर शनिवार को चारों ओर उत्साह नजर आया। चैत्र शुक्ल की तीज को ब्रह्म मुहूर्त में बाड़ियों के पट खुलते ही गणगौर माता के जयकारों से नगर गुंजायमान हुआ। शहर में आठ से अधिक स्थानों पर बोई गई मुख्य बाड़ियां सुबह दर्शन के लिए खोली गई। माता रूपी जवारों के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भीड़ अधिक होने से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई।

महिलाओं ने माता को वस्त्र, सुहाग सामग्री सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कर मंगलकामना की। माता को चुनरी ओढ़ाकर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। बाड़ी खोलने के पारंपरिक गीतों के साथ रणुबाई व धणियर राजा के जयकारे लगे। पूजा का दौर दोपहर तक चलता रहा। यहां एक सप्ताह पहले माताजी के जवारे स्थापित किए गए थे। बाड़ी प्रमुखों व परिजनों ने रोजाना विधिवत सेवा की।



नगर की प्राचीन व परंपरागत बाड़ियों में आजाद रोड, मंडलोई अवार दरबार मोहल्ला, मुरली मनोहर बावड़ी मंदिर, बाहेती कॉलोनी, पंडित कॉलोनी, राजपूत छात्रावास, ओंकारेश्वर रोड, गणगौर भवन पंडित कॉलोनी आदि में गणगौर पर्व का उल्लास चरम पर रहा। मंडलोई अवार स्थित बाड़ी के पुजारी पं. देवेंद्र कानूनगो ने बताया नगर की यह सबसे प्राचीन बाड़ी है। इसका इतिहास 126 साल से अधिक साल का रहा है।

इसी प्रकार बाहेती कॉलोनी स्थित बाड़ी के पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा व पं. शुभम शर्मा ने बताया इस वर्ष करीब 25 रथ लाए गए। 33 साल से बाड़ी बोई जा रही है। बावड़ी मंदिर के पुजारी उमाशंकर कानूनगो ने बताया वर्ष 1991 से माता की बाड़ी बोई जा रही है।ओंकारेश्वर रोड स्थित बाड़ी के सेवादार दीपक योगी व पवन योगी ने बताया 7 साल से माता की बाड़ी बोई जा रही है।

श्रद्धालुओं ने यहां अपनी मन्नतें पूरी होने पर तुलादान किया। शाम को गणगौर माता को पानी पिलाने के लिए रथों को घर आंगन में रखा गया। झालरिया गाकर प्रसादी बांटी। मन्नत धारी जोड़े माता के रथ बोड़ाएंगे। इस दिन अपने घर में माता का पूजन कर पानी पिलाएंगे। विशेष भोज का

बाड़ी पूजन के बाद दोपहर में माता के रथ सजाने वाले मन्नत धारी परिवार बाड़ी स्थल पर ढोल-ताशों के साथ धणियर राजा की बारात लेकर रणुबाई को लेने पहुंचे। यहां पूजा के बाद जवारों को सुसज्जित रथों में रखकर महिला-पुरुषों ने रथों को सिर पर रखा।

शोभायात्रा के रूप में अपने घर अतिथि बनाकर ले गए। जहां परिवार के साथ पूजन किया। कई रथों पर गणगौर के साथ ईसर भी रहे। यह शिवजी के रूप में हैं। रणुबाई मां पार्वती के रूप में हैं। मान्यता है कि चैत्र कृष्ण की एकादशी पर गणगौर माता के रूप में रणुबाई अपने मायके आती है। चैत्र शुक्ल की तीज को धणियर राजा उन्हें लेने ससुराल आते हैं। यहां गणगौर स्थापना वाले परिवार व समाज द्वारा रथ बोड़ाए जाते हैं यानी रणुबाई को मायके में रोका जाता है। इसके रहते रविवार बोड़ाने व सोमवार विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान नगर में माता को बेटी के रूप में पूजा जाकर अंतिम दिन धणियर राजा के साथ ससुराल विदा किया जाएगा।



## नेपानगर पुलिस की बड़ी सफलता: चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** नेपानगर पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सीवल बस स्टेण्ड स्थित एक किराना दुकान में चोरी की थी, जिसमें 12 हजार रुपये के सामान की चोरी हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 8 हजार रुपये का सामान बरामद किया गया है, जिसमें 4 हजार रुपये नकदी, तेल के 4 पैकेट, घी के २ पैकेट और काजु के 3 पैकेट शामिल हैं। आरोषियों में पप्पु पिता हरदास चौहान (18 वर्ष) और एक नाबालिग शामिल हैं, जो दोनों ग्राम डालमउ के निवासी हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने नेपानगर और नावरा क्षेत्र में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार पाटीदार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल और उनकी टीम ने इस मामले में सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में उपनिरीक्षक हेमेन्द्रसिंह चौहान, सउनि सुरजसिंह मौर्य, प्र- आर 259 संदीप पटेल और आरक्षक 346 गजेन्द्र शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### कुपोषण मिटाने की दिशा में बड़ा कदम

## आलीराजपुर में पोषण किट वितरण अभियान का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रतलाम लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान के प्रयासों से आज आलीराजपुर जिले में पोषण आहार किट वितरण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के उपक्रम गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अवंत फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आलीराजपुर विकास खंड के लगभग 313 लाभार्थियों को पोषण किट वितरित कर अभियान की शुरूआत की गई। इस योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में कुल 21,650 पोषण किट्स कुपोषित बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को वितरित की जाएंगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कुपोषण उन्मूलन के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं, जिनमें सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार होगा। पोषण किट्स में फ्लेक्स सीड्स, मल्टीग्रेन दलिया, सोयाबीन, गुड़, मूंगफली, स्पिरूलिना पीनट बार, मल्टीग्रेन न्यूट्रीशन बार, मिल्क पाउडर, पोहा, खजूर, भुने चने और मुरमुरे जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल है, जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में सहायक होगी।

कार्यक्रम में नीति सलाहकार श्री अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य और पोषण का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कुपोषण को एक जटिल समस्या बताते हुए व्यवहार परिवर्तन, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि पर जोर दिया।

मध्य प्रदेश विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अलीराजपुर जिले में बच्चों में कुपोषण की दर चिंताजनक है। ऐसे में यह अभियान स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार द्वारा पोषण अभियान, राज्य पोषण मिशन, फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, एसडीएम श्री वीरेंद्र बघेल, जिला परियोजना अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री कस्तूरी, अवंत फाउंडेशन के जिला समन्वयक हिमांशु पाण्डेय सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

### खुली माता की बाडी

## नगर में गणगौर का पर्व उत्साह से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

नगर सहित क्षेत्र में चैत्र शुक्ल पक्ष की तीज 21 मार्च शनिवार को माता की बाडियां खुली। इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं ने बाड़ी में पहुंचकर माता रूपी ज्वारों का पूजन अर्चना की। निमाड़ और मालवा का लोकपर्व गणगौर का नगर में उत्साह चरम पर है। ज्वारों की बाड़ी खुलते ही तीन दिवसीय गणगौर महापर्व प्रारंभ हुआ। बाड़ी में मां के ज्वारों की पूजा व दर्शन के लिए नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह 5 बजे से उमड़ पड़ी। नगर कै सिर्वी, माहेश्वरी, बाह्मण समाज सहित नगर मे निवासरत अन्य समाज की सभी महिलाओं ने बड़ी संख्या में नगर परसाई विशाल शरद पांडे के श्री राम मंदिर व सिर्वी मोहल्ला स्थित पवन हनुमान सेन के निवास स्थान पर स्थापित माता की बाड़ी में ज्वारे का पूजन किया। शनिवार को तीज के दिन नगर बाग में ज्वारे रूपी माता के प्रतीक को नगर में जिन जिन स्थानों पर माता के रथ स्थापित किए गए हैं।

धूमधाम से ढोल व चल समारोह के साथ लाए गए धनियार राजा यानी भगवान शंकर एवं रनुबाई यानि माता गौरी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भोग लगाया गया। नगर के सिर्वी समाज के भक्तजनों ने गणगौर माता के 30 रथ एवं माहेश्वरी समाज



की महिलाओं द्वारा एक रथ स्थापित किया गया है। विभिन्न समाजों की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर रनुबाई और धनिया राजा को रख झलारिया मंगल गीत गाएं जाएंगे। सुबह से माहेश्वरी मांगलिक भवन में महिलाओं ने सज संवर कर माता की पूजा कर गीत गाए। माहेश्वरी समाज की गणगौर तीज के अवसर पर ज्वारे रूपी माता जी की बाड़ी पर समाज की महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना किया। वहीं समाज की महिलाओं द्वारा सजधज कर आकर्षक वेशभूषा में माहेश्वरी भवन पर स्थित गणगौर माता के रथ को चल समारोह द्वारा माताजी की बाड़ी लाया गया। फूलपांती के रूप में चल समारोह का समापन माहेश्वरी भवन पर हुआ। माहेश्वरी समाज द्वारा स्थापित गणगौर के रथों को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर लाया जाकर नगर के सभी गणगौर रथों के साथ सिर पर रख कर महिलाओं द्वारा नृत्य किए जाएंगे व झाले देंगे।

## पुलिस ने त्वरीत कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जिले में महिला संबंधी गंभीर अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना निवाली पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई।

प्रकरण का विवरण- दिनांक 20 मार्च को फरियादिया निवासी भयडिया फलिया, जामनिया की रिपोर्ट पर थाना निवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी-रेवसिंग पिता पातु बरडे, उम्र 57 वर्ष, निवासी भयडिया फलिया, जामनिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना निवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को दिनांक 21 मार्च को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेंधवा में पेश किया गया, जहां से उसे उप जेल सेंधवा भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आर.के. लौवंशी, सहायक उपनिरीक्षक कमलेश कुशवाह, आरक्षक प्रकाश ठाकुर एवं महिला आरक्षक साहिदा की सराहनीय भूमिका रही। बड़वानी पुलिस द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी है।

## खंडवा जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नए कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए संगठनात्मक विस्तार के तहत खंडवा जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस बदलाव से जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने की कवायद तेज हो गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि जारी सूची के अनुसार मांधाता विधानसभा क्षेत्र में पुनासा से दिनेश पंवार, किल्लौद से गिरवर सिंह तथा ओंकारेश्वर उपब्लॉक से नादानसिंह सोलंकी को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। हरसूद विधानसभा क्षेत्र में हरसूद से रघुवीर सिंह चौहान, खालवा से बसंत पंवार, सुंदरदेव गुलाई उपब्लॉक से चंपालाल पटेल और रोशनी उपब्लॉक से श्रीमती सरोज बघेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

खंडवा विधानसभा क्षेत्र में खंडवा ग्रामीण से पवन पाटीदार, दक्षिण खंडवा शहर से विशाल जैन और उत्तर खंडवा शहर से इमरान गौरी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं पंधाना विधानसभा क्षेत्र में पंधाना से संजीव पटेल, छैगांव माखन से जय पटेल तथा सिंगोट उपब्लॉक से केदार पाटीदार को जिम्मेदारी दी गई है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकताओं को सक्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## नीमच में ईद-उल-फितर का पर्व उत्साह से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

देश- के साथ जिले व शहर में भी पवित्र रमजान माह के पूरे 30 रोजों के बाद मनाया जाने वाला ईद-उल-फितर का पावन पर्व शनिवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस्लाम धर्म में ईद-उल-फितर को इबादत, सन और इंसानियत का त्योहार माना जाता है। पूरे रमजान माह में रोजा रखकर अल्लाह की बंदगी करने के बाद ईद का दिन खुशियों, रहमत और आपसी मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है। जिलेभर में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में एकत्रित होकर नमाज अदा की और देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं।

शहर की मुख्य अंबेडकर कॉलोनी स्थित ईदगाह में सुबह बड़ी संख्या में नमाजी एकत्रित हुए, जहां शहर काजी सद्दाम हुसैन अत्तारी ने खुत्बा पेश करने के बाद ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान हजारों लोगों ने खुदा की बारगाह में मुल्क की सलामती, भाईचारे और शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। ईद के अवसर पर शहर की तकवा मस्जिद, मदीना मस्जिद, रिसाला मस्जिद, छावनी जामा मस्जिद, बघाना मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ने से कई स्थानों पर लोगों को सड़कों पर जानमाज बिछाकर नमाज अदा करनी पड़ी। हर तरफ खुशियों का माहौल और भाईचारे की झलक देखने को मिली।समाजजनों ने एक-दूसरे को घर जाकर मुबारकबाद दी।घरों में भी ईद की विशेष रौनक दिखाई दी। लोगों ने पारंपरिक सेवइयां, शीर-खुरमा और अन्य मीठे पकवान बनाकर मेहमानों का स्वागत किया। बच्चे नए कपड़ों में सजे-धजे नजर आए और बड़ों से ईदी पाकर खुश हुए।

## भारत विकास परिषद ने गुड़ी पड़वा पर्व पर किये विभिन्न आयोजन

**खण्डवा।**भारत विकास परिषद खंडवा शाखा के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुड़ी पड़वा पर्व भव्य स्तर पर मनाया गया।मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती ने बताया कि अध्यक्ष रूपेश पालीवाल,सचिव देवेन्द सिंह सोलंकी के नेतृत्व में विभिन्न आयोजन व प्रतियोगिताये आयोजित की गई। भारत विकास परिषद के सचिव देवेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि खंडवा के हृदय स्थल घंटाघर पर सुबह 9 बजे गुड़ी रोपी गई तथा पूजा की गई।अध्यक्ष रूपेश पालीवाल ने बताया कि सुबह बच्चों के द्वारा घंटाघर के आसपास बहुत हीं सुंदर रंगोली मनाई गई।शाम को सभी अतिथियों की उपस्थिति में भारत माता का पूजन किया गया।दीपक लगाये गये।इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई।इस अवसर पर प्रांतीय संगठन सचिव अनंत अरझरे ,प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ शैलेंद्र महोदय ,प्रान्त क्ष्यछ्र प्रमुख प्रियंका पटेल,विधायक महोदया श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ,मुकेश तनवे , आदि उपस्थित थे।

## भौतिक सुख की अभिलाषा सबको पर आत्मिक सुख व शांति की दरकार कम ही लोगों को है : मुख्यमंत्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम मनुष्य आदतन सुख-सुविधाओं की वस्तुओं और विलासतापूर्ण जीवन में ही सुख ढूंढ़ते रहते हैं। भौतिक सुख की अभिलाषा सबको है पर आत्मिक सुख और शांति की दरकार कम ही लोगों को है। जबकि जीवन का आनंद भौतिकता में नहीं, मन के भावों की संतुष्टि में निहित है। उन्होंने कहा कि आनंद एक ऐसी सुख की अनुभूति है, जो धन से सुख-सुविधाओं के यंत्र वस्तुएं खरीदकर नहीं, बल्कि अपने अंतस में जागे मानवीय भावों के तृप्त होने पर भीतर से उपजती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद के आयाम-राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलन कर राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंगल आरंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में नकद राशि और प्रशस्ति पत्र दिए। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी विधा में प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपए दिए गए। मुख्यमंत्री ने फोटोग्राफी विधा में श्री मिलिंद कुमार को प्रथम, श्री शैलेंद्र बिहार को द्वितीय एवं सुश्री सीमा अग्निहोत्री को तृतीय पुरस्कार दिया। वीडियोग्राफी विधा में श्री सैयद अफजान को प्रथम, श्री राजा खान को द्वितीय एवं श्री जीवन रजक को तृतीय पुरस्कार दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम दूसरों के सुख में भी अपने आनंद की अनुभूति प्राप्त कर लें, यही सनातन संस्कृति की चेतना का आधार है। हम सभी को अपने कार्यों को पूरे आनंद, उत्साह और दक्षता के साथ संपादित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव जीवन में आनंद के आयाम, हमारे सुख और दुःख के बीच के अंतर को समझने से पता चलते हैं। आदिकाल से भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की रही है, जिसमें परिवार की धारणा को विशेष महत्व दिया गया है। वर्ष 1956 के विश्व हिंदू सम्मेलन में मार्गेट थेचर ने भारत और इंग्लैंड की संस्कृति का मूल अंतर सबको समझाया था। उन्होंने कहा था कि भारतीय परिवारों की व्यवस्था में अगर कोई एक सदस्य भी कमाई करता है तो पूरा परिवार आनंद में रहता है।

## न्यूज -कॉलम

### किराये पर लिये कैमरे नहीं लौटाने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** ग्राम भैसोदा में रहने वाले कृपाल सोलंकी से 1 मार्च को शादी समारोह में वीडियोग्राफी के लिये अवंतिपुरा में रहने वाले रजत बड़वाय ने 3 कैमरे किराये पर लिये थे। माधवनगर थाना क्षेत्र के विनायक कैफे के पास दिये गये 7.50 लाख के कैमरे 19 मार्च तक रजत ने नहीं लौटाये और आनाकानी करने लगा। उसका कहना था कि कैमरे गुजरात में चल रहे है। लाखों के कैमरे वापस नहीं लौटाने और आनाकानी करने पर शुक्रवार को फोटोग्राफर एसोसिएशन ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन देते हुए रजत के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी थी। पुलिस ने मामले में जांच के बाद रात में रजत के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार रजत की तलाश की जा रही है। वह घर पर नहीं मिला है, जल्द गिरफ्तार कर कैमरों की बरामदगी की जायेगी।

### ग्राहक बुलाने की बात पर दुकानदार पर कैंची से हमला

**उज्जैन।** महिदपुर में दुकान चलाने वाले मनोज पिता फकीर चंद्र जलल दर्जी 62 साल को हेमंतसिंह और संदीप परमार ने कैंची से हमला कर घायल कर दिया। घायल मनोज को महिदपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि वृद्ध मनोज की दुकान की दुकान पर परिचित ग्राहक आये दिन सामान लेने आता है। पास में दुकान लगाने वाले हेमंत और संदीप ग्राहक को अपनी दुकान पर बुलाते है। इसी बात पर मनोज का दोनों से विवाद हुआ था। मामले में महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि घायल मनोज की शिकायत पर कैंची से हमला करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों हमला करने के बाद भाग निकले थे।

### वोटर कार्ड के ईपिक नम्बर से हुई मृतक की पहचान

**उज्जैन।** रेलवे प्लेटफार्म नम्बर 8 से कुछ दूरी पर नागदा की ओर जाने वाले ट्रेक पर 2 दिन पहले एक युवक की लाश जीआरपी ने बरामद की थी। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये थे। मृतक के पास वोटर कार्ड मिला था, जिसके ईपिक नम्बर से पता चला कि मृतक गुजरात के भरूच का रहने वाला है। पुलिस ने संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर गांव के सरपंच का नम्बर प्राप्त किया और मृतक के घर वालों तक सूचना पहुंचाई। 2 दिन बाद शनिवार को उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक किरीत पिता माधवसिंह राणा 28 साल है। 2 साल पहले घर छोड़कर निकल गया था। वह मजदूरी करता था। जीआरपी ने आशंका जताई कि संभवत॰ वह देव-दर्शन के लिये उज्जैन आया था। उसके साथ हादसा हुआ है या फिर उसने आत्महत्या की है, यह जांच का विषय है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है।

### बीके यादव की बस ने बाइक चालक को कुचला



**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घौंसला-महिदपुर मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार रात बीके यादव की बस ने बाइक सवार दिनेश पिता संतोष राय बंजारा 34 साल निवासी घौंसला को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। दिनेश की मौके पर मौत हो गई। उसे घटनास्थल से महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शनिवार सुबह राघवी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस के अनुसार बस को जप्त किया गया। चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### इंदौररोड तपोभूमि के पास फिर हुई 2 कारों की भिड़ंत

**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन मार्ग पर सिक्स लेन का काम तेजी से चल रहा है। मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। शनिवार को भी तपोभूमि के पास 2 कारों में भिड़ंत हो गई। एक कार में बैठी संतोष कुमारी घायल हुई है। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुई कार चालक विजय पिता सत्यनारायण चौधरी निवासी लसुडिया परमार थाना क्षिप्रा जिला इंदौर की शिकायत पर पीछे से टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों कारों की भिड़ंत होने पर कुछ देर के लिये मार्ग पर यातायात भी बाधित हो गया था। जिसके चलते जाम की स्थिति बन गई थी। इंदौर रोड पर आये दिन दुर्घटना होना सामने आ रहा है। शुक्रवार शाम डंपर चालक ने 13 साल के सायकल सवार बालक अदित्य अग्रवाल को कुचल दिया था। बालक की मौके पर मौत हो गई थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 189-8 | 156-2 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 127-0 | 330-6 |
| मिलन नाइट | | |
| मधुर डे | 588-1 | 160-7 |
| मधुर नाइट | 148-8 | 789-4 |
| शुभांक | 1 6 | 9 |

महर्षि सांदिपनी प्रतिष्ठान के आवासीय विद्यालय में अत्याचार की चरम सीमा...

# बच्चा तिलमिलाता रहा, अध्यापक बेंत से पीटता रहा

**अध्यापक ने मोबाईल बंद किया, सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल नो रिप्लाय**





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महर्षि सांदिपनी वेद विद्या प्रतिष्ठान के आवासीय विद्यालय में अत्याचार की चरम सीमा और पाशविकता का विडियो सामने आया है। इस विडियो में बच्चा तिलमिलाता जा रहा है और बेरहम अध्यापक बेंत से उसे पीटता जा रहा है। इस दौरान वहां बैठे कुछ लोग मुस्कुरा रहे हैं जबकि उन्हें अध्यापक को ऐसा करने से रोकना चाहिए था। सीधे तौर पर इस दौरान बाल संरक्षण कानूनों को सीधी चुनौती दी जा रही थी। इस पूरे मामले का विडियो वायरल हो रहा है।

करीब 51 सेकेंड के विडियो का दृश्य कार्यालय का है। इसमें अध्यापक बेंत से मारने के दौरान किसी के बिस्तर पर क्यों सोते हो बोल कर मार रहा है। इसके बाद दुसरे के बिस्तर पर क्यों सोते हो बोलते हुए मार रहा है। विडियो में एक के बाद एक बेंत उसे अध्यापक मारते जा रहा है। विडियो में साफतौर पर सामने आ रहा है कि इस दौरान बच्चा एक -एक बेंत की मार से बूरी तरह से तिलमिला रहा है । इस दौरान करीब 10 बेंत बच्चे पर पूरे जोर से प्रहार की गई विडियो में सामने आ रही है। इस दौरान विडियो में वहां बैठे कुछ अध्यापक भी दिखाई दे रहे हैं जो बच्चे को छुडाने की बजाय इस पूरे घटनाक्रम को धृतराष्ट्र की तरह देख रहे हैं। विडियों में बच्चे के साथ मारपीट करने वाले अध्यापक की पहचान प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने सामवेद के शिक्षक दत्तदास शेवडे के रूप में की है।


**रात 10 बजे के लगभग की मारपीट-** विडियो 15 मार्च का होना सामने आ रहा है। लगभग रात 10 बजे का यह घटनाक्रम विडियो का रिकार्ड बता रहा है। अध्यापक के मारपीट के दौरान दुसरे अध्यापक ने इसका विडियो बनाया और अवसर पाते ही उसे वायरल कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार बच्चा इस दौरान आवासीय विद्यालय में सो चुका था उसे उठाकर बुलवाया गया और उसके बाद उसके साथ मारपीट की गई ।

**मोबाईल उठाया नाम सूनते ही काटा-** बच्चे से मारपीट के इस मामले में शिक्षक शेवडे से उनके मोबाईल नंबर पर दैनिक अवंतिका ने संपर्क किया था। शेवडे ने इस दौरान काल पिकअप किया। जैसे ही उन्हें बताया गया कि दैनिक अवंतिका से बोल रहे हैं अत्याचारी शिक्षक ने संपर्क विच्छेद कर दिया और मोबाईल बंद कर लिया। इस मामले में प्रतिष्ठान के सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल से उनके मोबाईल नंबरों पर संपर्क करने पर उनके तीनों नंबर पर नो रिप्लाय होता रहा।

चंदूखेडी बायपास मार्ग पर दुर्घटना, मौके पर हुई मौत...

## महाकाल मंदिर से लौट रहे सिक्युरिटी गार्ड को ट्रक ने कुचला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





महाकाल मंदिर के सिक्युरिटी गार्ड को शनिवार शाम बडनगर मार्ग फोरलेन मार्ग पर ट्रक ने कुचल दिया। गार्ड की दुर्घटनास्थल पर मौत हो गई। चालक ट्रक छोडकर भाग निकला था। परिजन खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे।

ग्राम बलेडी में रहने वाला विशाल पिता गणपत परमार 25 साल महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड था। शाम को बाइक से घर लौट रहा था, उसी दौरान चंदूखेडी के पास फोरलेन बायपास पर विश्वकर्मा रोड लाइंस के ट्रक क्रमांक एमपी 09 बीके 8456 ने टक्कर मार दी। विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर दम तोड दिया। दुर्घटना देख आसपास के लोग आक्रोशित हो गये। चालक ट्रक छोडकर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिंतामण थाना प्रधान आरक्षक किशोर साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई और शव को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ट्रक नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। चालक के हिरासत में आने पर सामने आ पायेगा कि कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### देरी से आने पर ड्युटी से किया मना

बताया जा रहा है कि महाकाल मंदिर में सिक्युरिटी गार्ड का काम संभालने वाली कंपनी द्वारा अधिक संख्या में गार्डो की भर्ती कर ली गई है। जिन्हे रोटेशन में ड्युटी पर लगाया जा रहा है। विशाल 3 दिन बाद ड्युटी करने मंदिर पहुंचा था, लेकिन उसे देर हो गई थी। जिसके चलते उसे लौटा दिया गया था। वह वापस घर लौट रहा था, उसी दौरान दुर्घटना हुई है। उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएन 5973 भी क्षतिग्रस्त हुई है।

## छोड़कर गई पत्नी नहीं लौटी तो पति ने पिया एसिड

**उज्जैन।** प्रेम विवाह करने वाले युवक ने शनिवार को एसिड पी लिया। उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीवनगर में रहने वाले जीवन पिता प्रकाश शर्मा 38 साल को उपचार के लिये शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। भाई राकेश ने बताया कि जीवन ने एसिड पिया था। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि मृतक जीवन ने प्रेम विवाह किया था। वह काम-धंधा नहीं करता था, जिसके चलते पत्नी छोड़कर चली गई थी। वहीं भाई के अनुसार जीवन अकेला रहता था और कुछ दिनों से लगातार शराब भी पी रहा था, संभवत: शराब के साथ एसिड मिलाकर पिया था। पुलिस के अनुसार मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। उसके बाद ही घटनाक्रम पूरी तरह से स्पष्ट हो पायेगा कि जीवन ने अपनी जीवनलीला क्यों समाप्त की है।

### हरसोदन में युवक ने पिया फिनाइल

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम हरसोदन में रहने वाले टिशा पिता दिनेश 19 साल ने शनिवार शाम फिनाइल पी लिया। उसकी हालत बिगढ़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। अस्पताल स्टॉफ द्वारा घटनाक्रम से पंवासा थाना पुलिस को अवगत कराया है। पुलिस बयान दर्ज करेगी।

रोजों के बाद खुशियों की ईद ....

## उज्जैन में अकीदत के साथ अदा हुई नमाज, गूंजा अमन का पैगाम

**इंदिरा नगर ईदगाह सहित शहरभर की मस्जिदों में जुटी भीड़, तकरीर के बाद गले मिलकर दी मुबारकबाद**



**उज्जैन।** रमजान के 30 रोजे पूरे होने के बाद शनिवार, 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्योहार उज्जैन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया गया। जिसके चलते समुदाय में खास उत्साह देखने को मिला।

सुबह से ही शहर की प्रमुख मस्जिदों और इंदिरा नगर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक साथ नमाज पढ़कर देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी।

ईदगाह परिसर में शहर काजी खली कुर्रेहमान रहमान ने तकरीर के माध्यम से समाज को एकता, संयम और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे माहौल में भाईचारे की भावना स्पष्ट नजर आई।

त्योहार को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में एक दिन पहले से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। घरों में पारंपरिक व्यंजन 'शीर खुरमा' बनाया गया, जबकि बच्चों में ईद को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। नए कपड़े पहनकर बच्चे ईदगाह पहुंचे और त्योहार का आनंद लिया। कुल मिलाकर, ईद-उल-फितर का यह पर्व उज्जैन में सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का संतुलित रूप प्रस्तुत करता नजर आया।

### पेड से टकराई कार में भरी मिली 7 पेटी शराब

**उज्जैन।** ग्राम रूपाखेडी मार्ग पर तेजगति से दौडी वेगनार कार अनियंत्रित होने के बाद नायाखेडा जोड पर पेड से टकरा गई। हादसे की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची तो चालक गायब मिला। कार में देशी शराब की 7 पेटी भरी होना पाई गई। तराना थाना पुलिस को दोपहर में खबर मिली थी कि नायाखेडा जोड रूपाखेडी मार्ग पर वेगनार कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई है। पुलिस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। कार का चालक लापता हो चुका था। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब की 7 पेटी भरी होना पाई गई। एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि अवैध शराब मिलने पर मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। कार नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन उक्त नम्बर फर्जी होना सामने आया। आशंका है कि अवैध शराब परिवहन के लिये कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। जल्द ही चालक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

### कुत्ते काटने का आरोप, युवक को भेजा जेल

**उज्जैन।** प्रशांतिधाम के सामने मैदान में शनिवार को हंगामा हो गया। डेरे में रहने वाले युवक पर कुत्ते काटने का आरोप लगाया गया। पुलिस हंगामे की खबर पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि प्रशांतिधाम के सामने खुले मैदान में पारदी लोगों ने डेरा जमा रखा है। कुछ दिनों से यहां स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) की संख्या में कमी आ रही थी। आसपास के लोगों को शंका हुई, तो पता चला की डेरे में रहने वाला युवक कुत्ते पकड़कर ले जा रहा है। जिस पर नजर रखी गई, शनिवार को जैसे ही युवक ने कुत्ते का पकड़ा और अपने डेरे में ले जाने लगा तो लोगों ने उसे घेर लिया। कहा जा रहा था कि युवक द्वारा कुत्ते काटकर उसका मांस खाया जा रहा था। उसके डेरे से मांस भी मिला, इसी बात पर हंगामा हो गया, युवक की लोगों ने पिटाई कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस की डायल 112 पहुंची और युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ करने पर उसका नाम मुकेश पिता राजकुमार पारदी निवासी ग्राम लखाहेड़ा हाल मुकाम प्रशांतिधाम के सामने डेरा सामने आया। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि हंगामा करने की खबर मिलने पर युवक को हिरासत में लिया गया, जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

**नाम परिवर्तन सुचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, मेरा नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) है, जो कि मेरे आधार कार्ड मे दर्ज है, मेरी पुत्री यशस्वी वर्मा के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज है परंतु उसकी 10वी की अंकसूची में मेरा नाम आर जी वर्मा (RG VERMA) दर्ज है, जिसे सुधार कर राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज किया जाना है, अत: प्रकाशन उपरांत भविष्य मे मेरी पुत्री यशस्वी वर्मा की अंकसूची पर मेरा सही नाम राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) दर्ज किया जावें एवं इसी नाम से पढा-लिखा, जाना पहचाना, पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजो पर भी दर्ज किया जावे ।

**पुराना नाम**
**यशस्वी वर्मा पिता आर जी वर्मा (R G VERMA)**
**नया नाम**
**यशस्वी वर्मा पिता राम गोविंद वर्मा (RAM GOVIND VERMA) निवासी वार्ड न 29 नीलकंठ कॉलोनी शाजापुर तहसील व जिला शाजापुर मध्य प्रदेश**
**स्थान- शाजापुर दिनांक- 20.03.2026**

**जाहिर-सुचना**


एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विरेन्द्र आंजना पिता रामचन्द्र जाति आंजना निवासी 114 ग्राम चोरडिया महु जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 306 रकबा 0.42 हेक्टर, सर्वे नंबर 959 रकबा 1.02 हेक्टर, सर्वे नंबर 960 रकबा 1.02 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2.46 हेक्टर स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त सर्वे नम्बर गोर्वधन, अशोक, चेतन, मोहन पुत्रगण पुनमचन्द व हेमकुंवर पुत्री पुनमचन्द जातिगण कुलमी निवासी ग्राम सुवासा तहसील बड़नगर व कृषक ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सर्वे नंबर 306 रकबा 0.42 हेक्टर, सर्वे नंबर 959 रकबा 1.02 हेक्टर, सर्वे नंबर 960 रकबा 1.02 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2. 46 हेकटर हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदाकर दिया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्ति से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक व अन्य संस्था व्यक्ति का ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो। दिनांक 21.03.2026

**मदनलाल मौर्य एडव्होकेट**
**आफिस श्रीराम कृपा बेडावन रोड़ उन्हैल तहसील नागदा जिला उज्जैन मो. 7000851976,9893176796**

शनिवार को दिन-रात की अवधि रही 12-12 घंटे.....

## वसंत सम्पात: अब दिन होंगे बड़े रात होने लगेगी छोटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शनिवार खगोलीय घटना का दिन रहा। दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रही। सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहा। इसे वसंत सम्पात कहा जाता है। अब दिन बडे होने लगेंगे और रात छोटी गुजरेगी। खगोलीय घटना का नजारा देखने के लिये सैकडों की संख्या में लोग दिनभर जीवाजीराव वेधशाला पहुंचते रहे।

शासकीय जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिक्रमण के कारण सूर्य हमको कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिचर होता है। शनिवार 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत रहा। इसे वसंत सम्पात कहते है। सूर्य को विषुवत रेखा पर लम्बवत होने के कारण दिन और रात बराबर-बराबर 12-12 घंटे के गुजरे। 21 मार्च के बाद सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध एवं मेष राशि में प्रवेश करेगा। शनिवार को सूर्य की क्रांति 0 अंश 15 कला उत्तर रही तथा मेष राशि में सूर्य 0 अंश 39 कला 5 विकला पर रहा। सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बडे होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। यह क्रम 21 जून तक जारी रहेगा। 21 जून को भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बडे तथा रात सबसे छोटी होगीं। 21 मार्च से सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में प्रवेश के कारण सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्द्ध में ब?ने लगेगी। जिससे ग्रीष्म ऋतु का प्रारम्भ होता है।

**शंकु यंत्र से देखा खगोलीय घटना का नजारा-** जीवाजीराव वेधशाला पर दिन-रात की बराबर अवधि को शंकु यंत्र और नाडीवलय यंत्र के माध्यम से पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वारा प्रत्यक्षरूप समझाया। खागोलीय घटना में रूची रखने वाले ने शंकु की छाया को पूरे दिन सीधी रेखा (विषुवत रेखा) पर गमन करते हुए देखा। पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता ने बताया कि 21 मार्च के पूर्व नाडीवलय यंत्र के दक्षिणी गोल भाग (24 सितम्बर से 20 मार्च तक) पर धूप थी। रविवार से नाडीवलय यंत्र के उत्तरी तथा दक्षिणी किसी गोल भाग पर धूप नहीं होगी। अगले छह माह (22 सितम्बर तक) नाडीवलय यंत्र के उत्तरी गोल पर धूप रहेगी। इस प्रकार सूर्य के गोलार्द्ध परिवर्तन को हम नाडीवलय यंत्र के माध्यम से देख सकते है।

**तापमान में आई 1 डिग्री की तेजी**

खगोलीय घटना के साथ शनिवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की तेजी दर्ज की गई। दिन का तापमान 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मौसम में आये बदलाव के चलते दिन-रात का तापमान कम दर्ज हो रहा था। लेकिन अब ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होने पर तापमान में तेजी आने लगेगी। रात का तापमान भी बडेगा। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को हवा की गति भी 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की कम चली।

# जिंदगी का हिसाब-किताब



एक गांव के पास बहुत सुंदर पहाड़ था। पहाड़ पर एक मंदिर बना हुआ था। करीब दस मील की दूरी पर वह मंदिर स्थित था और गांव से ही लोगों को दिखाई पड़ता था। उस मंदिर की मान्यता बहुत थी। दूर-दूर से लोग उसके दर्शन करने आते और उस पहाड़ की खूबसूरती की बातें किया करते। उस गांव में एक युवक था, जो यह सोचता रहता कि मुझे भी दर्शन करना है। चूंकि मंदिर करीब था, इसलिए उसे यह भी आश्वस्ति रहती कि वह कभी भी देख आएगा। एक दिन उसने तय कर ही लिया कि आज रात ही मुझे उठकर चल देना है, सुबह से धूप चढ़ आती है। इसलिए वह दो बजे रात में उठा, उसने अपनी लालटेन जलाई और गांव के बाहर निकल आया। घनी अंधेरी रात थी। वह बहुत डर गया। उसने सोचा, छोटी सी लालटेन है, इससे बमुश्किल दो-तीन कदम तक रोशनी जा रही है और दस मील का फासला तय करना है। इतने घने अंधेरे में लालटेन से दस मील का फासला कैसे तय होगा? मुझे सूरज की राह देखनी चाहिए, यही ठीक होगा। वह वहीं गांव के बाहर बैठ गया।

एक तरह से उसका सोचना ठीक भी था। उसका सफर का गणित बिल्कुल दुरुस्त था। आमतौर से ऐसा ही गणित अधिकतम लोगों का होता है। तीन फीट तक प्रकाश पहुंच पा रहा और दस मील लंबा रास्ता! दस मील में तीन फीट से भाग दें, तो कहीं इस लालटेन से काम चलने वाला है? इसके लिए तो हजारों लालटेन चाहिए, तब जाकर कहीं कुछ हो सकता है। वह वहीं पर बैठे-बैठे सुबह की प्रतीक्षा करने लगा, तभी एक बूढ़ा आदमी छोटा सा दीया अपने हाथ में लिए पहाड़ी मंदिर की ओर बढ़ता हुआ दिखा। उसने उस बूढ़े व्यक्ति से पूछा, पागल हो गए हो? कुछ गणित का भी पता है? दस मील लंबा रास्ता है और तुम्हारे दीये से तो एक कदम भी रोशनी नहीं पड़ रही है। उस बूढ़े ने कहा- पागल, एक कदम से ज्यादा कभी कोई चल भी पाया है? एक कदम से ज्यादा मैं चल भी नहीं सकता, रोशनी चाहे हजार मील पड़ती रहे। जब मैं एक कदम चलता हूं, तब रोशनी एक कदम आगे बढ़ जाती है। दस मील क्या, मैं दस हजार मील पार कर लूंगा। उठ, चल, तू क्यों बैठा है? तेरे पास तो अच्छी लालटेन है। एक कदम तू आगे चलेगा, रोशनी उतनी ही आगे बढ़ जाएगी। जिंदगी में अगर कोई पूरा हिसाब-किताब पहले ही लगा ले, तो वह वहीं बैठ जाएगा, वहीं डर जाएगा और खत्म हो जाएगा। जिंदगी में एक-एक कदम का हिसाब लगाने वाले लोग हजारों मील चले जाते हैं और हजारों मील का हिसाब लगाने वाले एक कदम भी नहीं उठा पाते, डर के मारे वहीं बैठे रह जाते हैं।

**सम्पादकीय**

## पेट्रोल पर दबाव

भारत में भी तेल कंपनियां पावर या प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये से अधिक की बढ़ोतरी करने को मजबूर हुई हैं। 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से भारत में पेट्रोल की कीमत में कोई बढ़त नहीं देखी गई थी, जबकि अन्य देशों में लगातार वृद्धि हो रही है। जैसे, अमेरिका में युद्ध के बाद से पेट्रोल की कीमत में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कनाडा में 28 प्रतिशत की। ऑस्ट्रेलिया में 18 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई है, तो पाकिस्तान में 24 प्रतिशत उछाल देखी गई है। संभव है,भारत में सत्ता प्रतिष्ठान के इशारे पर तेल कंपनियां अब तक कीमतें न बढ़ा पाई हों। पांच राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव हैं, लेकिन तेल-गैस के मोर्चे पर विश्व स्तर पर जो तनाव उत्पन्न हुआ है, उसके मद्देनजर भारतीय तेल कंपनियों को कीमत वृद्धि से रोकना कठिन था। हालांकि, ध्यान देने की बात है कि यह वृद्धि केवल पावर या प्रीमियम श्रेणी के पेट्रोल में की गई है। इस श्रेणी के पेट्रोल की खपत पांच प्रतिशत के करीब है। ज्यादातर लोग सामान्य पेट्रोल का ही इस्तेमाल करते हैं और इसकी कीमत को नहीं बढ़ाया गया है।

पावर पेट्रोल के भाव में 2.35 रुपये से तीन रुपये तक की बढ़त देखी जाएगी। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय टैक्स के हिसाब से अलग कीमतें रहेंगी। यह अच्छी बात है कि सामान्य डीजल की कीमत को अभी नहीं छेड़ा गया है। ज्यादातर मालवाहक वाहन डीजल से ही चलते हैं। जब सामान्य डीजल की दरें बढ़ेंगी, तब महंगाई को ज्यादा बल मिलेगा। वैसे, इंडियन ऑयल ने इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में 22 रुपये से ज्यादा का इजाफा कर दिया है। मतलब, उद्योगों में जो डीजल इस्तेमाल होता है, उसकी कीमत पहली बार 100 रुपये के पार पहुंची है। इसका असर कुछ उत्पादों की कीमतों पर पड़ सकता है। जहां तक रसोई गैस की बात है, तो उसमें पहले ही बढ़ोतरी हो चुकी है। यह वृद्धि घरेलू रसोई गैस में 60 रुपये और व्यावसायिक गैस में 144 रुपये है। एक बड़ा खतरा यह है कि कच्चे तेल की कीमतें विश्व स्तर पर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। अब ईरान और अमेरिका ने परस्पर जो हमले तेज किए हैं, उससे तेल व गैस, दोनों के दोहन और आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा है। स्थितियां लगातार तनावपूर्व होती जा रही हैं। दोनों देश तेल व गैस के संवेदनशील ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। युद्ध की यह दशा-दिशा, तेल और गैस के संकट को न जाने किस सीमा तक ले जाएगी?

**आज विश्व जल दिवस पर विशेष**

# सुरक्षित रखना है कल, तो आज बचाइए जल

हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता में जल अनिवार्य आवश्यकता के साथ प्रथम स्थान पर है। अब हमारे देश के प्रत्येक संगठन, स्थानीय निकाय, कृषक, उद्यमी, वैज्ञानिक एवं प्रत्येक व्यक्ति को जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए प्रयास करना होंगे। वर्तमान परिस्थितियों में जल को बचाने, भंडारण करने वह उसे सहेज कर रखने का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को होना ही चाहिए।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

विश्व में मनुष्य के इस्तेमाल करने लायक पानी आज भी उतना ही है, जितना 2000 वर्ष पूर्व था। इस बीच जनसंख्या कई गुना बड़ी है, और पानी के उपयोग की विविधता भी बढी है। मानव पानी का उत्पादन तो नहीं कर सकता उल्टे जो सीमित पानी उपलब्ध है, उसमें प्रदूषण का विष घोल रहा है। स्पष्ट है कि 1950 की तुलना में 24 लाख तालाब में 5 लाख ही बच्चे हैं जल प्रदूषण के कारण देश में प्रतिवर्ष मरने वालों की संख्या 8 लाख से अधिक है। यह स्पष्ट है कि पानी का उपयोग 70% खेती में, 22% उद्योगो में और शेष 8% घरेलू उपयोग में आता है। उद्योगों में पानी की बहुत खपत होती हैं ,1 टन इस्पात के निर्माण में 300 लिटर पानी लग रहा है। सिंचाई के लिए प्रयुक्त पानी में से सामान्यतः 35 से 50% ही पौधों की जड़ों में पहुंचता है, शेष बेकार चला जाता है, अतः ड्रिप सिंचाई के जरिए, यह अपव्यय रोका जा सकता है।

सबसे पहले ह्यवर्ल्ड वाटर डेह्ल को मनाने का प्रस्ताव 1992 में यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस ऑफ एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट में लिया गया था। 1993 में यूनाइटेड नेशनल जनरल असेंबली में 22 मार्च दिन वर्ल्ड डे ऑफ वाटर के रूप में घोषित किया जिसे आज ह्यवर्ल्ड वाटर डेह्ल के नाम से जाना जाता है। प्रतिवर्ष इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ जल की कीमत बताने और उस जल के रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए काम करने से है। जल के संरक्षण को लेकर अभी भी जन जागरूकता का काफी अभाव है, यही वजह है कि स्वच्छ जल दिनो -दिन घटता जा रहा है, और लोगों के प्यासे रहने की मजबूरी बढ़ती जा रही है। आने



वाले समय में लोगों के लिए शुद्ध जल की उपलब्धता एक संघर्षपूर्ण चुनौती होगी।

दुनियाभर के देशों ने जल की बचत करने के कई उपाय किये है। इनमें दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर ने पिछले दो दशकों में जल के उपयोग को 30 प्रतिशत तक कम करने में कामयाबी हासिल की है। इजराइल में जल बहुत ही दुर्लभ है, फिर भी रेगिस्तानी जलवायु होने के बावजूद भी यह देह हमेशा जल संरक्षण में आगे ही रहा है। आज इसराइल उपयोग किए गए 85 प्रतिशत जल को रिसाइकल करता है। इसके अलावा यहाँ 230 ऐसे तालाब भी बनाए गए हैं जिनमें रिसाइकल किया गया पानी संग्रहित किया जाता है। टोक्यो जो की 3.5 करोड़ से अधिक आबादी वाला शहर है, वहां हर दशक में एक दो साल ऐसे आते हैं, जब वहा सूखे के हालात बनते हैं। वहां घरों की 90,000 वर्गफीट छत से वर्षा जल को सीधे एक टैंक में भेजने का इंतजाम किया गया है। यूके वाटर मॉनिटरिंग तकनीक दुनिया में अग्रणी है वहां पानी का इस्तेमाल कहां किस काम में कितना करना है । इसकी जानकारी स्मार्ट मीटर से मैनेज की जाती है। मीटर यह भी बताता है, कि कहां लीकेज है और पानी को बचाने के लिए क्या तरीके अपना सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी विश्व जल विकास रिपोर्ट 2023 में लिखा गया था, कि दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी वर्तमान में स्वच्छ पेयजल के संकट का सामना कर रही है। वर्ष 2030 तक स्वच्छ पेयजल दुनिया के सभी लोगों को उपलब्धता से काफी दूर रहेगा। इस जल संकट के कारण 700 करोड लोगों को विस्थापित करना पड़ेगा। अब जल संरक्षण बहुत जरूरी है , क्योंकि दुनिया का केवल 30 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य बचा है। इसका भी दो तिहाई हिस्सा जमे हुए ग्लेशियरो में है । जो हमारे उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं है। आज 30% गांव में जल संकट है ,और 87 हजार गांव में देश के जल संकट का सामना कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक पानी की समस्या एक विकराल रूप ले लेगी। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार 2040 तक दुनिया में हर चार में से एक बच्चा अत्यधिक जल संकट वाले क्षेत्र में रहा होगा , यानी दुनिया भर में बचपन जल संकट के कारण संकट में होगा।

वर्तमान में दक्षिण भारत में जल संकट काफी चर्चा में है। ताजा स्थिति यह है कि कर्नाटक की में जल स्तर सामान्य से 26 प्रतिशत कम है। पिछले वर्षों में बेंगलुरु शहर में 23 सप्ताह से जलाशय सूखने की कगार पर रहे थे, वहां पानी के टैंकरों व रेलवे ट्रेनों से पानी की पूर्ति हो रही है। तमिलनाडु में 27 प्रतिशत व तेलंगाना में 10 प्रतिशत पानी की कमी है। अब केरल में भी जल संकट बढ़ने के आसार है। अमेरिका, चीन और भारत के बहुत से हिस्सों में भूमिगत जल का तेजी से उपयोग हो रहा है, जिस कारण जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है। अगर जल के फिजूलखर्ची की यही रफ्तार रही , तो बहुत जल्द ही सारे कुँए, ट्यूबवेल और हेडपंप सूख जाएंगे एवं पेड़-पौधे पानी की कमी से मरने लगेंगे । अतः अब बारिश के पानी को सहेजने की अत्यंत आवश्यकता है। इसके लिए रूफ टॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग मुख्य उपाय है। इस तरीके में 200000/? खर्च होता है, व रखरखाव का खर्च मात्र ?200/ प्रति वर्ष होता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी की कमी के कारण ही होगा। अब पानी अपनी हर बूंद की कीमत बता रहा है क्योंकि हम पानी की इज्जत करना भूल गए हैं। हम इसे प्रदूषित कर रहे हैं एवं इसे व्यापार करने की वस्तु बना ली है। पानी के जरिए बोतल बंद पानी बेचने से करोड रुपए कमाए जा रहे हैं। यदि हमने पानी को लेकर अपना व्यवहार नहीं बदला, तो निकट भविष्य में हाहाकार मच जाएगा। इसके बावजूद भी लोगों में जल संरक्षण की दिशा में गंभीरता का अभाव दिखता है। अब देश के भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए पानी की हर बूंद का संग्रहण, मौजूदा जल का मितव्ययी उपयोग और हमारी नीतियों के बदलाव द्वारा ही इस समस्या का समाधान संभव है।

## सब्सिडी वाला प्यार

कानपुर के उस कटीले और कुतूहलपूर्ण कूचे में, जहाँ काकादेव के कयासों और किदवई नगर की किंवदंतियों का संगम होता है, फेसबुक के फरेबी फलक पर एक ऐसा 'मायावी मुसाफिर' अवतरित हुआ जिसने सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने का साक्षात स्वांग रचा। इस 'हवाबाज हुनरमंद' ने पहले अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों की चाशनी से एक भोली-भाली कन्या के हृदय में सेंध लगाई। उसने बड़ी नफासत से कहा- । सुनो, मुझे ये सार्वजनिक जगहों की भीड़भाड़ और शोर-शराबा कतई पसंद नहीं, मैं तो तुम्हारे घर की गरिमापूर्ण दहलीज पर ही अपनी शराफत का सार्टिफिकेट देना चाहता हूँ।। यानी शिकार ने खुद ही शिकारी के लिए अपने घर का मुख्य द्वार खोल दिया और उसे 'संस्कारी दामाद' की श्रेणी में पहले ही रख दिया।

दोपहर की उस दग्ध और तपती दुपहरी में, जब कानपुर के कर्मठ नागरिक कचौड़ी-रायता चापकर खराटों की खेती कर रहे थे, यह 'पढ़ाई-लिखाई का ढोंगी' अपनी साख और एक संदिग्ध बोरा संभालकर रंगमंच पर हाजिर हुआ। घर में घोर सन्नाटा था और मौका एकदम मनचाहा। उसने अपनी जुबान की जादूगरी से जो मायाजाल बुना, उसमें लड़की का विवेक ऐसा उलझा कि उसे सामने खड़ा ठग कोई 'अवतारी पुरुष' लगने लगा। तभी उस धूर्त ने अपनी जेब से वह 'नशीली निलांजली' यानी एक रहस्यमयी चॉकलेट निकाली। लड़की ने पूछा- । यह क्या है? उस 'सफेदपोश जालसाज' ने गंभीरता से कहा- ।यह बड़े शहरों का विशेष प्रसाद है, इसे चखते ही जीवन की सारी परेशानियाँ और तनाव गायब हो जाएंगे।। जैसे ही उसने उस 'मीठे कुचक्र' का रसास्वादन किया, उसकी पलकें पस्त होने लगीं और वह सोफे पर इस तरह ढेर हुई जैसे भारी भरकम टैक्स लगने के बाद मिडिल क्लास की उम्मीदें धड़ाम से गिरती हैं। अब हमारे इस 'बहरूपिये बाजीगर' ने अपनी असलियत का आईना दिखाया और सीधे अंदरूनी कमरों की ओर कूच किया। अमूमन ऐसे खूंखार अपराधी तिजोरियों के ताले तोड़ते हैं, पुश्तैनी गहनों की पोटली बांधते हैं या अलमारी में रखे नगद नारायण पर हाथ साफ करते हैं। पर इस विचित्र विलेन का विजन तो कुछ और ही था। उसने कीमती आभूषणों की चकाचौंध को ऐसे ठुकराया जैसे कोई डायटिंग करने वाला रसगुल्ले को दुत्कारता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक . 22 मार्च 2026 रविवार
सूर्योदय . 06रू33 सूर्यास्त 18रू35
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल . 16रू30 से 18रू00 तक
तिथि . चतुर्थी 21रू16 उपरांत पंचमी
नक्षत्र . भरणी 22रू42 उपरांत कृतिका
योग . वैधृति 15रू41 उपरांत विष्कुंभ
करण . वणिज
चन्द्रमा . मेष में है। 28रू13 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास . सव्वाल मास 02 तारिख

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्?थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृषभ-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**कर्क-** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा।

**वृश्चिक-** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**धनु-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**मकर-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कुंभ-** मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मीन-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में तनाव हो

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**व्यंग्य**

## राज्यसभा का पवित्र स्नान...!

जब जनता का मिजाज बदल जाए अचानक,
वोटों की नाव डूबने लगे नया बनाओ कथानक।
नेताजी के चेहरे पर आए मुस्कान जागे अरमान,
अब चलो कर लेते हैं राज्यसभा में पवित्र स्नान!
ना रैली की धूल ना जनता की करना पड़े गुहार,
ना घर-घर जाकर हाथ जोड़ना पड़ रहें बार-बार।
बस पार्टी का हो आशीर्वाद व दिल्ली का विमान,
सीधे ही पहुँच जाते हैं राज्यसभा के घाट महान।
यहाँ कोई बोले हैं-यह अनुभव का है सम्मान,
तो कोई कहता-यह राजनीति का है वरदान।
देश की जनता मुस्कुरा के हौले-हौले कह देती है,
ये हार का नहीं सियासत का भी नया है प्लान।

■ संजय एम तराणेकर

## मेरा वाला ऐसा नहीं

घर की ना घाट की लव-जिहाद की शिकार बनी स्त्रियॉ,
कुचली जाती है हॅसती-खेलती आनंद कोमल कलियॉ,
अपनों के ही खिलाफ बगावत करती नासमझ बेटियॉ,
प्यार में धोखा खा ये गुमसुम गुमराह आधी टूटी स्त्रियॉ ।
जिनके लिए संजोएं मॉ-बाप ने जीवन के रंगीन सपनें,
वो प्रेम में पड़ अनदेखा करे कौन पराए कौन है अपने,
आज को धकेल गर्त में छोड़ देती परिवार को तड़पनें,
ज्ञानेंद्रियों को नकार बस प्रेम की माला लगती जपने ।
ऑखों पर पट्टी बॉध वे कहती मेरा वाला ऐसा नहीं,
विपरीत लिंग आकर्षण में गुम हो जाती हैं वे कहीं,
प्यार में अंधे होकर संस्कारों को भुलाना सही नहीं,
ये भी सच हर प्रेमी युगल शाहरुख खान-गौरी नहीं ।
पवित्र प्रेम को वो शारीरिक आर्थिक चमक समझती,
वास्तविकता से परे प्रेमी के प्रेम-जाल में नित रमती,
अपने स्वतंत्र अस्तित्व की बलि देने में देर नहीं लगाती,
स्वयं भविष्य को उजाड़ गलत फैसले की मार सहती ।
अंततः शर्मिंदा हो गलतियों पर करें वे इंसाफ की टेर,
मगर समय हाथ से निकल जाता हो जाती है बहुत देर,
बटोरती कुछ दिन वो फिर अखबारों की सुर्खियॉ घनेर,
पर सच यहीं मासूम सी जिंदगी हो जाती रेत जैसे ढेर ।

■ मोनिका डागा आनंद

## दोस्ती

दोस्ती का मतलब जिसने समझा सही
उसे दुनिया से कोई शिकवा नहीं
दोस्ती से बढ़कर दुनिया में कोई नहीं
वो क्या जाने ,जिसने दोस्ती की ही नहीं
आँखों ने की पलकों से दोस्ती
शब्दों ने की होठों से साँसों ने की जब हवाओं से दोस्ती
जीने का मजा आने लगा दोस्ती का मतलब
पाँवों ने की जमी से दोस्ती घुंघरुओं ने की पाँवों से
संगीत ने की जब कानों से दोस्ती
सुनने का मजा आने लगा
दोस्ती का मतलब आँखों ने की आईने से दोस्ती
श्रृंगार ने की चेहरे से मन जब तन से दोस्ती
सजने का मजा आने लगा दोस्ती का मतलब

■ संजय वर्मा दृष्टि

# खाली पेट मेथी दाने का पानी पीने से हफ्ते भर में पेट से जुड़ी परेशानी हो जाएगी खत्म

आपने बहुत सारे हेल्थ एक्सपर्ट या डाइटीशियन कहते हैं कि खाली पेट मेथी दाने का पानी पीना फायदेमंद होता है? ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सच में पीना फायदेमंद होता है. तो चलिए आपको बताते हैं क्या कहता है रिसर्च? आयुर्वेद के मुताबिक रोजाना सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी पीने से पेट संबंधी कई समस्याएं हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। मेथी दाने का पानी डायबिटीज, पाचन और पेट संबंधी कई सारी बीमारियों को कंट्रोल में करती है।



आजकल की भागदौड़ वाली और खराब लाइफस्टाइल के कारण खाली पेट मेथी का पानी पीने की आदत डाल दें। आजकल लोग काफी देर तक एक जगह बैठकर घंटों काम करते हैं। अनहेल्दी खाना खाते हैं। देर रात तक मोबाइल चलाते हैं। इस तरह की लाइफस्टाइल के कारण अक्सर लोगों को एसिडिटी, पेट में जलन और ब्लोटिंग की समस्या होती है। ऐसे लोगों को तो जरूर रोजाना खाली पेट मेथी दाने का पानी पीना चाहिए।

भीगे हुए मेथी के बीज स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। यदि आप इन्हें अंकुरित करते हैं तो ये और भी अधिक फायदेमंद होते हैं।

### एसिडिटी में राहत

भीगे हुए मेथी दानों का सेवन खाली पेट किया जा सकता है। इससे एसिडिटी से राहत मिलती है।

### डायबिटीज

मेथी दाना ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। मेथी के पानी का सेवन करने से मधुमेह रोगियों को काफी फायदा होता है। अंकुरित मेथी और भी बेहतर है क्योंकि इसमें भीगे हुए मेथी दानों की तुलना में 30-40% अधिक पोषक गुण होते हैं। मेथी की तासीर गर्म होती है इसलिए जिन लोगों को कफ की समस्या रहती है उनके लिए अच्छा होता है। डाइट में शामिल करने से शरीर हमेशा गर्म रहता है।

### पाचन

भीगी हुई मेथी का सेवन पाचन को बढ़ावा देने और गैस्ट्राइटिस को दूर रखने के लिए भी अच्छा है।

### कोलेस्ट्रॉल

जो लोग उच्च कोलेस्ट्रॉल से जूझते हैं, उनके लिए भीगे हुए या अंकुरित मेथी के बीज इसके स्तर को कम करने में मदद करता है।

**धर्म-आस्था**

# लोक उत्सव गणगौर : आस्था, परंपरा और नारी शक्ति का अद्भुत संगम

मरुधरा की सांस्कृतिक धरोहरों में यदि किसी उत्सव ने लोकजीवन की आत्मा को सबसे गहराई से स्पर्श किया है, तो वह गणगौर है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, सौंदर्य, प्रेम और नारी जीवन के विविध रंगों का जीवंत उत्सव है। राजस्थान की मिट्टी में रची-बसी यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और उल्लास के साथ जीवित है, जो सदियों पहले थी।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

गणगौर का उत्सव भारतीय लोकसंस्कृति की उस परंपरा का प्रतीक है, जहां देवी-देवताओं के माध्यम से जीवन मूल्यों को संजोया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का है, जिन्हें यहां ईसर और गौरा के रूप में पूजा जाता है। गणगौर शब्द स्वयं में इस भाव को समेटे हुए है-गण अर्थात शिव और गौर अर्थात पार्वती। यह मिलन केवल देवत्व का नहीं, बल्कि दांपत्य जीवन के आदर्शों का भी प्रतीक है।

लगातार सत्रह दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं और कन्याओं के जीवन से जुड़ा हुआ है। होली के दूसरे दिन से आरंभ होकर चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलने वाली यह साधना नारी के समर्पण, संयम और विश्वास की अभिव्यक्ति है। अविवाहित कन्याएं योग्य वर की प्राप्ति के लिए और विवाहित महिलाएं अपने पति के सुख, समृद्धि और



दीर्घायु के लिए व्रत और पूजा करती हैं। इसीलिए इसे सुहाग पर्व भी कहा जाता है। गणगौर का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसकी लोकपरंपराएं हैं, जो इसे और अधिक जीवंत बनाती हैं। मिट्टी की ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं बनाना, प्रतिदिन उनका पूजन करना, गीत गाना और सामूहिक रूप से उत्सव मनाना-ये सभी परंपराएं समाज में एकता और सामूहिकता का संदेश देती हैं। गांव-गांव में गूंजते गणगौर के गीत केवल संगीत नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत का स्वर हैं।

राजधानी जयपुर सहित मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी और ढूंढाड़ क्षेत्र में गणगौर का उत्सव विशेष भव्यता के साथ मनाया जाता है। शोभायात्राएं, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और सजे हुए रथ इस उत्सव को एक अनुपम दृश्य प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उमड़ने वाली भीड़ केवल दर्शक नहीं होती, बल्कि संस्कृति के उस प्रवाह का हिस्सा होती है, जो भारत की पहचान है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता गौरी का विवाह भगवान शिव के साथ हुआ था। यह कथा न केवल धार्मिक आस्था को पुष्ट करती है, बल्कि यह भी बताती है कि भारतीय संस्कृति में विवाह को एक पवित्र और दिव्य बंधन माना गया है। गणगौर का व्रत इसी विश्वास को और सुदृढ़ करता है कि श्रद्धा और संयम से जीवन में सुख और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। इस पर्व की सबसे मार्मिक झलक इसके अंतिम चरण में देखने को मिलती है, जब ईसर-गणगौर की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। यह विदाई केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भावनाओं का वह प्रवाह है, जिसमें नारी अपने आराध्य को विदा करते हुए जीवन की निरंतरता को स्वीकार करती है। लोकगीतों में झलकता यह विरह और प्रेम भारतीय संस्कृति की संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण है।

आज जब आधुनिकता के प्रभाव में अनेक परंपराएं क्षीण हो रही हैं, ऐसे समय में गणगौर जैसे लोकोत्सव हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। यह केवल पर्यटन या प्रदर्शन का माध्यम नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे उसी श्रद्धा और मूल भावना के साथ संरक्षित करना आवश्यक है, जिसके कारण यह परंपरा आज तक जीवित है। वास्तव में गणगौर केवल राजस्थान का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस जीवंत धारा का प्रतीक है, जिसमें नारी शक्ति, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम दिखाई देता है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि विकास और आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को संजोए रखना ही हमारी वास्तविक शक्ति है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,000, रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,37,700 पाट- 2,36,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## कुंभराज क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एसडीएम-एसडीओपी का संयुक्त निरीक्षण

**गुना।** कुंभराज क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय एवं एसडीओपी मनोज झा द्वारा संयुक्त रूप से बांसाहेड़ा चौकी, थाना मृगवास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चौकी परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा शिकायत पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने आमजन एवं पीड़ितों की लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने पुलिस के व्यवहार में सुधार पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि शिकायतकताओं एवं आम नागरिकों के साथ सौम्य एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फरियादियों के लिए पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान लंबित अपराधों की स्थिति की समीक्षा कर त्वरित जांच एवं शीघ्र कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आवश्यक सामग्री हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय को मांग पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए। हवालात का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने कहा कि जिले में इस प्रकार के अनुभाग स्तरीय संयुक्त निरीक्षण से कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सुरेश कुशवाह, चौकी प्रभारी जगदीश जाटव, पुलिस बल एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## होम डिलीवरी के रूप में उपभोक्ताओं को घर-घर पहुंचा रहे सिलेंडर



**आरोन।** नगर में स्थित इंडेन गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर से बुकिंग करने की दो या तीन दिन में ही उपभोक्ताओं के घर पते पर सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं जिससे कि उपभोक्ताओं में खुशी की लहर है। एजेंसी संचालक मुकेश पटेल से भी इस मामले में बात की गई तो बताया कि निरंतर रूप से हमारी सेवाये सर्वप्रथम उपभोक्ताओं के लिए जारी है। वहीं एलपीजी गैस बुकिंग एवं सिलेंडर ना मिलने जैसी कोई दिक्कत नहीं है भरपूर मात्रा में एलपीजी पर्याप्त है। संचालक ने अपील की है कि उपभोक्ता घबराएं नहीं किसी भी प्रकार की बुकिंग में अगर समस्या आ रही है तो सीधा गैस एजेंसी पर आकर संपर्क करें।

## सिंधी समाज ने झुलेलाल जन्मोत्सव अवसर पर चल समारोह निकाला



**शुजालपुर।** सिंधी समाज ने अपने आराध्य देव भगवान झुलेलाल का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया। चेटीचंड पर्व के चलते शुजालपुर में शुक्रवार को सिंधी समाज ने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। शुक्रवार की सुबह शहर में समाजजनों ने भगवान झुलेलाल के जयकारों के साथ दो पहिया वाहन रैली निकाली, जो कि ब्रजनगर कॉलोनी स्थित झुलेलाल मंदिर पर सम्पन्न हुई। समाजजनों ने दोपहर में सिंधी धर्मशाला पर भंडारे का आयोजन किया, साथ ही शाम को शहर में चल समारोह निकाला गया, जो कि प्रमुख मार्गो से गुजरा। इस दौरान भगवान की झांकी भी सजाई गई।

## राठौर समाज ने फूलपाती डोल से चल समारोह निकाला



**खाचरौद।** नगर के श्री राम मंदिर गणेशदेवली से राठौर समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर पूजन कर फूलपाती का चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

### देवास में चौराहों पर पुलिस रही तैनात

# ईद-उल-फितर पर मस्जिदों में अता की नमाज, लोगों ने अमन-चैन की दुआएं मांगी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया, जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह मस्जिदों में नमाज अदा की, नमाज के बाद अमन-चैन और शांति की दुआ मांगी और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, वहीं शहर की मुस्लिम बस्तियों में सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली।

**सुबह मस्जिदों में अता की गई नमाज**

शनिवार सुबह देवास शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज के लिए पहुंचे। शहर की ईदगाह जामा मस्जिद में सुबह 10:30 बजे और जूनियर मस्जिद में सुबह 10:15 बजे नमाज अदा की गई, जहां नमाजियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। नमाज के बाद सभी लोगों ने देश में अमन-चैन, शांति और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं।

**गले मिलकर दी मुबारकबाद**

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और खुशियां साझा कीं। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। ईद को लेकर शहर की मुस्लिम बस्तियों में सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली। हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल रहा।

**बाजारों में रही रौनक**

शुक्रवार शाम को चांद दिखने के साथ ही ईद की खुशियां शुरू हो गई थीं। शहर के बाजार सज गए थे और मुस्लिम महिला-पुरुष देर रात तक खरीदारी करते नजर आए। ईद के मौके पर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विभिन्न चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई, जिससे पूरे शहर में शांति और व्यवस्था बनी रही।

**दिनभर चला मुबारकबाद का सिलसिला**

ईद के मौके पर लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे। पूरे दिन त्योहार का उत्साह बना रहा। कुल मिलाकर देवास में ईद-उल-फितर का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाया गया, जहां सभी ने मिलकर एकता का संदेश दिया।

**काजी व समाज प्रमुख का स्वागत**

**महिदपुर।** ईद के पावन पर्व पर स्थानीय आम्बेडकर चौक पर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में शहर काजी मसउद अली एवं समाज के प्रमुखजनों का स्वागत किया गया। ईदगाह से चल समारोह के रूप में पहुंचे शहर काजी व समाजजनों का कांग्रेस कार्यकताओं ने शॉल व पुष्पमालाओं से अभिनंदन कर ईद की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश बगाना, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग सहित कई पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



चित्रकूट शिविर से लौटे विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

## नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से लौटे स्वयंसेवकों का महाविद्यालय में स्वागत

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे, जिनका महाविद्यालय में स्वागत किया गया। यह शिविर चित्रकूट में आयोजित हुआ था। स्वागत कार्यक्रम के दौरान शिविर में चयनित स्वयंसेवक मनोहर सिंह, कपिल सिंह, रेनू जाटव एवं निसर्ग गायकवाड़ का अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की। स्वयंसेवकों ने बताया कि 8 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं सेवा भावना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है और ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भाकर ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिविर से प्राप्त अनुभवों का उपयोग समाज सेवा एवं महाविद्यालय की गतिविधियों में करें। महाविद्यालय परिवार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

### महर्षि गौतम जयंती पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का भव्य आयोजन

## मनोज उपाध्याय लगातार तीसरी बार बने अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी महर्षि गौतम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन एवं पूणार्हुति के बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाज की वार्षिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें पूर्व कार्यकारिणी द्वारा पूरे वर्ष का लेखा-जोखा समाज बंधुओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मनोज उपाध्याय को लगातार तीसरी बार समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं नई कार्यकारिणी में हेमंत जोशी को उपाध्यक्ष, सुनील शर्मा को सचिव तथा घनश्याम तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। शेष कार्यकारिणी गत वर्ष की भांति ही सक्रिय रूप से समाज हित में कार्य करती रहेगी। इसी दौरान जिला गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा भी नगर की श्रीमती वंदना शर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा श्रीमती रश्मि उपाध्याय को जीरापुर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठजनों एवं इष्ट-मित्रों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

महर्षि गौतम जयंती के अवसर पर नगर में भव्य गौतम ऋषि शोभायात्रा भी निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गौतम आश्रम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा प्रदान किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान समाजजनों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला तथा सभी ने महर्षि गौतम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### भारतीय परंपराओं का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

# कन्याओं का तिलक कर किया सम्मान, संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुड़ी पड़वा पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार, खिलाड़ी, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**नन्ही कन्याओं का किया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान मंत्री परमार ने नन्ही कन्याओं का तिलक कर उनका सम्मान किया, उन्हें चुनरी ओढ़ाई और उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा किया गया, जो निरंतर भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रयासरत है। उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। आयोजन में छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ गया।

## देवास में मनाया भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

**देवास।** देवास में पूज्य सिन्ध हिन्दू पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया गया। यह आयोजन पिछले पांच दिनों से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बाद संपन्न हुआ। जन्मोत्सव के अवसर पर बीती रात शहर में एक भव्य चल समारोह निकाला गया। यह समारोह जयप्रकाश मार्ग स्थित मोहनधाम मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों जैसे तीन बत्ती चौराहा, पुराना बस स्टैंड, जवाहर चौक, जनता बैंक, एमजी रोड, नावेटी चौराहा, तहसील चौराहा, सयाजीद्वार, एबी रोड, राजोले मार्केट और मोतीबंगला से होते हुए सिंधू भवन ट्रस्ट तक पहुंचा।

## चैत्र नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़



भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्योहार और वसंत ऋतु का पर्व है गुड़ी पड़वा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह चैत्र महीने के पहले दिन से हिन्दू नववर्ष की शुरूआत हो जाती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरुवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व चैत्र मास के नक्षत्र अमृत सिद्धि सहित नव विक्रम संवत 2083 की शुरूआत हुई।

नगर में कई समाज द्वारा गुड़ी पड़वा पर गुड़ी का पुजन किया गया। जिसमें गुड़ी को घर के द्वार, किसी ऊंची जगह या छत पर लगाया गया साथ ही घर के दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगा कर गुड़ी की पुजा कर नववर्ष की शुरूआत की।

गुड़ी पड़वा पर नव वर्ष के साथ क्षेत्र नवरात्रि की शुरूआत भी हो गई है नवरात्र में 9 दिनों तक माता मंदिरों में माता रानी के दर्शन करने और पूजा पाठ में अनुष्ठान करने हेतु भक्तों की भीड़ लगी रहेगी।चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में स्थित मां बिजासन माताजी व शिव पहाड़ी के दक्षिण की ओर विराजित मां चालर माताजी एवं पचलाना रोड ठाकुर सेरी स्थित मां हिंगलाज देवी मठ में विराजित 51 शक्ति पीठ मां हिंगलाज देवी मंदिर में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई साथ ही देवी मां के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई ।

## जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर बस स्टैंड पर घूम रहे बदमाश को दबोचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में अपराधों की रोकथाम और कुख्यात बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुजालपुर सिटी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर शहर में घूम रहे एक शातिर बदमाश को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपी राजेश उर्फ मुन्ना पिता नानूराम जाटव निवासी रायकनपुरा, शुजालपुर सिटी का रहने वाला है। राजेश लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। उसकी इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) शाजापुर के समक्ष पेश किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला दंडाधिकारी ने 15 दिसंबर 2025 को आदेश पारित कर आरोपी राजेश को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर (जिले की सीमाओं से बाहर) कर दिया था, लेकिन गुरुवार 19 मार्च 2026 को पुलिस के मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी राजेश उर्फ मुन्ना शहर के बस स्टैंड के आसपास घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए घेराबंदी की और काफी प्रयास के बाद इस शातिर बदमाश को धर दबोचा। आरोपी द्वारा जिला दंडाधिकारी के आदेश का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किए जाने पर, शुजालपुर सिटी थाने में उसके खिलाफ म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 और 15 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### जाहिर सूचना का प्रतिवाद

श्री अभिषेक सिंह सिकरवार अभिभाषक, कार्यालय डी-3, भरतपुरी काम्प्लेक्स, उज्जैन द्वारा दिनांक 13.03.2026 को दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना का प्रतिवाद हमारी पक्षकारा श्रीमती अनिता पति भगवानदास बासरी मलानी एवं स्व. श्री खेमचंद पिता परमानंद के वारिसान द्वारा निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया जाता है। यह कि, उल्लेखित भूखण्ड कमांक 1-ए व 1-बी जो कि सर्वे कमांक 1543/1 व सर्वे क्रमांक 1544 का भाग एम.आर.-5 रोड़, मकोड़िया आम क्षेत्र, उज्जैन से लगी हमारे पक्षकारगण के मालकी हक्क एवं स्वामित्व की है। जिसके संबंध में हमारे पक्षकारगण के पास संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध है। इस तरह सदर भूखण्डों के विक्रय पर हमारे पक्षकारगण को आपत्ति है हमारे पक्षकारगण मय लेखी प्रमाण उक्त संदर्भ में न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने का इरादा रखती है। सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्डों का कय-विक्रय हमारे पक्षकारगण की अनभिज्ञता में प्रभाव शून्य माना जावेगा एंव कोई भी करार हमारे पक्षकारगण की बगैर सहमति के किये जाने पर हमारे पक्षकारगण पर बंधनकारक भी नही होगा। इसके बावजूद भी यदि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय उक्त भूखण्डों का क्रय-विक्रय करते है तो हमारे पक्षकारगण उक्त संबंध में सिविल एवं आपराधिक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगी। सो सूचित होवे।

**जी.ए. ऐनवार अभिभाषक**
**कार्यालय- 109, जोशी चेम्बर्स, पंढरीनाथ पथ, आडा बाजार, इन्दौर मोबा. 9425353518**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्रमांक 5/2, श्रीपाल मार्ग, गली नंबर 3, उज्जैन मूल रूप से मनोहरलालजी पिता आनंदीलालजी पौराणिक के स्वामित्व का था, उनकी मृत्यु उपरांत उनके पुत्र संजय एवं संदीप पौराणिक इस मकान के स्वामी हुए और उनके द्वारा संपत्ति का विभाजन कर लिया गया है। श्री मनोहरलालजी पौराणिक के अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 5/2 का दक्षिण दिशा वाला भाग, श्रीपाल मार्ग, उज्जैन क्षेत्रफल 93.47 वर्गफीट को बंधक कर वर्तमान स्वामी संजय मनोहरलालजी पौराणिक को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 21/03/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1, युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94253-80339**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 46-ए स्थित सुरज नगर कॉलोनी उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 88.24 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम में- भूखण्ड़.क्रमांक 51-ए, उत्तर मे- भवन सोहनलाल पिता बाबुलाल कोदारी (बिक्री में शामिल चार दिवार) तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 45-ए स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति अशोक जैन पिता श्री भंवरलाल जी जैन ने इसके पूर्वस्वामी ज्योति पति राजेन्द्र मिश्रा पुत्री जगबहादुर सिंह एवं आभा दीक्षित पुत्री जगबहादुर द्वारा मुख्तयारआम शरद दीक्षित पिता श्री जगबहादुरसिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक A1/1257 दिनांक 16/06/2005 के माध्यम से क्रय कि। तथा अशोक जैन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार मूल विक्रय पत्र क्रमांक A1/1257 दिनांक 16/06/2005 का कही गुम हो गया है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त मुल विक्रय पत्र कहीं जमा हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

न्यूज़ कॉलम

## 637 वोट से जीते कांग्रेस विधायक पर संकट

**रीवा ।** रीवा के सेमरिया विधानसभा सीट से महज 637 वोटों से जीत हासिल करने वाले कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा की विधायकी पर संकट गहराता नजर आ रहा है। जबलपुर हाईकोर्ट ने उनकी जीत को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को खारिज करने से इनकार कर दिया है।जस्टिस विनय सराफ की एकल पीठ ने माना कि याचिका में उठाए गए आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं और इनकी सुनवाई जरूरी है। इसके साथ ही मामले को ट्रायल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

## कांग्रेस में अलग राह पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

**भोपाल।** एमपी में विधानसभा चुनाव में पौने तीन साल बाकी हैं। लेकिन, कांग्रेस में पावर की रेस तेज है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कई नेताओं को मंत्री, उपमुख्यमंत्री बनाने की बात कह चुके हैं। तो कई मंचों से आदिवासी सीएम बनाने की मांग भी उठ चुकी है।अब पूर्व नेता प्रतिपक्ष और सीधी जिले की चुरहट सीट से सात बार के कांग्रेस विधायक अजय सिंह "राहुल" प्रदेश भर में दौरे पर निकले हैं। अजय सिंह ने पिछले महीने चार दिनों तक चंबल का दौरा किया। अब वे बुन्देलखंड के दौरा करके पुराने कांग्रेसियों से मिल रहे हैं।विंध्य को छोड़कर दूसरे क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ा रहे अजय सिंह के पिता अर्जुन सिंह मप्र के मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार में मंत्री के साथ ही राज्यपाल भी रहे हैं। अजय सिंह भी मप्र सरकार में मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। अब वे अपने विंध्य क्षेत्र के अलावा दूसरे क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ा रहे हैं।दौरों में अजय सिंह के बयान साफ बता रहे हैं कि वे अपनी जगह खुद बना रहे हैं। और चुनाव के पहले विंध्य क्षेत्र तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश में अपनी टीम बनाने में जुटे हैं।

## ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जबलपुर में बड़ा घोटाला

**जबलपुर।** शिक्षा विभाग के पनागर विकासखंड में पदस्थ अकाउंटेंट ने शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाकर ना सिर्फ अपने और परिवार की जेब भरी, रिटायर हो चुके कर्मचारियों को कई सालों तक हर माह वेतन भी दिया।खुलासा होने के बाद पनागर थाने में तीन शिक्षा अधिकारियों सहित 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही सभी की गिरफ्तारी होगी। इधर फजीर्वाड़ा से घिरे लोगों को जैसे ही एफआईआर को पता चला, तो सभी अंडरग्राउंड हो गए हैं, जिनकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

## मंदिर से मूर्तियां गायब...संत ने त्यागा अन्न:18 घंटे से भूख

**राजगढ़।** जिले के खिलचीपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से एक पुजारी बिना बताए चोरी-छिपे भगवान की मूर्तियां ले गए। यह जानकारी मंदिर परिसर में रहने वाले 75 वर्षीय संत बालयोगी सोहनदास महाराज को लगी तो उन्होंने घटना से आहत होकर अन्न त्याग दिया। वे 18 घंटे से भूखे हैं।संत सोहनदास महाराज का कहना है कि जब तक भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की प्रतिमाएं वापस मंदिर में स्थापित नहीं हो जातीं, तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने भावुक होकर कहा- भगवान के चले जाने से मन बहुत दुखी है। अब कुछ खाने का मन ही नहीं करता। मूर्तियों की आखिरी बार पूजा करने जाते हुए पुजारी। ह्नभगवान चले गए, अब भोजन कैसे करूंह्व संत ने बताया कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि पुजारी भगवान की प्रतिमाएं क्यों लेकर गए, लेकिन मंदिर में हुई घटनाओं ने उन्हें झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भंवरलाल नाम के व्यक्ति ने मंदिर में आकर शराब के नशे में पुजारी के साथ अभद्रता की और थप्पड़ मारा था।संत का कहना है कि मंदिर की गरिमा के साथ इस तरह की घटनाएं पीड़ादायक हैं। यही वजह है कि वे बेहद आहत हैं।

## साइलेंट किलर बनते दो जहरों को लेकर चलेगा अभियान

**भोपाल।** एम्स भोपाल अब दो खतरनाक जहरों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी में है, जो आम लोगों की जान ले रहे हैं। फॉस्फीन गैस छोड़ने वाले एल्युमिनियम फॉस्फाइड (कीटनाशक) और जिंक फॉस्फाइड (चूहा मार दवा) पर आयोजित विशेष विष विज्ञान सत्र में विशेषज्ञों ने इनके खतरों, लक्षणों और इलाज की जानकारी दी।न्याय चिकित्सा एवं विष विज्ञान विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. एस श्रीहरि ने बताया कि ये जहर आसानी से उपलब्ध हैं और लापरवाही या गलत उपयोग के कारण गंभीर मामलों में बदल रहे हैं। समय पर पहचान और उपचार से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। वहीं, एम्स भोपाल के पॉइजन इंफॉर्मेशन सेंटर (ढक्ठ) के आंकड़े बताते हैं कि देश में जहर की चपेट में आने वाला हर दूसरा विक्टिम 10 साल से छोटा बच्चा है। इस सेंटर में साल 2020 से अब तक 786 फोन कॉल देशभर से आए हैं, जिनमें से 401 कॉल में विक्टिम की आयु 10 साल से कम थी। विशेषज्ञों ने बताया कि फॉस्फाइड जैसे जहर शरीर में पहुंचकर तेजी से असर करते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में देरी जानलेवा साबित हो सकती है। समय रहते पहचान और तुरंत चिकित्सा सुविधा मिलने पर मरीज की जान बचाना संभव है।

### शाजापुर में भाईचारे के साथ मनी ईद.....

# रेहमत उल्ला साहब को सौंपा गया नए शहर काजी का दायित्व






**शाजापुर।** रमजान के मुकद्दस महीने की इबादतों और रोजों के बाद शनिवार को शहर में ईदु-उल-फितर का त्यौहार अकीदत, हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। हजारों अकीदतमंदों ने एक कतार में खड़े होकर खुदा की बारगाह में सजदा किया और मुल्क में अमन, शांति व तरक्की की दुआ मांगी। इस मुकद्दस मौके पर रेहमत उल्ला साहब को शाजापुर शहर के नए काजी के रूप में नियुक्त किया गया, जिनका समाज ने गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। ईदगाह में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब और नए काजी की ताजपोशी।

शनिवार सुबह से ही गिरवर स्थित ईदगाह मस्जिद की ओर लोगों का हुजूम उमड़ने लगा था। प्रातः 8:45 बजे मुख्य नमाज अदा की गई। ईद की नमाज हाफि ज जनाब गफ्फार साहब ने पढ़ाई। नमाज के बाद खुतबा नए काजी जनाब रेहमत उल्ला साहब ने पढ़ा। इस दौरान सरपरस्त काजी मोहसिन उल्ला ने अपने उत्तराधिकारी नायब काजी को आधिकारिक तौर पर अपना दायित्व सौंपा। इस फैसले की ताईद अंजुमन कमेटी के सदर हाजी नईम कुरैशी सहित समाज के तमाम प्रमुख लोगों ने की।

नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर 'ईद मुबारक' कहा।कौमी एकता और सौहार्द की मिसाल यह ईद सांप्रदायिक सौहार्द की एक बेहतरीन मिसाल भी बनी। अंजुमन कमेटी ने प्रशासन और हिंदू समाज के उन गणमान्य नागरिकों का विशेष तौर पर अभिनंदन किया, जिन्होंने शहर की शांति व्यवस्था में अपना योगदान दिया है। ईदगाह मार्ग पर अंजुमन कमेटी की ओर से एसडीएम मनीषा वासकले, एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय, डीएसपी अजय कुमार मिश्रा, समाजसेवी राजेश पारछे, सीताराम सिंह पवैया, विलेस व्यास आदि का स्वागत किया गया।

### 13 क्विंटल चावल जब्त..

# पीडीएस चावल की कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को जनमुखी बनाने एवं कालाबाजारी व जमाखोरी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार आरोन नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार आरोन एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए पवन कुमार जैन एवं श्रवण कुमार जैन की दुकानों से 26 कट्टों में लगभग 13 क्विंटल चावल जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में उक्त चावल पीडीएस का होना पाया गया। जब्त चावल को स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, आरोन की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। दोनों दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गुना आशीष चतुवेर्दी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि जरूरतमंदों तक शासकीय खाद्यान्न सही रूप में पहुंच सके।

# पक्षियों के बाद अब बेजुबान पशुओं की भी प्यास बुझाएगी 'ई-गौरैया टीम'

**शाजापुर।** भीषण गर्मी में अब आसमान में उड़ने वाले पक्षियों के साथ-साथ सड़क पर घूमने वाले बेजुबान पशुओं को भी पानी के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। पिछले 9 सालों से गौरैया संरक्षण और पक्षियों की प्यास बुझाने का पुनीत कार्य कर रही शहर की 'ई-गौरैया टीम' ने अपने सेवा कार्य का दायरा बढ़ा दिया है। विश्व गौरैया दिवस पर टीम ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि वे अब पक्षियों के लिए सकोरे बांधने के साथ-साथ आवारा पशुओं के लिए भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सीमेंट से बनी पानी की टंकियां रखवाएंगे।

2018 से जारी है गौरैया बचाने की मुहिम

गौरतलब है कि वर्ष 2018 से ई-गौरैया टीम विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। टीम द्वारा न सिर्फ जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, बल्कि स्कूली विद्यार्थियों को भी इस रचनात्मक मुहिम से जोड़कर उनकी प्रस्तुतियों का संकलन व प्रसारण किया जा रहा है। हर साल ग्रीष्मकाल में टीम के सदस्य शहर के विभिन्न हिस्सों में पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे लगाने का कार्य पूरी तन्मयता से करते आ रहे हैं। अपने इस अभियान के सफल 9 वर्ष पूर्ण होने पर टीम ने इस सेवा को नया विस्तार दिया है।



### मंदिर, मस्जिद और उद्यानों में रखी जाएंगी टंकियां

नई कार्ययोजना के तहत अब शहर के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों, उद्यानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की प्यास बुझाने के लिए सीमेंट की टंकियां रखी जाएंगी। ई-गौरैया टीम के संयोजक लोकेश राठौर ने इस पुनीत कार्य में आमजन से भी जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अपने प्रियजनों की स्मृति जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर इस अभियान में सहभागी बनें। टीम ऐसे सहयोगियों की अनुभूतियों को समाज के सामने साझा करेगी, ताकि यह कार्य अन्य लोगों के लिए भी अभिप्रेरक और अनुकरणीय बन सके। विश्व गौरैया दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम और संकल्प के दौरान ई-गौरैया टीम के दीपक शर्मा, मनोज दुबे, संजय सोनी, जगदीश भावसार, महेश शर्मा, आत्माराम गुर्जर, ओंकारसिंह चांदना, कमलेश नागर, नंदकिशोर विश्वकर्मा, कुलदीप करन, गोपाल कुंभकार, राजीव जलखरे, ललित तिवारी, प्रद्युम्न व्यास, मयंक चौरसिया, कमलेश कारपेंटर, राधेश्याम मेवाड़ा, राजेंद्र पाटीदार, दिनेश प्रजापति, आशीष सक्सेना, आशुतोष शर्मा, मुरली पाटीदार, संजय शर्मा, चेतन बैरागी, रियाज खान, गोरेलाल बालोदिया, भगवान सिंह रावत, गिरीश नाथ, रामप्रसाद भिलाला और अभिजीत दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हुआ स्वागत



**शाजापुर।** अखिल भारतीय वाल्मिकी महा पंचायत प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर ग्राम गिरवर के सरपंच पवन गुर्जर ने उनके निवास पर बुलाकर नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे का जोरदार स्वागत किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पारछे ने समाज हित में अच्छे कार्य करने एवं समाज के नव युवको को सही दिशा में लाने के लिए कहा। इस अवसर पर सरपंच पवन गुर्जर, राजेश गुर्जर आदि मौजूद थे।

# देश-दुनिया में अमन, शांति और भाई चारे की दुआ



**गुना।** जिले भर में शुक्रवार को ईद-उल-फित्र का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। नए कपड़े और सिर पर टोपी पहने मोमिनो का रैला ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचा। जहां एक साथ सैंकड़ों सिर अल्लाह के लिए सजदे में झुके। नमाज के बाद सभी ने अल्लाह से देश और दुनिया में अमन की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाईयां दी।सुबह 8 बजे से ही सभी ईदगाहों पर नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। जिला मुख्यालय पर सबसे कैंट ईदगाह पर सुबह 8.30 बजे नमाज पढ़ी गई। इसके साथ ही हड्डी मिल ईदगाह, छावनी ईदगाह, घोसीपुरा ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में नमाज हुई। नमाज से पहले इमामों ने ईद की फजीलत बयान की। शहर काजी नूर उल्लाह यूसुफ जई ने हड्डी मिल स्थित मस्जिद साबिरुल इस्लाम में नमाज पढ़ाई। उन्होंने रमजान और ईद का महत्व बताया। इसके बाद देश में भाईचारे, शांति और सद्भाव को दुआ मांगी।

ईद की नमाज के बाद दुआ मांगी गई, जिसमें सबसे पहले रमजान के दौरान की गई इबादत को कुबुल करने की दुआ हुई। इसके बाद इमाम ने गरीबों व मजलूमों की मदद करने, नेक बंदों पर रहम और करम करने, बीमारों को बीमारी से निजात दिलाने, गुनाहों से बचने की तौफीक देने और जो लोग इस दुनिया से जा चुके हैं, उनकी मगफिरत करने की दुआ मांगी। इसके साथ ही देश और दुनिया में अमन और खुशहाली भी अल्लाह से मांगी गई। अल्लाह से दुआ की गई कि देश में सभी लोग मिल-जुल कर भाई चारे के साथ रहें। इसके बाद इमाम के द्वारा खुतबा पढ़ा गया। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम धर्मावलंबी अपने घर पहुंचे और रिश्तेदारों व परिवार जनों को ईद की बधाईयां दीं। इसके साथ ही एक-दूसरे के घर पहुंचकर सेवईयों का आनंद उठाया। इसके अलावा फैनी, शीर-खुरमा और अन्य पकवान भी घरों में बनाए गए। ईद को लेकर बच्चों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। मस्जिद से घर पहुंचते ही आस-पड़ोस में बच्चे सलाम करते नजर आए। जिसके बदले में उन्हें ईदी रुपयों की शक्ल में मिलने वाला उपहार मिली। ईदी मिलने की खुशी बच्चों के चेहरे पर साफ झलक रही थी। किसी ने अकेले जाकर ईदी ली तो किसी ने दोस्तों के साथ ग्रुप बनाकर।

### नए शहर काजी के सम्मान समारोह में भारी हंगामा

# निकाह में 'डीजे' के विरोध को लेकर एक गुट ने की नारेबाजी

**शाजापुर।** शहर में नवनियुक्त काजी की ताजपोशी के बाद शनिवार को उस वक्त अचानक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब उनके सम्मान समारोह में समाज के ही एक गुट ने जमकर हंगामा कर दिया। यह विरोध नए काजी जनाब रेहमत उल्ला द्वारा हाल ही में एक विवाह समारोह में डीजे बजने के कारण निकाह पढ़ाने से इनकार करने को लेकर हुआ। हालात बिगड़ते देख कोतवाली पुलिस को मौके पर पहुंचकर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 11 बजे कसेरा बाजार में नवनियुक्त शहर काजी रेहमत उल्ला के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान मुस्लिम समाज का एक गुट वहां पहुंच गया और काजी के विरोध में जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने 'मुदार्बाद' के नारे लगाए, जिससे आयोजन स्थल पर कुछ देर के लिए भारी तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उग्र होती भीड़ को तितर-बितर करने और शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।





पुलिस की मुस्तैदी और समाज के वरिष्ठ लोगों की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया गया और मामले को शांत कराया गया। क्यों हुआ विरोध? (डीजे विवाद) इस पूरे हंगामे और विरोध का मुख्य कारण एक हालिया विवाह समारोह से जुड़ा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवनियुक्त काजी रेहमत उल्ला ने एक निकाह में डीजे बजने का कड़ा विरोध किया था। जब उनकी बात नहीं मानी गई, तो उन्होंने उस समारोह में निकाह पढ़ाने से साफ इनकार कर दिया और वहां से लौट गए थे। काजी के इस सख्त रवैये को लेकर समाज के एक गुट में नाराजगी थी, जो शनिवार को उनके सम्मान समारोह में फूट पड़ी।

## न्यूज-कॉलम

### भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी बनी

**मंदसौर।** भारत विकास परिषद मंदसौर शाखा की नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रांतीय संरक्षक सुनील सिंहल एवं प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल की उपस्थिति व निर्वाचन अधिकारी अशोक मंगल के निर्देशन में संपन्न हुए इस चुनाव में डॉ. आशीष अग्रवाल को अध्यक्ष, दिलीप सेठिया को सचिव तथा अनिल सेठिया को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही श्रीमती दीप्ति व्यास को महिला प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि 2100 फलदार पौधों का ट्री-गार्ड के साथ रोपण किया जाएगा। साथ ही 10 स्थानों पर जल सेवा स्टैंड और दो मंदिरों में आरओ युक्त जल मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र त्रिवेदी ने किया तथा आभार सचिव दिलीप सेठिया ने माना।

### निषादराज जन्मोत्सव पर निकलेगी वाहन रैली

**मन्दसौर।** कहार भोई समाज के आराध्य देव भगवान केवट निषादराज का जन्मोत्सव सोमवार, 23 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन समाज द्वारा वाहन रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम समिति का अध्यक्ष श्री रमेश चौहान को बनाया गया हैं। कहार भोई समाज अध्यक्ष चुन्नीलाल चौहान ने बताया कि वाहन रैली सोमवार को दोपहर 3.30 बजे श्री कल्याण गुरु व्यायाम शाला, गोंदी घाट से जय निषादराज के उद्घोष के साथ प्रारंभ होगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कोर्ट परिसर स्थित मछली मार्केट के निषादराज मांगलिक भवन पहुंचेगी जहां पर भगवान केवट निषादराज की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा व तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

### जयप्रकाश सोनी जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास शोध संस्थान (दिल्ली) की मंदसौर इकाई के जिला अध्यक्ष पद पर जयप्रकाश सोनी च्पटवारीञ्ज की नियुक्ति हुई है। इस उपलब्धि पर समाज के पदाधिकारियों ने उनका साफा, श्रीफल और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित और अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। नियुक्ति के अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल खजवानिया और पूर्व जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज सोनी सहित समाज के अनेक वरिष्ठ जन और युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नमाज के दौरान मधु मक्खीयो ने बोला हमला

**मल्हारगढ़।** क्षेत्र में लगातार सार्वजनिक जगहों पर मधुमखियों के हमलो से कई व्यक्ति घायल होरहे है इतने हादसों के बाद भी प्रशासन के कानों पर जु तक नही रेंग रही है। शनिवार को प्रातः 9.30 बजे ईदगाह पर ईद की नवाज जे दौरान पेड़ पर बैठी मधुमखियों ने अचानक नवाजियो पर जोरदार हमला बोल दिया जिससे वसीम पिता उमर खा, साजिद पिता उमर खा,लियाकत पिता इकबाल हुसैन,अनवर मंसूरी पिता वली मोहम्मद, आदिल पिता अनवर मंसूरी,तौसीफ पिता अनवर,मोइन पिता जमील मंसूरी,गुड्डू खा पिता अनवर,रईस खा पिता खुर्शीद खा गम्भीर घायल हुवे जिन्हें विभिन्न अस्पतालो में लेजाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी देदी गई।

### नए पदाधिकारियों का होगा चयन

**नीमच।** भारत विकास परिषद की सुभाष शाखा द्वारा होली मिलन समारोह एवं सत्र 2026-27 के लिए नवीन पदाधिकारियों के चयन हेतु साधारण सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रांतीय निर्देशानुसार रविवार 22 मार्च को रात्रि 7.30 बजे शिक्षक सरकारी भवन (डीपी ज्वेलर्स के सामने) में आयोजित होगा। शाखा अध्यक्ष ललित कुमार राठी ने बताया कि चयन प्रक्रिया पर्यवेक्षक मनोज मेहता एवं शाखा पालक अजय शर्मा की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी। कार्यक्रम में परिषद परिवार के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

---

मारपीट और हत्या के मामले में पुलिस ने

## एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

बिलपांक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलपांक फंटे पर ट्रक चालकों के साथ हुई मारपीट और हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में गंभीर रूप से घायल एक ट्रक चालक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है, जबकि दूसरा घायल उपचाराधीन है।

उल्लेखनीय है की घटना 19 मार्च की है। पुलिस के अनुसार, दो भाई जो ट्रक चालक हैं, अपने-अपने ट्रकों से यात्रा कर रहे थे। रात के समय बिलपांक फंटे के पास चाय पीते समय कुछ स्थानीय युवकों के साथ उनका मामूली बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, लोहे की टॉमी और लात-घूंसों से दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें



उपचार के लिए रतलाम के मेडिकल कॉलेज (त्ररूष्ट) भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। एसडीओपी (ग्रामीण) किशोर पाटनवाला और बिलपांक थाना प्रभारी अय्युब खान के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने अपराध क्रमांक १४३/२०२६ के तहत भारतीय न्याय संहिता (क्चहृस्) की धारा 103(1), 109(1), और 191(3) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

पुलिस ने ग्राम चिकलिया निवासी रोहित (19 वर्ष) पिता रामेश्वर निनामा, रामेश्वर (45 वर्ष) पिता शोभाराम निनामा, जगदीश (38 वर्ष) पिता शोभाराम निनामा, कन्हैयालाल (26 वर्ष) पिता रामेश्वर निनामा, तुलसीराम (28 वर्ष) पिता धुलजी कटिजा, भूरा (32 वर्ष) पिता मढिया भाभर और एक बाल अपचारी गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी भरत पिता शोभाराम निनामा फिलहाल घायल होने के कारण अस्पताल में उपचाराधीन है, जिसकी गिरफ्तारी शेष है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल 3 मोटरसाइकिलें, 2 लोहे की टॉमी और एक तार वाला भी बरामद किया है।

**टीम की भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी अय्युब खान, उप निरीक्षक सुरेश गोयल, प्रधान आरक्षक ईश्वर सिंह, आरक्षक रोशन राठौर, अमित यादव और रणवीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

सनसनी घटना का रतलाम पुलिस ने किया खुलासा

## एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी चार नाबालिग लड़कों को पुलिस ने पकड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

थाना सरवन क्षेत्र अंतर्गत खेत में मिली बालिका की हत्या के गंभीर प्रकरण का रतलाम पुलिस द्वारा त्वरित एवं वैज्ञानिक जांच के आधार पर सफल खुलासा किया गया है। प्रकरण में शामिल 4 विधि-विरुद्ध बालकों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

18 मार्च को थाना सरवन अंतर्गत एक गांव में विवाह कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान रात्रि में बालिका अपनी सहेली के साथ बाहर गई, परंतु वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान खेत में इमली के पेड़ के नीचे बालिका मृत अवस्था में मिली, जिसके गले में दुपट्टा बंधा हुआ था।

घटना की सूचना पर थाना सरवन में अपराध क्रमांक 100/2026 धारा 137(2), 103(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस कार्रवाई-घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी सैलाना श्रीमती नीलम बघेल के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल निरीक्षण एवं संदेहियों से पूछताछ के आधार पर पड़ोसी गांव के ०४ विधि-विरुद्ध बालकों को चिन्हित किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा सामूहिक रूप से घटना करना स्वीकार किया गया।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपियों द्वारा बालिका को बहाने से खेत की ओर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की गई तथा विरोध करने पर उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी गई। घटना की पुष्टि हेतु घटनास्थल से आवश्यक भौतिक साक्ष्य भी एकत्र किए गए। प्रकरण में धारा 64, 70(1), 87 एवं 61(2) बीएन एस का इजाफा किया गया है तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।



### पिपलिया मंडी के नरसिंह मंदिर में गूंजे गणगौर के लोकगीत

**पिपलिया मंडी।** नगर के नरसिंह मंदिर में गणगौर पर्व के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता गणगौर की स्थापना कर उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना की।आओ गणगौर माता, थारो रूप निराला, चांद सी सूरत लागे, सजी सोने री मालाज्ज्ज जैसे मधुर लोकगीतों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। जानकारी देते हुए श्रीमती सरला शर्मा ने बताया कि गणगौर का पर्व होली के दूसरे दिन (धुलंडी) से प्रारंभ होकर लगभग १६ दिनों तक मनाया जाता है। माता गौरी को सौभाग्य, प्रेम और समर्पण की देवी माना जाता है। कुंवारी लड़कियाँ अच्छे वर की कामना करती हैं, वहीं विवाहित महिलाएँ पति की लंबी आयु एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं।

---

पार्षद की दायर याचिका पर

## हाई कोर्ट ने रिट पिटीशन पर नोटिस जारी किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

जावरा नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा के वित्तीय अधिकारों पर अंतरिम रोक लगने पर हाईकोर्ट ने रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई तक नगरपालिका अध्यक्ष भुगतान पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेगी। इस रोक से जरूरी सामग्री की खरीदी निर्माण कार्य संबंधी ठेकेदारों के भुगतान एवं अन्य मेंटेनेंस कार्यों के भुगतान अटक जाएंगे ।कोर्ट ने माना कि अध्यक्ष का गजट नोटिफिकेशन (अधिसूचना) जारी नहीं हुआ ।

वार्ड क्रमांक 11 कि भाजपा पार्षद रुक्मण राजेश धाकड़ ने 17 मार्च 2026 को इंदौर हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दायर की थी। नगर पालिका के 30 वार्डों के पार्षदों के निर्वाचन की अधिसूचना जुलाई 2022 में जारी कर दी थी लेकिन अध्यक्ष अनम कडपा के पद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी नहीं हुई। बिना गजट नोटिफिकेशन के



पद की वैधता अधूरी है ।ऐसे में हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों के आधार पर अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से वापस लेने के निर्देश दिए। उक्त मामले की अगली सुनवाई 4 में को होगी। इसमें नगरीय प्रशासन विभाग के मुख्य सचिव कमिश्नर कलेक्टर एवं सी एम ओ को भी पार्टी बनाया गया है ।

उल्लेखनीय की यह मामला जावरा तक सीमित नहीं है मध्य प्रदेश में नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों द्वारा इन्हें चुना गया लेकिन प्रदेश की नगर पालिका नगर परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया ।ऐसा ही मामला ग्वालियर हाईकोर्ट ने भी अपने निर्णय में अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार वापस लेने का आदेश दिया है।

---

## 1 अप्रैल को निकलेगी वीर हनुमान यात्रा, पुलिस-प्रशासन के साथ समिति ने किया मार्ग निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व १ अप्रैल को निकलने वाली भव्य श्री वीर हनुमान यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को लेकर शनिवार को आयोजन समिति ने पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम पर बैठक की और बाद में यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। बैठक में एएसपी तेरसिंह बघेल, एसडीएम शिवलाल शाक्य, सीएसपी जितेंद्र सिंह भास्कर, शहर कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, कोषाध्यक्ष दाऊभाई विजयवर्गीय, ब्रजेश जोशी, गौरव अग्रवाल, लोकेश पालीवाल सहित नगर पालिका और विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के अनुसार, १ अप्रैल को दोपहर ३ बजे तलाई वाले बालाजी मंदिर से यात्रा का भव्य शुभारंभ होगा। आकर्षक रथ में तलाई वाले बालाजी का विग्रह विराजित रहेगा। इस यात्रा में बड़नगर का बैंड, महाराष्ट्र के ढोल, गोधरा के ताशे और उज्जैन का डमरू दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, साथ ही राम दरबार एवं हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की जीवंत झांकियां भी शामिल होंगी। यात्रा गांधी चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर, शुक्ला चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां रात्रि 9 बजे सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इससे पूर्व ३१ मार्च की शाम 5 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल वाहन रैली भी निकाली जाएगी।

बैठक में एएसपी तरे सिंह बघेल ने यात्रा को पूर्ण भक्ति और अनुशासन के साथ निकालने की बात कही। वहीं एसडीएम शिवलाल शाक्य ने विद्युत मंडल को मार्ग के तार ऊंचे करने तथा नपा को गड्ढों की मरम्मत व साफ-सफाई के निर्देश दिए। बैठक के बाद सभी अधिकारियों और समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से मार्ग का भ्रमण कर संभावित बाधाओं को चिन्हित किया और समय रहते उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान हिम्मत डांगी, कमलेश सोनी, प्रद्युमन शर्मा सहित समिति के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

## विद्युत विभाग ने सख्त रूख अपनाते हुए बकायादारों पर की कार्यवाही

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ संभाग अंतर्गत बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रूख अपनाते हुए रहीमगढ़ वितरण केंद्र के अधीन आने वाले 552 बड़े बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई है, जिनसे कुल 61 लाख 51 हजार 980 रुपये की विद्युत राशि वसूल की जानी है। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश शासन की भू-राजस्व संहिता के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विधिवत आरआरसी जारी की गई थी, जिसके पश्चात विभाग द्वारा कुर्की व जब्ती की ठोस कार्यवाही अमल में लाई गई है। एसई एमपीईबी श्री योगेश आठनेरे ने बताया कि वसूली अभियान के तहत बीते 20 मार्च को विभाग की टीम ने ग्राम धानड़ाखेड़ा, गुराडियाविजय, रुग्नाथपुरा और कोटडी जैसे गांवों में सघन कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान विभाग द्वारा 14 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, विभाग की इस सख्ती का असर यह हुआ कि कार्रवाई के मात्र 2 घंटे के भीतर ही 12 उपभोक्ताओं ने 1 लाख 12 हजार 141 रुपये की बकाया राशि मौके पर जमा कर अपनी गाड़ियां वापस छुड़वा लीं। श्री आठनेरे ने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान कोई भी घरेलू सामान जब्त नहीं किया गया है, केवल वाहनों पर जब्ती की कार्यवाही की गई।

---

## सनातन परंपराएं केवल अतीत का हिस्सा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं-योगेश राजोरा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

भारत सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश की प्राचीन सनातन परंपराओं के निर्वहन, संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। 'विरासत भी, विकास भी' के मंत्र के साथ सरकार ने न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों को भी वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है।

भारत की महामहिम राष्ट्रपति और माननीय उपराष्ट्रपति के इन हालिया प्रवासों को 'शक्ति' और 'भक्ति' के अद्भुत संगम के रूप में देखा जा सकता है, जो विकसित भारत के संकल्प को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार प्रदान करते हैं।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी का वृंदावन में संत श्री प्रेमानंद जी महाराज से मिलना इस बात का प्रतीक है कि भारत का सर्वोच्च संवैधानिक पद आज भी देश की प्राचीन संत परंपरा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के प्रति नतमस्तक है। यह मिलन दशार्ता है कि "भविष्य का भारत" केवल भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और 'जन सेवा' के आदर्शों पर आधारित होगा।

उपराष्ट्रपति जी (सी. पी. राधाकृष्णन) का नागपुर संघ कार्यालय प्रवास और राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर उनकी सकारात्मक टिप्पणी राष्ट्र-प्रथम की भावना को पुख्ता करती है। यह प्रवास भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और "चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण" के संकल्प को दोहराता है, जो एक अनुशासित और एकजुट समाज के लिए आवश्यक है।

ये यात्राएं सिद्ध करती हैं कि सनातन परंपराएं केवल अतीत का हिस्सा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति द्वारा व्यक्त विचार यह स्पष्ट करते हैं कि भारत की विकास यात्रा में 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सेवा परमो धर्म:' जैसे मूल्य हमेशा केंद्र में रहेंगे। अयोध्या में श्री राम मंदिर दर्शन के बाद राष्ट्रपति का संतों से मिलना और उपराष्ट्रपति का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका को सराहनीय बताना, सांस्कृतिक एकता के धागे को और मजबूत करता है।

ये प्रवास इस संदेश को प्रसारित करते हैं कि आने वाले समय में भारत अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही दुनिया का नेतृत्व करेगा। यह आधुनिकता और सनातन के बीच के संतुलन का वह 'स्वर्ण युग' है, जहाँ नेतृत्व आध्यात्मिक ऊर्जा और राष्ट्रवादी मूल्यों से अनुप्राणित है। सरकार ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन के 'महाकाल लोक' और अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य निर्माण के माध्यम से सदियों पुराने सांस्कृतिक वैभव को पुनर्जीवित किया है। इसके साथ ही, केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम का व्यापक विकास सनातन श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित तीर्थयात्रा सुनिश्चित कर रहा है। सरकार ने प्रसाद योजना के तहत लगभग 1,900 करोड़ का निवेश कर देश भर के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों का कायाकल्प किया है।

---



### अग्रवाल समाज महिला मंडल ने मनाया गणगौर उद्यापन पर्व

**मन्दसौर।** अग्रवाल समाज देसी पंचायत महिला मंडल द्वारा शनिवार को गणगौर तीज के अवसर पर अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला मण्डल ने अनूठी मिसाल पेश करते हुए आयोजन में प्लास्टिक युक्त डिस्पोजल का पूर्णतः बहिष्कार किया गया और जल व्यवस्था लोटे के माध्यम से की गई। च्उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली मेंञ्ज के संकल्प को साकार करते हुए मातृशक्ति ने केटरिंग व्यवस्था स्वयं अपने हाथों में ली और सभी को आवश्यकतानुसार ही भोजन परोसा ताकि अन्न का एक भी दाना व्यर्थ न जाए। झूठी प्लेट रखने के स्थान पर भी महिलाएं मुस्तैद रहीं और भोजन छोड़ने वालों से उसे प्रसाद समझकर ग्रहण करने का आग्रह किया।महिला मंडल की अध्यक्ष शशि अग्रवाल, महासचिव रानी अग्रवाल और श्वेता अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण बचाने का यह नवाचार आगे भी समाज के अन्य आयोजनों में जारी रहेगा। अग्रवाल देसी पंचायत के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने महिलाओं की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम में 10 जोड़ों ने सहभागिता की। अंत में आभार महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सपना कबाड़ी ने माना।

### आठ दिवसीय संस्कार शिविर में 90 शिविरार्थी ले रहे है भाग


**मन्दसौर।** श्री साधुमार्गी शांतक्रांति जैन श्रावक संघ मंदसौर के द्वारा आचार्य 1008 श्री विजयरामजी म.सा. की पावन प्रेरणा एवं जिन शासन दिप्ती विदुषी महासती श्री मणिप्रभा जी म.सा. एवं साध्वी मण्डल की पावन निश्रा में २० मार्च से २७ मार्च २०२६ तक आठ दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन शास्त्री कॉलोनी स्थित नवकार भवन परिसर में किया जा रहा है। इस आठ दिवसीय शिविर में बालक व बालिका वर्ग के लगभग 90 शिविरार्थी प्रतिदिन जैन धर्म की शिक्षायें, संस्कार, आचार, विचार सीख रहे हैं। इस शिविर में मंदसौर नगर ही नही अपितु चित्तौड़गढ़, पाली (राज.), रतलाम, नीमच, कोटा के शिविरार्थी 8 दिवस तक यहीं रहकर प्रतिदिन जैन धर्म व श्रमण संस्कृति को सीखने के साथ ही योग एवं सामायिक प्रतिक्रमण करना भी सीख रहे हैं।शिविर संयोजक विकास जैन (कोचेटा) ने बताया कि प्रतिदिन इस शिविर में शामिल शिविरार्थियों को महासती श्री मणिप्रभा जी म.सा. एवं अन्य साध्वीगण धर्म संस्कृति का पाठ पढ़ा रहे हैं। शिविर के आयोजन में श्रीसंघ अध्यक्ष विमल पामेचा, महामंत्री शेखर कासमा, अनिल डूंगरवाल, भूपेन्द्र भण्डारी, संरक्षक गजराज जैन, हस्तीमल जैन, भंवरलाल जैन नगरीवाला, अजय जैन गरोठ वाला, अंजना कोचेटा निरंतर अपनी सेवाये दे रहे हैं।

### लॉ कॉलेज के एनएसएस शिविर में पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**मन्दसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित किया जा रहा है । शिविर के पंचम दिवस पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ. उर्मिला सिंह तोमर, विशेष अतिथि पर्यावरणविद मनीष भावसार एवं प्रीति छाबड़ा उपस्थित रहे। डॉ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हम सबको पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान देना होगा तथा पानी और वृक्षों को बचाने हेतु एक अभियान चलाना होगा। श्री भावसार ने कहा कि पानी पर्यावरण की हमें रक्षा करनी होगी एवं पॉलीथिन का कम से कम उपयोग करना होगा तभी प्रकृति सुरक्षित रहेगी। श्रीमती छाबड़ा ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर संबोधित किया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। बौद्धिक कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि द्वारा मां शारदे एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान, प्रवीण चौधरी एवं करण आर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी जॉन पाटीदार ने किया और आभार अनुष्ठा फरक्या ने किया ।

### मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने मुक पक्षियों के लिए वितरित किए सकोरे




**जावरा ।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मुक पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए स्वर्गीय रजनी अरोड़ा, कुसुमबाई माडोत एवं शांतिलाल माडोत की स्मृति में सकोरे (जल पात्र) आमजन को वितरण किए। संगठन द्वारा बिना किसी औपचारिकता के राहचलते आमजन को सहज रूप से निशुल्क सकोरे वितरित किए आम जन सकोरो को अपने घर आंगन छत एवं गैलरी में मुक पक्षियों के लिए पानी भरकर रख सकते हैं । संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण ने कहा संस्था का यह अभियान कब तक सार्थक होगा जब छोटा सा प्रयास हजारों पक्षियों के लिए जीवन दान बन सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शेखर नाहर ,सुरेंद्र सुराणा, कनकमाल चौरडिया, आशीष सकलेचा ,प्रतीक लोढ़ा, आदि उपस्थित थे।

### ईद पर कांग्रेसजनों ने दी बधाई

**पिपलीया मंडी।** ईद के पर्व पर कांग्रेसजनों ने शनिवार को ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया आदि मौजूद थे।



## जलगंगा संवर्धन अभियान का क्षिप्रा सफाई के साथ शुभारंभ

**महिदपुर।** शासन के निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 जून 2026 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ क्षिप्रा तट पर ध्वज फहराकर किया गया। इस दौरान गऊघाट पर साफ-सफाई कर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन ने श्रमदान किया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। अभियान के तहत नगर के जल स्त्रोतों के संवर्धन, उन्नयन, साफ-सफाई, जीर्णोद्धार एवं पौधारोपण कार्य किए जाएंगे। इसके अंतर्गत कुएं, बावड़ी, नालों व नालियों की सफाई के साथ लगभग 1000 पौधे लगाने, जल संरचनाओं के रंगरोगन एवं वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य भी शामिल हैं।

## राजा टोडरमल जी का 425वां अवतरण दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**महिदपुर।** पोरवाल समाज द्वारा आराध्य देव महाराजा टोडरमल जी का 425वां अवतरण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जवाहर मार्ग स्थित मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातःकाल पूजन-अर्चन व श्रृंगार किया गया, वहीं दोपहर में महिला मंडल द्वारा भजन एवं पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किए गए। समाजजनों ने प्रतिमा का पूजन कर पुष्पमालाएं व श्रीफल अर्पित किए। सायंकाल महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा अंत में सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## नरवाई जलाई तो जुर्माना लगेगा, सैटेलाइट से कर रहे निगरानी



**सारंगपुर।** विकासखंड में रबी फसलों की कटाई शुरू हो गई है। गेहूं की कटाई के साथ नरवाई जलाने की घटनाएं बढने की आशंका है। प्रशासन ने नरवाई रोकथाम की रणनीति लागू की है। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है। सभी हार्वेस्टर संचालकों, एजेंटों के लिए कंबाइन हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग अनिवार्य किया गया है। स्ट्रा रीपर का उपयोग भी अनिवार्य किया गया है। कटाई के बाद अवशेष का खेत में ही भूसा बनाया जाएगा। एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया सैटेलाइट से राजस्व, कृषि, पंचायत विभाग की संयुक्त टीम मैदानी निगरानी कर रही है। घटना मिलने पर अर्थदंड लगेगा। 2 एकड से कम पर 2500 रुपए, 2 एकड से अधिक, 5 एकड से कम पर 5000 रुपए, 5 एकड से अधिक पर 15000 रु. वसूलेंगे। 7

**विश्व शांति एवं जन कल्याण के लिए आनंदमई पदयात्रा**

## 460 किलोमीटर की दूरी तय कर करेंगे महाकाल के दर्शन



**सारंगपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री धूमेश्वर धाम के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री अनिरुद्ध वनजी महाराज पंचदस नाम जूना अखाडा ने विश्व शांति एवं जनकल्याण हेतु पैदल पद यात्रा प्रारंभ की, जिसका उद्देश्य राष्ट्रवाद को बढावा देना है। प्राचीन संस्कृति को बढावा देने हेतु लोगों में जन जागृति को फैलाना है। उक्त जानकारी देते हुए सारंगपुर यात्रा के प्रभारी प्रदीप सादानी ने बताया कि पूज्य गुरुदेव वन संप्रदाय के विश्व के पहले महामंडलेश्वर हैं यह यात्रा लगभग 15 दिवसीय है जिसका समापन उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर पर होगा। प्राचीन सिद्ध पीठ श्री धूमेश्वर धाम को चंबल के महाकाल के नाम से भी जाना जाता है। यह यात्रा धूमेश्वर से झरना सरकार, कोलारस, बदरवास गुना, खटकिया, बीनागंज, ब्यावरा, पचोर होते हुए सारंगपुर पहुंचेगी। जहां राठी मांगलिक परिसर में यात्रा का विश्राम रहेगा व महामंडलेश्वरजी प्रेस वार्ता करेगें और आम लोंगो से मिलेंगे। धर्मप्रेमी बंधुओ से निवेदन है कि पदयात्रा दिनांक 22 मार्च को सारंगपुर में आ रही है, यात्रा मे चल रहे 500 लोगों का सारंगपुर नगर में जोरदार स्वागत करें।

## चामुंडा माता मंदिर परिसर में 9 दिवसीय मेले का शुभारंभ

**खाचरौद।** चैत्र महोत्सव में नगर पालिका द्वारा माँ चामुण्डा माता परिसर में आयोजित किये जाने वाले 9 दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में 19 मार्च को सायंकाल किया गया। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा एवं मुख्य नपा अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में माँ चामुण्डा माता मंदिर परिसर पर 09 दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

नवरात्र विशेषः खुदाई के दौरान निकली प्रतिमा, 350 वर्ष पुरानी है मूर्ति

# हमेशा से आस्था व भक्ति का केंद्र रहा है त्रिपोलिया चौक का अंबे माता मंदिर

### विशेष काले पाषण की बनी प्रतिमा की ऊंचाई मात्र तीन फीट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

नगर का अंबे माता मंदिर नगर के बीचो-बीच त्रिपोलिया चौक में स्थित यह भव्य मंदिर नगर वासियों के लिए हमेशा से ही आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है। नगर के सभी बडे धार्मिक सामाजिक आयोजनो की शुरूआत यहीं से होती है। नवरात्रि में तो यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। चेत्र नवरात्र के दूसरे दिन मंदिर के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। यह दौर शेष दिनों में भी जारी रहेगा।

**मंदिर का इतिहास**

ऐसी मान्यता है कि मंदिर में जो प्रतिमा है वह खुदाई में मिली थी। जो लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पुरानी है। लगभग ढाई से 3 फीट ऊंची यह प्रतिमा काले पाषण की बनी हुई है। मंदिर के गर्भगृह के पीछे अंजनी लाल की मूर्ति है, आगे गुप्तेश्वर महादेव व मुख्य द्वार पर सती माता का चित्र पत्थर पर उकेरा हुआ है।



**मंदिर की विशेषता**

मंदिर में विशेष बात यह है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में है जो अपने आप में विशेष महत्व रखता है। मूर्ति प्रारंभ में ही एक छोटे से चबूतरे पर स्थापित थी जो बाद में धीरे-धीरे भव्य मंदिर की शक्ल लेकर आज नगर की ऐतिहासिक धरोहर में शुमार है। नगर की हिंदू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल व मंदिर की महाभारत समिति सभी धार्मिक आयोजनों का श्रीगणेश इसी स्थान से प्रारंभ करती है तथा समापन भी यही होता है। नगर के बीचो-बीच होने के कारण सभी पर्वों पर अच्छी खासी भीड बनी रहती है। शारदीय नवरात्रि में गरबा उत्सव में मंदिर में भीड नहीं समा पाती है।, प्रारंभ में मंदिर परिसर के अंदर गरबो का आयोजन होता है। किंतु धीरे-धीरे धर्म जन की संख्या बढने के कारण मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर खुले मैदान पर गरबो का आयोजन होने लगा। सभी धार्मिक आयोजनों में नागरिक जी- जान से सहयोग करते हैं दोनों ही नवरात्रि में नौवे व अंतिम दिन कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर इसी स्थान से चुनरी यात्रा निकाली जाती है। जो नगर में भ्रमण कर भेंसवा माता मंदिर तक पैदल श्रद्धालु जन जाते हैं और सभी समारोह पूर्वक इस यात्रा को संपन्ना करते हैं। इस वर्ष से पुनः सभी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमो पूर्ण उत्साह से मनाए जा रहे है।

**क्या बोले भक्तगण**

मंदिर में प्रसिद्ध और प्राचीन आं अंबे का मंदिर है जो हमारी आस्था का केंद्र है। आज नगर वासियो की यही अपेक्षा है कि शासन व जनसहयोग से मंदिर को और भव्य रूपता दी जा सके इसके लिए धार्मिक व सामाजिक संस्थाए आगे आये।

**प्रमोद सादानी, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि, सारंगपुर।**

नगर की हिंदू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल व मंदिर की महाभारत समिति सभी धार्मिक आयोजनों का श्रीगणेश इसी स्थान से प्रारंभ करती है तथा समापन भी यही होता है। नगर के बीचो-बीच होने के कारण सभी पर्वों पर अच्छी खासी भीड बनी रहती है।

**संजय विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष, महादेव मित्र मंडल, सारंगपुर।**

# पुरानी नियुक्तियों पर पात्रता परीक्षा का दबाव बनाना अनुचित

### शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में शुक्रवार को शहर के शिक्षकों ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की। अध्यापक संयुक्त मोर्चा एवं पुरानी पेंशन योजना के लिए राष्ट्रीय आंदोलन के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा निरस्त करने की मांग की।

ज्ञापन में शिक्षकों ने उल्लेख किया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कार्यरत शिक्षकों के लिए दो वर्ष में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य बताया गया है। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा जारी आदेशों से प्रदेशभर में शिक्षकों के बीच असंतोष की स्थिति निर्मित हो गई है।

शिक्षकों ने कहा कि वर्ष 1995 से 2023 के बीच शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार शिक्षा कर्मियों एवं संविदा शाला शिक्षकों की नियुक्तियां की गई थीं। वर्ष 2005 में व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से भी नियमित भर्ती हुई थी। ऐसे में लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों पर नई पात्रता परीक्षा लागू करना उचित नहीं है।

**सरकार से हस्तक्षेप की मांग**

ज्ञापन में राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि शिक्षक हितों को ध्यान में रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाए तथा कार्यरत शिक्षकों को परीक्षा से छूट दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस दौरान जितेंद्र यादव, जसमत सिंह बेस, मनोहर सिंह यादव, शिवम नेमा, गजराज कलवा, ओमप्रकाश मेवाड़ा, गजराज सिंह चंद्रवंशी, रामदयाल प्रजापति, आशीष जाट, बीरबल मीणा, लाड सिंह कुशवाहा, दिनेश शाक्यवार, राजेंद्र सिंह राजपूत, पवन नेमा, नकुल मालवीय सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## सारंगपुर में दाऊदी बोहरा समाज ने मनाई ईद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

सारंगपुर में दाऊदी बोहरा समाज ने गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर की बोहरा मस्जिद में ईद की विशेष नमाज अदा की गई और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। इस दौरान सारंगपुर की बोहरा समाज मस्जिद में आमिल शेख यूनुस भाई ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने समाजजनों को सैय्यदना साहब का संदेश सुनाते हुए आपसी एकता, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए मिलकर रहने का आह्वान किया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने दुआ में देश की शांति और सद्भावना की कामना की। उन्होंने समाज को जुआ, ब्याज, शराब और सिगरेट जैसी बुराइयों से दूर रहने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की सीख भी दी। समाज के जाकिर सैफी ने बताया कि इस बार रमजान माह में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने पूरे 30 रोजे रखे। उन्होंने नियमित रूप से मस्जिद में इबादत की, जिससे पूरे माह धार्मिक वातावरण बना रहा। सारंगपुर में शेख अब्बास भाई, शेख अता हुसैन भाई, शेख मोइज भाई, कुर्बान भाई, मुजफ्फर भाई, शब्बीर भाई, मुस्तफा सैफी, जाकिर सैफी, हातिम अली, जूजर सैफी, तैयब सैफी और अली असगर पेटी वाला सहित समाजजनों ने 30 दिन तक जमातखाने में भोजन, चाय और बिस्किट की व्यवस्था की।

## हिंदू नव वर्ष पर पाठ्य सामग्री का वितरण

**महिदपुर।** हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के उपलक्ष में एक सामाजिक संस्था द्वारा शासकीय छात्रावास, दशहरा मैदान में स्कूली बालिकाओं को अध्ययन सामग्री एवं मिठाई वितरित कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बालिका उत्थान के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके तहत जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं में सहयोग किया जाता है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर शाखाओं के माध्यम से महिलाएं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

## प्रताप फ्रेंड्स क्लब ने ईद मिलन समारोह आयोजित कर किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड



रमजान महीने के 30 वें रोजे के अगले दिन शनिवार को समाजजनों ने ईदगाह में सामूहिक नमाज अता करने के बाद ईदुल उल फितर का त्यौहार उत्साह से मनाया प्रताप फ्रेंड्स क्लब द्वारा ईद मिलन समारोह आयोजित कर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सईद मंसूरी,छोटी मस्जिद के इमाम मौलाना सद्दाम हुसैन समाज के सदर साबिर भाई मेव, हाजी अब्दुल गफ्फार, हाजी अब्दुल रफीक खान, हाजी मोहम्मद हुसैन मेव कय्यूम भाई साबिर भाई पप्पू पठान आदि का इस्तकबाल किया गया इस दौरान प्रताप फ्रेंड्स क्लब के संयोजक प्रताप सिंह गुर व सदस्यों ने सभी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी दोनों मस्जिदों के इमाम तथा समाज के सदर ने कहा रमजान का महिना और ईदुल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और अमन का संदेश देता है प्रताप फ्रेंड्स क्लब ने ईद मिलन समारोह आयोजित कर समाज के रोजेदारों, समाज जनों को हमेशा की तरह इस वर्ष भी सम्मानित कर पूरे समाज का मान बढ़ाया है इस दौरान दोनों मस्जिदों के इमाम तथा समाज के सदर का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। थाना प्रभारी रामसिंह भाभौ र,पूर्व सरपंच अशोक पोरवाल, समाजसेवी बालकृष्ण विश्वकर्मा, पत्रकार नरेश शर्मा उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी की जिला बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना




मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना की जिला बैठक पीजी कॉलेज गुना के सभागार में संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय मंत्री नीतेश खरे, अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मंत्री प्रद्युम्न कुमार सोनी, राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सेलर मंच पर उपस्थित रहे। संचालन जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने किया ने किया। आभार जिला कोषाध्यक्ष संतोष सक्सैना ने व्यक्त किया।

बैठक का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारतमाता, संघ के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा और ठेंगड़ी जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया! तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रों द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी चाहे जिला का हो या फिर तहसील या विकास खण्ड का हो शीघ्र ही आजीवन सदस्यता ले ले अन्यथा की स्थिति में उनको पद से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक को अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मंत्री प्रद्युम्न कुमार सोनी, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री नीतेश खरे और राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सेलर ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रकाश यादव को विभागीय समिति प्रमुख महाविद्यालय, राकेश साहू को जनभागीदारी समिति, राजन रजक को शिक्षा विभाग समिति, मुन्ना लाल गुप्ता को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग समिति और अंकुर जैन को जिला चिकित्सालय समिति प्रमुख सर्व समिति से बनाया गया! इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगवत प्रसाद ओझा, बंटी चंदेल, जगदीश नामदेव, वरुण सिंह कुशवाह, राजेश रघुवंशी, दुर्गेश श्रीवास्तव, दिलीप शाक्य, दीपक पालीवाल संजीव जाटव, अनिल लोधा, अमित केवट, अशोक शर्मा, रुद्रप्रताल, महेश ओझा सहित बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया

**आगर मालवा।** खण्डेलवाल समाज की महिला मंडल द्वारा 16 दिवसीय गणगौर पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गणगौर की फुलपाती उत्सव का आयोजन स्थानीय मधुबन गार्डन में किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर ल सामूहिक रूप से उत्सव का आनंद लिया। साथ ही इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उत्सव के समापन पर समाज के सभी लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## गुदरावन में नेत्र शिविर संपन्न



**आगर मालवा।** सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन गुदरावन के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार दिनांक 20 मार्च 2026 को पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में नेत्र शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 141 लोगों की आंखों जांच की गई तथा 33 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए एवं 23 लोगों का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया। जिन्हें बस द्वारा आनंदपुर ले जाया जाएगा वहां उनकी जांच ठहरना, लेंस ,दवाई एवं लाना ले जाना सब निःशुल्क रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए जय नारायण चौधरी ने बताया की समस्त ग्राम वासियों ने उक्त शिविर को संपन्न कराने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। बाहर से पधारे समस्त डॉक्टर का कैंप के आयोजन रामचंद्र कुमावत एवं उनके परिवार द्वारा सभी का स्वागत कर कैंप का शुभारंभ हुआ। अगला कैंप 17 अप्रैल 2026 को पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में आयोजित होगा। इसका अभी से अधिकतम प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ दिलाने की अपील की गई।

## पेंशनर महासंघ ने हिंदू नव वर्ष पर किया मिलन समारोह आयोजित



**आगर मालवा।** सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ आगर द्वारा हिंदू नव वर्ष पर मिलन समारोह गाँधी उपवन आगर छावनी मे आयोजित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवानिवृत जनपद पंचायत सीईओ एम एल स्वर्णकार महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्य नारायण शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने भारत माता के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया। सभी पेंशनर साथियों को तिलक लगाकर अंगवस्त्र पहना कर नव वर्ष की शुभ कामना दी। इसके पश्चात मॉगीलाल जोकचंद् ने गीत की प्रस्तुत किया योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव ने विक्रम संवत नववर्ष प्रारम्भ होने व सनातन काल से नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा को मनाये जाने महत्व बताया कार्यक्रम के अध्यक्ष ने संघ के कार्यो की सराहना करते हुए प्रतिमाह मिलन समारोह आयोजित करने की आवश्यकता बताई और आगामी 31 मार्च को अपने निवास पर मासिक बैठक मे आमंत्रित किया। गिरधारी लाल मालवीय सदस्य बनाया। कार्य क्रम का संचालन दुर्गा शंकर पाठक ने किया आभार कृष्ण पाल सिंह राठौर ने माना।अंत मे सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए मंगल कामना की।

## मंत्री परमार ने मां बगलामुखी के दर्शन किए



**आगर मालवा।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा पहुंचकर प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन किए। मंत्री श्री परमार ने मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, की कामना की। मंत्री परमार ने टीकोन में भगवान बाबा रामदेव के भी दर्शन किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, दिलीप सकलेचा, कैलाश कुंभकार, विजय सोनी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## हिंदू उत्सव समिति द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन

**महिदपुर।** हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में स्थानीय विजय स्तंभ पर भारत माता की विशाल आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

## खुशी कपूर और निम्रत कौर ने रैंप पर बिखेरा जलवा



इन दिनों कई बॉलीवुड एक्ट्रेस मुंबई के चर्चित फैशन वीक में नजर आ रही हैं। नामी फैशन डिजाइनर्स के लिए शो स्टॉपर बन रही हैं। शनिवार को भी खुशी कपूर और निम्रत कौर ने रैंप वॉक की, दोनों का लुक काफी हटकर था। साथ ही इस फैशन वीक में डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का शो भी होने वाला था लेकिन अब यह कैंसिल हो गया है। जानिए, ऐसा किस कारण हुआ?

### मनीष मल्होत्रा का शो इस वजह से हुआ कैंसिल

एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की गई है कि मनीष मल्होत्रा का शनिवार का फैशन शो रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की मां का निधन हुआ है। इस वक्त वह एक असहनीय दुख से गुजर रहे हैं, ऐसे में उनके लिए फैशन शो करना मुमकिन नहीं है। अब उनकी जगह पर अनुराग गुप्ता का शो फैशन लवर्स को देखने को मिलेगा।

### खुशी कपूर ट्रेडिशनल अटायर में दिखीं

मुंबई के फैशन वीक में खुशी कपूर ने भी रैंप वॉक की। वह ट्रेडिशनल अटायर में दिखीं। उनकी ड्रेस को आयशा राव ने डिजाइन किया है। खुशी लहंगा ड्रेस में काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इससे पहले भी वह कई फैशन वीक में रैंप वॉक कर चुकी हैं।


### निम्रत कौर ने बताया फैशन मंत्रा

निम्रत कौर ने भी पार्टी वियर इंस्पायर ड्रेस रैंप वॉक के लिए पहनी है। साथ ही अपना फैशन फंडा भी बताया है। वह कहती हैं कि अपने बॉडी टाइप के हिसाब से ड्रेसेस पहनी चाहिए, तभी आप अच्छे लग सकते हैं।

'धुरंधर 2' फिल्म रिलीज होने के बाद के ही चचार्ओं में है। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रणवीर सिंह पानी के अंदर एक सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं।

# 'धुरंधर 2' से रणवीर सिंह का अंडरवॉटर बीटीएस वीडियो वायरल


## देखकर फैंस हुए हैरान ; सीन को बताया अविश्वसनीय



धुरंधर 2', 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज होने के बाद ये एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर चचार्ओं में हैं। इसी बीच एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह पानी के अंदर एक मुश्किल सीन शूट करते नजर आ रहे हैं।

### खतरनाक अंडरवॉटर सीन हुआ वायरल

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर एक नया बिहाइंड द सीन्स (इळर) वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह सीन काफी मुश्किल था और इसे शूट करने के लिए रणवीर ने जबरदस्त मेहनत की।



वीडियो देखकर फैंस भी हैरान रह गए हैं और सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। कई लोगों ने इसे 'अविश्वसनीय' बताया और रणवीर की मेहनत और समर्पण की खूब तारीफ की।

### 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

फिलहाल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। 'धुरंधर 2' को लेकर फैंस में काफी क्रेज है। फिल्म को रिलीज हुए 2 ही दिन हुए हैं, लेकिन इसने दो दिनों में ही 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है। ओपनिंग डे पर फिल्म 'धुरंधर 2' ने 102.55 करोड़ रुपये कमाए थे।

सैकनिल्क के अनुसार इस फिल्म ने दूसरे दिन 80.72 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 226.27 करोड़ रुपये हो चुका है। अब फिल्म से जुड़े फोटो-वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।



## दर्शकों को पसंद आई 'चिरैया', बोले- बेहतरीन कहानी

### जानें क्यों जरूरी है देखना?



दिव्या दत्ता की वेब सीरीज 'चिरैया' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में शादी के दायरे में होने वाले दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया गया है। हालांकि ,सीरीज ज्यादातर दर्शकों को पसंद आ रही है। वहीं इंटरनेट पर यूजर्स अपने पर्सनल रिव्यू भी शेयर कर रहे हैं। यहां पढ़िए इंटरनेट पर 'चिरैया' को कैसे रिएक्शन मिल रहे हैं?

### संवेदनशील कहानी का कड़ा सबक

वेब सीरीज 'चिरैया' में समाज के उस मुद्दे को उठाया गया है जिसपर ज्यादातर लोग बात करने से झिझकते हैं। शादी के दायरे में होने वाले दुष्कर्म से शुरू हुई यह कश्ती नुमा कहानी कई किनारों को छूती हुई जाती है। एलजीबीटी, दहेज प्रताड़ना के आरोप, भेदभाव लगभग सभी महिलाओं से जुड़ी परेशानियों के दिखाती है। वेबसीरीज में एक पत्नी द्वारा अपने पति पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के बाद अकेली पड़ जाती है। जिसके बाद उसकी जेठानी उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उसका साथ देती है।

### इंटरनेट पर मिल रहे अलग-अलग रिएक्शन

वेब सीरीज 'चिरैया' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद यूजर्स ने अपनी राय एक्स पर रखी। पहले यूजर ने ट्वीट किया- 'यह फिल्म हमें अंदर तक चौंका देती है।'

दूसरे यूजर ने लिखा ' इस सीरीज को देखने के बाद मैं खुद को पोस्ट करने से रोक नहीं पाई। फिल्म को दिव्या निधी शर्मा ने काफी अच्छी तरह लिखा है। साथ ही शशांत शाह ने इसका बेहतरीन निर्देशन किया है। इन दोनों को इतना महात्वपूर्ण टॉपिक सामने लाने के लिए शुक्रिया'

अन्य यूजर ने कहा 'एक ऐसी कहानी जो हर चीज पर सवाल उठाती है। वेबसीरीज चिरैया गहरी जड़ों वाली मान्यताओं को चुनौती देती है। दर्शक देखें और खुद फैसला करें।



कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं और उसके तेज गेंदबाज आकाश दीप आईपीएल से बाहर हो गए हैं। आकाश को चोट लगी थी और वह समय से फिट नहीं हो सके।

# केकेआर के लिए मुश्किलें कम नहीं, हर्षित के बाद आकाश दीप भी आईपीएल के पूरे सीजन से हुए बाहर

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए और अब एक अन्य तेज गेंदबाज आकाश दीप भी टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। आकाश दीप चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। खिलाड़ियों की चोट का सबसे ज्यादा प्रभाव केकेआर पर ही पड़ा है।

### मुंबई के खिलाफ शुरू करेगी अभियान

आईपीएल 2026 का सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है, लेकिन केकेआर पर दबाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हर्षित और आकाश दीप जहां पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं, तो वहीं, श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिला है। यह तय है कि वह भी शुरूआती कुछ मैचों में केकेआर के लिए उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। आईपीएल में केकेआर अपने अभियान की शुरूआत 29 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी।



### केकेआर के पास विकल्प कम

खिलाड़ियों की चोटों ने आईपीएल टीमों की चिंता बढ़ा दी है। 28 मार्च से शुरू होने वाले टूनार्मेंट से पहले हर्षित राणा और आकाश दीप समेत पांच खिलाड़ी पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। खिलाड़ियों के बाहर होने का सबसे ज्यादा असर हैदराबाद और कोलकाता पर पड़ा है। हर्षित राणा पहले से ही बाहर थे और अब टीम को आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिल सकेंगी। केकेआर के पास फिलहाल वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक और कार्तिक त्यागी ही भारतीय तेज गेंदबाज के तौर पर उपलब्ध हैं। हालांकि, टीम के पास कुछ ओवर कराने के लिए ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन उपलब्ध रहेंगे।

### आकाश दीप का आईपीएल करियर

आकाश दीप ने 2022 में आईपीएल में डेब्यू किया था और वह अब तक 14 मैच ही खेल चुके हैं। आईपीएल में आकाश दीप के नाम 10 विकेट हैं। पिछले सीजन वह लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा थे जिन्होंने आकाश दीप को 2025 के लिए हुई नीलामी में आठ करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन एक सीजन के बाद ही रिलीज कर दिया था। 29 वर्षीय बंगाल के तेज गेंदबाज को केकेआर ने पिछले साल हुई मिनी नीलामी में एक करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था।

# जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

## खेलेगी दो मैचों की टी20 सीरीज; बीसीसीआई ने जारी किया कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम इस साल जून में आयरलैंड का दौरा करेगी। इस दौरान टीम आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीरीज का कार्यक्रम शनिवार को घोषित कर दिया है। इससे पहले भारत 2018, 2022 और 2023 में भी आयरलैंड का दौरा कर चुका है। यानी आठ साल में कुल तीन बार टीम आयरलैंड दौरे पर गई है।



### बेलफास्ट में खेले जाएंगे मुकाबले

सीरीज के दोनों मुकाबले बेलफास्ट में होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि 2007 के बाद पहली बार होगा जब भारत बेलफास्ट में मुकाबले खेलेगा। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 26 जून और दूसरा टी20 28 जून 2026 को खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होंगे।

### अफगानिस्तान-इंग्लैंड से भी खेलनी है सीरीज

इससे पहले आयरलैंड हाई परफोर्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस सीरीज की पुष्टि की थी, लेकिन अब बीसीसीआई ने भी आधिकारिक तौर पर इसका एलान कर दिया है। आईपीएल 2026 के बाद भारतीय टीम जून में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। यह दौरान एक से 19 जुलाई तक होगा।

वेस्ट ने कहा था, टी20 विश्व कप 2028 का क्वालिफिकेशन पक्का है, इसलिए पॉल स्टर्लिंग ने टी20 कप्तान का पद छोड़ने का फैसला लिया है। इससे नए कप्तान को अपनी शैली और नीति के तहत चलने का मौका मिलेगा जिसकी शुरूआत जून में भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से होगी।

## आरसीबी ने आईपीएल 2026 के लिए तैयारी शुरू की

**बंगलूरू।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम इस बार खिताब का बचाव करने उतरेगी और आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। आरसीबी का 28 मार्च को टूनार्मेंट के पहले मैच में सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच और पूरे सीजन में अच्छे प्रदर्शन के लिए आरसीबी कैंप में खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं।

अभ्यास सत्र के दौरान दिग्गज खिलाड़ी और टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साथी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया और बिना समय गंवाए अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने की अपील की। कोहली ने कहा कि खिताब का बचाव करने के लिए हमें काफी बेहतर तैयारी के साथ मैदान पर उतरना पड़ेगा। आरसीबी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभ्यास सत्र का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें विराट कोहली टीम के बाकी खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए दिखाई दिए।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पांच सौ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर का झांसा देकर मोबाइल लेकर भाग गए बदमाश

**इंदौर।** इंदौर में मोबाइल छिनने का एक नया और चौंकाने वाला तरीका सामने आया है। हीरा नगर इलाके में बदमाशों ने 500 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर का झांसा देकर युवक का मोबाइल झपट लिया और फरार हो गए। हीरा नगर पुलिस के मुताबिक, मिलन गार्डन के पास पान की गुमटी पर हुई इस घटना में 35 वर्षीय देवेंद्र पिता अर्जुन सिंह परिहार की शिकायत पर बाइक सवार तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि तीन युवक बाइक से उसके पास आए। इनमें से एक के सिर पर जूड़ा बना हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें तुरंत 500 रुपए नकद चाहिए और वे उसके बदले ऑनलाइन ट्रांसफर कर देंगे। देवेंद्र उनकी बातों में आ गया और पैसे देने को तैयार हो गया। आरोपियों ने कहा कि उन्होंने 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। इस पर जब देवेंद्र अपने मोबाइल में पैसे चेक करने लगा, तभी बदमाशों ने उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया और बाइक से फरार हो गए। घटना के दौरान देवेंद्र ने आरोपियों का बाइक नंबर नोट कर लिया। घटना के बाद पीड़ित ने हीरा नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### 15 बकरियां ढूंढेगी इंदौर पुलिस, मालिक बोला- मैंने रात को खुले में बांधी

**इंदौर।** चोर अब सोने-चांदी के अलावा अब जानवर भी चोरी कर रहे है। ऐसा ही एक मामला इंदौर के लसूड़िया इलाके में सामने आया। जहां चोर घर के बाड़े से 15 बकरियां चोरी कर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर बकरियों की तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक इलपी (24) पिता प्यार सिंह बुंडढ निवासी नाथ मोहल्ला, ओमेक्स सिटी बायपास की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ शुक्रवार को कायमी की। युवक ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात को उनके द्वारा पाली गई 15 बकरियों को घर के पीछे बने बाडे. में बंद कर दिया था। जिसके बाद परिवार के लोग भी आराम करने चले गए थे। बारिश होने पर वह रात करीब 2 बजे उठा और बाड़े में जाकर बकरियों को चेक किया तो वहां पर सभी बकरियां मौजूद थी। जिसके बाद वह दोबारा घर में सोने चला गया था। सुबह जब वह उठा तो बाडे.में 15 बकरियां नहीं थी। इधर, बाड़े में बकरियां नहीं होने पर युवक और परिवार के लोगों ने बकरियों को जगह-जगह तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। जिसके बाद वह लसूड़िया थाने पहुंचा और अज्ञात चोर के खिलाफ उसके केस दर्ज करवाया। इधर, पुलिस ने भी मामले में कायमी कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑटोडील बंद कर भागा संचालक, बैंक से कॉल आने के बाद हुआ मामले का खुलासा

**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा में एक ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक ऑटोडील से स्कूटर फायनेंस कराने के बाद पीड़ित ने पूरे रुपए जमा कर दिए। जब उसे बैंक से फायनेंस खत्म होने के बाद किश्तों को लेकर कॉल आने लगे तो उसने मौके पर जाकर देखा तो यहां पर ऑटोडील बंद हो चुका था। जानकारी निकाली तो पता चला कि उसने कई लोगों से रुपए लेकर नहीं चुकाए। मामले में पीड़ित ने थाने आकर शिकायत की। इसके बाद एफआईआर की गई। पुलिस के मुताबिक मनोज बुरहाने निवासी रामनगर की शिकायत पर दीपक शर्मा और रेणु शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर की गई है। मनोज ने बताया कि उसने क्लर्क कॉलोनी में श्याम मोटर्स से 9 महीने पहले जूपिटर स्कूटर फायनेंस पर ली थी। जिसमें 22 हजार रुपए भरे थे। इसके दो से तीन माह में पूरे रुपए देने की बात कही थी। तब दीपक शर्मा ने 80 हजार देने के बाद एनओसी देने की बात कही थी। जिसमें अंकाउट से कुछ किश्तें कटीं, लेकिन इसी बीच 17 मार्च 2025 को 49 हजार 5 सौ रुपए नकद जमा करने के बाद 22 अप्रैल को 28 हजार 5 सौ रुपए और जमा कर दिए। तब दीपक से एनओसी मांगी तो उसने एक दो किश्तें बांउस होने की बात करते हुए पेमेट अंकाउट में डालकर एनओसी देने की बात कही। इसके बाद दीपक ने कॉल कर 2 हजार ओर मांगे और एनओसी देने की बात कही। तब गांव में होने के चलते एक सप्ताह बाद शोरूम पर पहुंचा। यहां पर शोरूम बंद हो चुका था।

### तीन हजार ई-रिक्शा के बीमा और रजिस्ट्रेशन नहीं, ये हो सकते हैं बंद

**इंदौर।** ई-रिक्शाओं के लिए नया सिस्टम लागू होने पर शहर में चल रहे करीब तीन हजार ई-रिक्शा बंद हो सकते हैं। इन रिक्शा वालों के पास बीमा व रजिस्ट्रेशन नहीं है। शहर में लगभग 10,500 ई-रिक्शा चल रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या अवैध हैं। जानकारी के अनुसार, शहर में ई-रिक्शा ही नहीं, 4 हजार से अधिक सीएनजी ऑटो भी नियमों के दायरे में आ सकते हैं। इनमें से कई वाहनों के पास बीमा और फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं हैं। ऐसे में इन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। एसीपी सुप्रिया चौधरी के अनुसार इस अभियान के दौरान बिना कागज के चल रहे ई-रिक्शाओं और सीएनजी ऑटो को जब्त किया जाएगा।

### पूर्व सांसद नकुल नाथ आज इंदौर में

**इंदौर।** पूर्व सांसद नकुल नाथ आज 2 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सबसे पहले पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास स्थान पर जाएंगे। उसके पश्चात दोपहर 2.30 बजे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री विनय बाकलीवाल के निवास स्थान गीता भवन पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं सौजन्य भेंट करेंगे।

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

### स्टेट बार काउंसिल चुनाव: सूची जारी होते ही लॉबिंग तेज, 12 मई को मतदान, 24 मार्च को आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख

# इंदौर के 15 वकील मैदान में उतरने की तैयारी में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक वकीलों ने लॉबिंग शुरू कर दी है। इंदौर से करीब 15 वकीलों के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। इनमें कुछ वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व में स्टेट बार काउंसिल के सदस्य भी रह चुके हैं।

मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव की आधिकारिक घोषणा सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के पालन में की गई थी। यह निर्णय रिट याचिका एम. वरधान बनाम भारत संघ एवं अन्य तथा संबंधित प्रकरणों में 18 नवंबर 2025, 4 फरवरी 2026 और 16 फरवरी 2026 को पारित आदेशों के अनुपालन में लिया गया।

चुनाव कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी को अधिसूचना जारी की गई थी, जबकि 16 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ। इसके बाद से ही संभावित प्रत्याशियों ने मतदाताओं को साधने के प्रयास तेज कर दिए हैं। वकील बड़े कार्यालयों को विशेष रूप से टारगेट कर रहे हैं, जहां एक साथ 15 से 25 वोट मिलने की संभावना रहती है। कुछ प्रत्याशी डिजिटल और सोशल मीडिया के जरिए प्रचार कर रहे हैं, तो कुछ वकीलों के बीच छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर समर्थन जुटा रहे हैं। इंदौर से जिन नामों की चर्चा प्रमुखता से हो रही है, उनमें नरेंद्र जैन, जय हार्डिया, सुनील गुप्ता, विवेक सिंह, अखिलेश सक्सेना, केपी घनघोई, निमेष पाठक, सीपी पुरोहित, प्रतिभा पप्पी वालिया, प्रीति तिवारी और अपूर्वा शुक्ला शामिल हैं।

चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही वकीलों में हलचल बढ़ गई है। अब निगाहें नामांकन और अंतिम प्रत्याशियों की सूची पर टिकी हैं, जिसके बाद चुनावी मुकाबला और रोचक होने की संभावना है।

#### ईवी चार्जिंग से घर में लगी थी आग

## बिजली कंपनी का दावा-ओवरचार्जिंग से बैटरी बम की तरह फटी, हादसे में 8 जानें गई थीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में हुए ईवी हादसे को लेकर बिजली कंपनी ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। हालांकि इसे अभी आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। शुरूआती रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आग की शुरूआत घर में लगे ईवी चार्जिंग पॉइंट से हुई थी।

जानकारी यह भी सामने आई है कि घर के लिए 15 किलोवॉट का लोड स्वीकृत था, जबकि असल में 2 से 9 किलोवॉट तक ही बिजली का उपयोग हो रहा था। ऐसे में कार चार्जिंग के दौरान ओवरहीटिंग की संभावना कम बताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में जिम्मेदारी से बचने के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

**स्मार्ट मीटर के डेटा में देर रात ईवी चार्जिंग की पुष्टि-** बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, अब तक की जांच में सामने आया है कि ओवरचार्जिंग के कारण इलेक्ट्रिक कार की बैटरी बम की तरह फट गई। घटना के समय कार चार्जिंग पर लगी हुई थी, जिसकी पुष्टि स्मार्ट मीटर के डिजिटल डेटा से हुई है। कंपनी ने पिछले तीन महीनों का मिनट-टू-मिनट डेटा निकालकर यह रिपोर्ट तैयार की है।

#### चार्जिंग के दौरान ऑटो कट-ऑफ के बाद ब्लास्ट

शुक्रवार को बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री डीके तिवारी, फायर सेफ्टी विशेषज्ञ विद्या फूलमानी, उपमन्यु साहू और टीआई मनीष लोधा की टीम ने देर रात तक जांच की और रिपोर्ट तैयार की। अधिकारियों के मुताबिक, कार रोज रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक चार्जिंग पर रहती थी। हादसे वाली रात भी यही क्रम रहा। बताया गया कि तड़के चार्जिंग के दौरान कार में पावर ऑटो कट-ऑफ हुआ, लेकिन करीब आधे घंटे बाद फिर से चार्जिंग शुरू हो गई। इसके बाद जोरदार ब्लास्ट हो गया।

#### प्रॉपर्टी गाइडलाइन को लेकर सुझाव

## 5 साल पुरानी मल्टी के लिए भी बाजार मूल्य घटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जिले में प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन के लिए दावे-आपत्ति का दौर जारी है। शनिवार को आपत्तियां लगाने का आखिरी दिन था। कुछ लोगों का सुझाव है कि 5 वर्ष से पुरानी मल्टी के लिए भी बाजार मूल्य पर छूट का प्रावधान हो। 10 वर्ष पुरानी पर 10% और 20 वर्ष पुरानी पर 20% छूट दी जाए।

वरिष्ठ अधिवक्ता देवीप्रसाद शर्मा के मुताबिक गाइडलाइन 2026-27 के लिए प्रस्तावित गाइड लाइन में कई खामियां हैं। शुक्रवार को वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजुलता पटेल को पंजीयन कार्यालय अभिभाषक समिति



सदस्यों ने भी आपत्तियां दर्ज करवाई है।

अभिभाषक पंजीयन कार्यालय अभिभाषक समिति सदस्य प्रमोद कुमार द्विवेदी, पं. देवीप्रसाद शर्मा, निधि डाले, अशोक चेलावत, प्रकाश वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा एवं रियल एस्टेट एसोसिएशन के पीयूष वाजपेयी, तपन जैन, प्रकाश राठी, बबलू नागर ने भी संयुक्त रूप से आपत्तियां दर्ज करवाई हैं।

#### आवासीय दरों को न्यायसंगत कर कम किया जाए

**आवासीय बनाम व्यावसायिक दर** व्यावसायिक बहुमंजिला भवनों के मूल्यांकन में आवासीय दरें अधिक होने पर उन्हें मान्य करना अनुचित है। आवासीय दरों को न्यायसंगत कर कम किया जाए।

**मंजिलवार छूट** : मुख्य सड़क से दूर स्थित व्यावसायिक संपत्तियों के मूल्यांकन में 15% की छूट केवल तल मंजिल तक सीमित न रखकर, लोअर और अपर ग्राउंड फ्लोर सहित सभी मंजिलों पर लागू हो।

**ग्रीन बेल्ट एवं कृषि भूमि** : मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट या एग्रीकल्चर घोषित भूमि के उपयोग पर पाबंदी होने के कारण, इनकी गाइडलाइन दरों में 50% तक की छूट दें।

#### सिंगर करण औजला कॉन्सर्ट

## कार्यक्रम से पहले नगर निगम ने जब्त किया सामान



### 6.5 लाख रुपये तक के टिकट बिके

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में शनिवार को पंजाबी पॉप स्टार करण औजला अपने 11 शहरों के म्यूजिकल टूर पी-पॉप कल्चर के तहत शहर में लाइव परफॉर्म करने जा रहे थे। औजला शुक्रवार देर रात इंदौर पहुंच चुके थे और आज सी21 ग्राउंड में उनका कॉन्सर्ट का आयोजन रखा था। यह पहला मौका है जब वे इंदौर में लाइव प्रस्तुति देने वाले थे।

इधर, कार्यक्रम से पहले नगर निगम की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम स्थल से साउंड सिस्टम और अन्य सामान जब्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक आयोजकों ने अब तक मनोरंजन कर जमा नहीं कराया था, जिसके चलते निगम ने यह कदम उठाया।

निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्टेज पर लगे साउंड सिस्टम समेत कई उपकरण एक-एक कर वाहन में भर लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ लोगों ने टीम को रोकने की कोशिश भी की, लेकिन अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए कार्रवाई जारी रखी।

**120 फीट लंबा स्टेज तैयार-** कॉन्सर्ट के लिए करीब 120 फीट लंबा विशाल स्टेज तैयार किया गया है। औजला की एंट्री हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म के जरिए होगी। बैकस्टेज में बड़ी एलईडी स्क्रीन और हाई-एंड लाइटिंग इफेक्ट्स लगाए गए हैं, जिससे पूरा शो विजुअली ग्रैंड नजर आएगा। इस इवेंट के लिए मुंबई से विशेष टेक्निकल टीम बुलाई गई है। औजला शो से करीब तीन घंटे पहले वेन्यू पर पहुंचकर साउंड चेक और रिहर्सल करेंगे। उनके लिए होटल जैसी सुविधाओं वाला अस्थायी लग्जरी रूम भी तैयार किया गया है।

**22 डांसर्स के साथ 2 घंटे का शो-** करीब दो घंटे के इस हाई-एनर्जी कॉन्सर्ट में करण औजला के साथ 22 प्रोफेशनल डांसर्स भी स्टेज पर परफॉर्म करेंगे। शो के दौरान एक छोटा इंटरवल भी रखा गया है। दर्शकों को एलईडी रिस्टबैंड दिए जाएंगे, जो म्यूजिक के साथ सिंक्रोनाइज होकर पूरे ग्राउंड को जगमगा देंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाइन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com